आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क नo =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 100 ● नई दिल्ली, शनिवार, 15 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 14 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 एम्स निर्माण संघर्ष समिति के तत्वावधान में पूर्व सांसद ...

## ख़ास ख़बर

### राष्ट्रपति ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए भारत के तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी और कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है। इसके लिए इसरो, टीम और उन सभी को शुभकामनाएं, जिन्होंने इस कार्य को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया।

### *विधि आयोग ने यूसीसी पर रायशुमारी की तारीख 28 जुलाई तक बढ़ाई*

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर जनता की प्रतिक्रियाएं आमंत्रित किए जाने की समय सीमा शुक्रवार को 28 जुलाई तक बढ़ा दी। आयोग ने यूसीसी पर संगठनों और जनता से 14 जून को प्रतिक्रियाएं आमंत्रित की थी। प्रतिक्रिया भेजने की एक महीने की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो गई, जिसके बाद इसे बढ़ा दिया गया है। विधि आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा, समान नागरिक संहिता विषय पर जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त होने तथा इसके लिए समय बढ़ाने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए आयोग ने संबंधित हितधारकों से विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए समय सीमा को दो सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### लगता है कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर मौन व्रत पर रहने की शपथ ले ली है: कांग्रेस

**नई दिल्ली।**कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए पेरिस से गृह मंत्री अमित शाह को फोन करना अच्छी बात है, लेकिन उन्होंने अमेरिका के दौरे के समय मणिपुर हिंसा को लेकर ऐसा क्यों नहीं किया था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर पूरी तरह मौन व्रत पर रहने की शपथ ले ली है।उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री ने दिल्ली में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए पेरिस से गृह मंत्री को फोन किया।

## बिहार विधानमंडल के दोनों सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित

**एजेंसी/ पटना**

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों का मानसून सत्र के बाद शुक्रवार को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन की शुरूआत 10 जुलाई से हुई थी जो काफी हंगामेदार रहा। बिहार विधानमंडल के इस सत्र के दौरान महागठबंधन सरकार की नई शिक्षक भर्ती नीति, भ्रष्टाचार और राज्य में बढ़ती बेरोजगारी सहित कई मुद्दों पर विपक्ष और राज्य सरकार के बीच गतिरोध देखा गया। इसके अलावा विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को राज्य की राजधानी पटना में नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज के कारण भाजपा नेता की मौत पर भी दोनों सदनों में हंगामा किया।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने अंतिम दिन के भोजनावकाश के बाद सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। उन्होंने बताया कि विधानसभा में कुल मिलाकर 823 प्रश्न प्रस्तुत किए गए जिनमें से 704 को मंजूरी दे दी गई, 99 ध्यानाकर्षण सूचनाओं और प्रश्नों के माध्यम से जन कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

## कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग की जांच के लिए भाजपा ने गठित की समिति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में पार्टी नेताओं के एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल के इस्तेमाल की जांच के लिए शुक्रवार को सांसदों की चार सदस्ईय समिति गठित की।भाजपा ने आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार को पुलिस लाठीचार्ज में उसके एक सदस्य विजय सिंह की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।

पार्टी ने एक बयान में कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास उच्च स्तरीय जांच समिति के संयोजक होंगे। विष्णु दयाल राम,



मनोज तिवारी और सुनीता दुग्गल इसके अन्य सदस्य होंगे।

यह उल्लेख करते हुए कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पुलिस की बर्बरता और राज्य सरकार की तानाशाही वाली मानसिकता की कड़ी निंदा की है, पार्टी ने कहा कि समिति जल्द ही पटना का दौरा करेगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।भाजपा ने इससे पहले कहा था कि पार्टी के जहानाबाद जिला महासचिव विजय सिंह की पटना में कथित तौर पर पुलिस लाठीचार्ज में मौत नीतीश कुमार सरकार की पूर्व नियोजित साजिश है ताकि राज्य के लोगों को उनके अधिकारों और न्याय की मांग करने से रोका जा सके।

पटना में जिला प्रशासन ने एक बयान जारी कर कहा था कि उनके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। बयान में दावा किया गया है कि सिंह छज्जू बाग इलाके में सड़क किनारे बेहोश पाए गए जहां से उन्हें राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच ले जाया गया।

चंद्रयान-3अभियान

## चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण सफल, 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग की योजना

**प्रक्षेपण देखने वाले दर्शक चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशी से झूम उठे और वैज्ञानिकों ने तालियां बजाईं।**

**इस सफलता के बाद अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा।**

**एजेंसी/ श्रीहरिकोटा**

भारत ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। इस अभियान के तहत चंद्र सतह पर एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। इसमें सफलता मिलते ही भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा और यह इस तरह का कीर्तिमान स्थापित करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर किए जाने की योजना है। पंद्रह साल में इसरो का यह तीसरा चंद्र मिशन है।

गुरुवार शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के अंत में एलवीएम3-एम4 रॉकेट यहां स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से शुक्र अपराह्न 2.35 बजे निर्धारित समय पर धुएं का घना गुबार छोड़ते हुए शानदार ढंग से आकाश की ओर रवाना हुआ। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद प्रणोदन मॉड्यूल रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गया और यह चंद्र कक्षा की ओर बढ़ते हुए पृथ्वी से 170 किमी निकटतम और 36,500 किमी सुदूरतम बिंदु पर एक अण्डाकार चक्र में लगभग पांच-छह बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा।एलवीएम3-एम4 रॉकेट अपनी श्रेणी में सबसे बड़ा और भारी है जिसे वैज्ञानिक फैट बॉय या बाहुबली कहते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन पर लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत आई है।प्रक्षेपेण देखने के लिए मौजूद हजारों दर्शक चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशी से झूम उठे और सफल प्रक्षेपण के बाद वैज्ञानिकों ने तालियां बजाईं।



### चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर अमित शाह ने वैज्ञानिकों को बधाई दी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण की शुक्रवार को सराहना की और कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास ने भारत को एक उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा की पटकथा लिखने के रास्ते पर प्रेरित किया है, जिसका जश्न आने वाली पीढियां मनाएंगी।इसरो ने श्रीहरिकोटा में भारी-भरकम एलवीएम 3-एम 4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया।शाह ने ट्वीट किया, भारत ने आज चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के साथ अपनी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा शुरू की। इसरो के वैज्ञानिकों को मेरी हार्दिक बधाई, जिनके अथक प्रयास ने आज भारत को एक उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा की पटकथा लिखने के रास्ते पर प्रेरित किया है, जिसका जश्न आने वाली पीढ़ियां मनाएंगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया।

### चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद कहा कि यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय है। उन्होंने इस उपलब्धि को वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण बताया।मोदी ने यान के प्रक्षेपण के तत्काल बाद एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मोदी ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारतीय अंतरिक्ष के क्षेत्र में 14 जुलाई 2023 का दिन हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा तथा यह राष्ट्र की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा। चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण शुक्रवार को अपराह्न 2.35 बजे किया गया।



### सभी दलों के नेताओं ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण की सराहना की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश के विभिन्न दलों के नेताओं ने शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय बताया वहीं राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।इसरो ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया। कल शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के अंत में एलवीएम3-एम4 रॉकेट यहां स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से अपराहन 2.35 बजे निर्धारित समय पर धुएं का घना गुबार छोड़ते हुए शानदार ढंग से आकाश की ओर रवाना हुआ। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है। इसके लिए इसरो, टीम और उन सभी को शुभकामनाएं, जिन्होंने इस कार्य को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### भाजपा कार्यकर्ता की मौत का राजनीतिक लाभ उठा रही है : जद(यू)

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए जानबूझकर उसके एक कार्यकर्ता की मौत को पटना में पुलिस लाठीचार्ज से जोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजनीतिक लाभ के लिए उसकी मृत्यु को मुद्दा बना रही है।जद(यू) प्रवक्ता राजीव रंजन ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का अपने मकसद के लिए इस्तेमाल करती है और वह उनकी मौत पर भी ऐसा करती है। उन्होंने विपक्षी दल पर हमला बोला, जिसने कथित तौर पर पुलिस लाठीचार्ज में विजय सिंह की मौत के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा है। रंजन ने कहा, भाजपा जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के लिए उसकी (कार्यकर्ता की) मौत को पुलिस लाठीचार्ज से जोड़ रही है। मृत व्यक्ति के साथियों ने कहा है कि वह लाठीचार्ज के दौरान वहां मौजूद भी नहीं था। सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए, जद (यू) नेता ने दावा किया कि सिंह की मौत उस स्थान पर हुई, जो पुलिस लाठीचार्ज की जगह से बहुत दूर है।

### पटना में कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज ने जनरल डायर की याद दिलाई: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तुलना 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार में शामिल ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर से की और पटना में कथित तौर पर पुलिस लाठीचार्ज में पार्टी के एक नेता की मौत के बाद उनके इस्तीफे की मांग की।पार्टी ने बिहार में जहानाबाद जिले के उसके महासचिव विजय सिंह की बृहस्पतिवार को विधानसभा मार्च के दौरान कथित पुलिस लाठीचार्ज में हुई मौत को राज्य सरकार की पूर्व नियोजित साजिश का नतीजा करार देते हुए कहा कि पुलिस से लाठीचार्ज इसलिए कराया गया ताकि बिहार के लोगों को उनके अधिकारों और न्याय की मांग करने से रोका जा सके। संवाददाताओं को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा इस हत्याकांड के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने और उन्हें सजा देने के अलावा छात्रों, शिक्षकों, किसानों और महिलाओं के खिलाफ लिए गए सभी नीतिगत फैसले वापस लेने की मांग की।

## शीर्ष अदालत के नोटिस के बाद बागी विधायकों की अयोग्यता मामले की प्रक्रिया तेज होनी चाहिए: प्रभु

**एजेंसी/ मुंबई**

अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को जारी उच्चतम न्यायालय के नोटिस के बाद उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने वाले 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए।

इससे पहले दिन में उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से जवाब मांगा, जिसमें जून 2022 में राज्य में सरकार गठन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने वाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं का जल्द निपटारा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधायक सुनील प्रभु की याचिका पर सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय को इस संबंध में नोटिस जारी किया। प्रभु ने वर्ष 2022 में पार्टी से बगावत करने वाले शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं दायर की थीं। प्रभु ने पीटीआई-भाषा से कहा, विधानसभा अध्यक्ष को उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी नोटिस के बाद महाराष्ट्र के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने की प्रक्रिया में तेजी आनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष से अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय देने में देरी के कारण भी पूछे हैं।

शिवसेना (यूबीटी) की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर शीर्ष अदालत के 11 मई के आदेश के बावजूद अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी कर रहे हैं।

## बेरोजगारी को लेकर विमर्श गलत : राजीव चंद्रशेखर

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि देश में बेरोजगारी को लेकर जो विमर्श है, वह सही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार 2014 में सत्ता में आने के बाद से विरासत में मिली समस्याओं से निपट रही है। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने के समय कार्यस्थलों पर 42 करोड़ लोगों में से 31 करोड़ लोग कुशल नहीं थे।केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री ने कहा, बेरोजगारी को लेकर जो विमर्श है, वह सही नहीं है क्योंकि बहुत सारी नौकरियां और सूक्ष्म-उद्यम क्षेत्र में अवसर पैदा हो रहे हैं, लेकिन उनके लिए कौशल की जरूरत है। चन्द्रशेखर ने स्किल इंडिया की पायलट परियोजना के तहत जम्मू-कश्मीर की नमदा कला वस्तुओं की पहली खेप को ब्रिटेन के लिए रवाना करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा, ...और बहुत से भारतीय आज खुद को नुकसान की स्थिति में इसलिए पाते हैं क्योंकि 2014 के



आसपास, कार्यबल में 42 करोड़ भारतीयों में से 31 करोड़ कुशल नहीं थे। आजादी के 65 साल बाद चार में से तीन भारतीयों को कार्यस्थल में कौशल के बिना अपने भाग्य पर छोड़ दिया गया था और पिछले नौ साल से हम इससे निपट रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, एक प्रकार से, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में कौशल के माध्यम से विरासत में मिली समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में अगर कोविड-19 महामारी के 2.5 वर्षों को हटा दें, तो 6.25 करोड़ युवा भारतीयों को मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कुशल बनाया गया है।

## अजित पवार ने महाराष्ट्र के वित्त एवं योजना मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला

**एजेंसी/ मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के आठ अन्य नेताओं के साथ शपथ लेने के लगभग दो सप्ताह बाद शुक्रवार को राज्य के वित्त एवं योजना मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। एक बयान में कहा गया कि विभागों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही उन्हें वित्त और योजना विभाग के दो सचिवों ने सूचना दी। शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी से अलग होने के बाद, अजित पवार और आठ अन्य



राकांपा नेताओं ने दो जुलाई को मंत्री पद की शपथ ली थी और शुक्रवार को उनके विभागों का बंटवारा किया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, धनंजय मुंडे को कृषि विभाग दिया गया है, जबकि दिलीप वाल्से-पाटिल नए सहकारिता मंत्री होंगे।

बयान के अनुसार, मंत्री बने अन्य राकांपा नेताओं में हसन मुशरिफ को चिकित्सा शिक्षा, छगन भुजबल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, धर्मराव अत्राम को खाद्य एवं औषधि प्रशासन, संजय बनसोडे को खेल, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास तथा अनिल पाटिल को राहत, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### *बिहार विधानमंडल परिसर, कई सरकारी दफ्तर जलमग्न*

**पटना।** पटना शहर में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण बिहार विधानमंडल परिसर सहित कई इलाकों में पानी भर गया। पटना शहर में शुक्रवार को (शाम 5.30 बजे तक) औसतन 35.7 मिमी बारिश के बाद राज्य की राजधानी के विभिन्न इलाकों में जलभराव हो गया। शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर कीचड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। बहरहाल, पटना नगर निगम (पीएमसी) और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दावा किया।

**मामला** पुरातात्विक व वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका

## ज्ञानवापी परिसर का फैसला 21जुलाई को आएगा

### ज्ञानवापी मस्जिद के पूरे परिसर का एएसआई से सर्वे कराने का आग्रह

**एजेंसी/ वाराणसी**

उत्तर प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप स्थित मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में पूरे ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक जांच कराने की मांग से संबंधित मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। वाराणसी के



जनपद न्यायाधीश ए के विश्वेश ने शुक्रवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई तक के लिए फैसले को सुरक्षित रख लिया। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया, हमने वजुखाने को छोड़ कर सम्पूर्ण ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक और वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की मांग अदालत के समक्ष रखी थी। आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। जैन ने बताया कि अपनी दलील में उन्होंने अदालत से कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर - ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को पूरे मस्जिद परिसर की पुरातात्विक जांच द्वारा ही हल किया जा सकता है।

# ख़ास ख़बर

## ठनका गिरने से शंभू मेहता का भैंस मर गई



**उदाकिशुनगंज।**उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में शुक्रवार के दिन ठनका गिरने से शंभू मेहता पिता लक्ष्मण मेहता वार्ड नंबर 7 का भैंस मर गई। घर के बगल में एक वृक्ष के नीचे बथान पर भैंस बंधी हुई थी।हुआ था एकाएक आंधी बारिश के कारण वहां से पशुपालक वहां से भैंस द्मश्हह्टा नहीं सके ।घटनास्थल पर मधुबन ग्राम पंचायत के उप मुखिया कुमोद कुमार पहुंच कर उन्हें सांत्वना दी एवं पशु चिकित्सक ,अंचल अधिकारी से बात कर इन्हें उचित मुआवजा दिलाने की मांग की ताकि गरीब किसान को कुछ राहत मिल सके।

## अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में कोसी में भी छात्र की तुलना में छात्राएं आगे



**मधेपुरा।**शुक्रवार 14 जुलाई 2023 को बरसात के भीषण दौरान छात्राओं द्वारा स्नातक पार्ट टू 2023 का फॉर्म भरने के लिए विभिन्न जगहों से कॉलेज पहुंच गई।मुरलीगंज, बभनगामा,भीमनगर ,बीरपुर सरायगढ़, सुपौल से लड़कियां मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा प्रातः 8:30 पहुंचकर अपनी जज्बा दिखाने का काम किया। प्रातः 9:00 बजे से ही मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के उप प्रधानाचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा छात्राओं के प्रपत्र पर आदेश करते हुए दिखे एवं डॉ बृजेश कुमार मंडल छात्राओं का प्रपत्र जांच करते मुस्तैद रहे। यह गर्व की बात है कि कोसी में भी छात्र के बनिस्पत छात्राएं काफी आगे अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में चल रही है। श्री कृष्ण विश्वद्यालय उदाकिशुनगंज के वीसी सह मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के संस्थापक डा.अशोक कुमार,प्रधानाचार्य डा.पूनम यादव ने इसके लिए सभी छात्राओं को एवं उनके परिवार को भरपूर सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए बधाई और साधुवाद देती है।

## बाढ़ की पानी से ढेंगरी गांव के आंगन डेढ़िया में घुटना भर पानी



**सिकटी।**डेढुआ पंचायत के माननीय मुखिया संतोष कुमार झा ने अपने पंचायत के विभिन्न वार्डो में जाकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया । भ्रमण के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री झा ने बताया कि वार्ड 1 एवं 2 ढेंगरी गाँव की स्थिति काफी दयनीय है। 3 घर बाढ़ में बकरा नदी में समा गये है। वहीं गई घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। मुखिया जी संतोष झा ने बताया की वे अंचल पदाधिकारी ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर पिंड़ित परिवार को राशन पानी की व्यवस्था कराने का विशेष आग्रह किया है।

## आशुतोष रंजन जयनगर थाने के बने नए थाना प्रभारी



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर थाना के नए थाना अध्यक्ष प्रशिक्षु छ्स्कआशुतोष रंजन ने शुक्रवार को विधिवत जयनगर थाने का पदभार संभाला। थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि जयनगर थाना क्षेत्र में शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू करने के साथ साथ क्षेत्र में शांति स्थापित करने और अपराधियों पर नकेल कसने के साथ फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने का काम उनके प्राथमिकता सूची में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक और पुलिस के बीच मधुर संबंध बने इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# नियमित वेतनमान भुगतान के लिए और बड़ा आन्दोलन करें, हम आपके साथ है- विधान पार्षद

### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी विधान सभा के समक्ष किया धरना- प्रर्दशन



**पटना** ।संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों का अधिग्रहण/ घाटानुदानित करने, शैक्षणिक सत्र 2011-2014 से सत्र 2019-2022 तक का बकाया अनुदान (इंटर खंड सहित) राशि का भुगतान महंगाई की बढ़ी दर पर शत-प्रतिशत करने, महाविद्यालय के आंतरिक श्रोत से आय का 70 प्रतिशत राशि शिक्षाकर्मी के वेतन मद में भुगतान सुनिश्चित करने, संबद्ध डिग्री कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों को प्रोन्नति की सुविधा प्रदान करने, सभी संबद्ध डिग्री कॉलेज को प्रतिष्ठा स्तर पर मान्यता प्रदान करने, सभी संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मियों को भविष्य निधि कोष, कर्मचारी कल्याण कोष, सामुहिक जीवन बीमा एवं सेवा पुस्तिका की सुविधा उपलब्ध कराने, सभी संबद्ध महाविद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात के आधार पर सभी संकायों में अंगिभूत महाविद्यालयों की भांति सीटों की वृद्धि करने,कार्यरत शिक्षाकर्मियों की लम्बी सेवा को ध्यान में रखते हुए उनकी सेवा समय सीमा के अन्तर्गत शीघ्र समायोजित करने यथा, सृजित पदों पर कार्यरत शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सेवा का अनुमोदन करने का निर्देश जारी आदि मांगों को लेकर संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के हजारों शिक्षाकर्मी ने बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) आह्वान पर आज शुक्रवार को बिहार विधान सभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे किया।

आन्दोलन का नेतृत्व फैक्टनेब के प्रधान संयोजक डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, राज्य संयोजक प्रो राजीव रंजन, डा धर्मेंद्र कुमार चौधरी व मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने संयुक्त रूप से किया। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद व फुटाब के अध्यक्ष डा संजय कुमार सिंह एवं कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मियों को नियमित वेतनमान का भुगतान के लिए और बड़ी आन्दोलन की आवश्यकता है, आप संघर्ष करें हम सड़क से सदन तक आपके संघर्ष के साथ है।मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने बताया कि राज्य सरकार एक तरफ संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मियों को शोषण करने की प्रवृत्ति रखती है और दूसरी तरफ बिना वेतन के कार्य कर रहे शिक्षाकर्मियों को वेतन रोकने की धमकी भरा पत्र निर्गत किया जा रहा है।

# प्रखंड के बीआरसी में जारी चहक प्रशिक्षण का डीपीओ द्वय ने किया औचक निरीक्षण

**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार के द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा 1 के विद्यार्थियों हेतु विकसित स्कूल रेडिस मॉड्यूल 'चहक' का कार्यान्वयन प्रारंभ करने के लिए प्रखंड के सभी विद्यालयों के कक्षा एक के प्रधानाध्यापक/ शिक्षकों का बैच वाइज एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बीआरसी छातापुर में दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। मास्टर प्रशिक्षक नरेश कुमार निराला और चंदन कुमार चंदन ने कहा कि इस बैच में अड़तीस प्रशिक्षु शिक्षकों को चहक प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) प्रवीण कुमार और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) महताब रहमानी ने उपस्थित प्रशिक्षु शिक्षकों से चहक प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियाँ प्राप्त किए।उन्होंने मास्टर प्रशिक्षक नरेश कुमार निराला और चंदन कुमार चंदन के द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यालय में पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालय स्तर पर बच्चों को लाभान्वित जरूर करें। डीपीओ द्वय ने कहा कि बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने के साथ-साथ शिक्षकों को खेल खेल के माध्यम से पढ़ाना है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने कहा कि बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाने, शिक्षकों एवं समुदाय से जोड़ने, भाषा व गणित को सरलता से समझाने एवं बच्चों को कौशल विकास के लिए चहक काफी मददगार साबित होगा।मास्टर प्रशिक्षक नरेश कुमार निराला और चंदन कुमार चंदन ने कहा कि पहली कक्षा में दाखिला लेने वाले बच्चे अक्सर विद्यालय आने से डरते हैं या फिर आते हैं तो वह पढ़ाई में रुचि नहीं लेते हैं । ऐसे में चहक कार्यक्रम इन बच्चों को न सिर्फ विद्यालय की ओर आकर्षित करेंगे बल्कि बच्चे को पढ़ने व सिखाने की पद्धति भी रोचक होगी।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु दीपक उरांव, महानंद यादव, रूबी कुमारी, बबीता कुमारी, सुधा रानी, अजय आनंद, सुरेश कुमार यादव, बन्दना कुमारी, इन्दु कुमारी, रानी कुमारी, कुमारी वीणा, सुलेखा देवी, बाला कुमारी, अनिता कुमारी, रिजवाना खातुन, कुमारी किरण रानी, कनक कुमारी, कुन्दन कुमार, हीना प्रवीण, ऋतु कुमारी, दीपक दास, पार्वती देवी, मोहम्मद हसीबुर्रहमान, नसीमा बानो, मोहम्मद रूहुल्लाह, उपेन्द्र चौपाल, जोगेश्वर राम, धीरेन्द्र राज, मंजुला देवी आदि उपस्थित थे।

# गिट्टी लदा ट्रक पलटा, चालक जख्मी, खलासी फरार

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सलखुआ थाना के माठा चौक से फनगो हॉल्ट सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक फनगो हॉल्ट जाने के दौरान कोपरिया गांव वार्ड नं 13 स्थित कारी कुआं के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना में ट्रक चालक जख्मी हो गया।वहीं खलासी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने चालक को इलाज के लिए फनगो हॉल्ट स्तित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि एक गिट्टी लदा ट्रक कोपरिया गांव स्थित पेट्रोल पंप पर तेल लेने के बाद भगता कुआं गाड़ी पीछा करने के लिए आ रहा था। अचानक कारी कुरिया के समीप



सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रक पलटने के बाद ट्रक में ही ड्राइवर के फंसे रहने के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक का आगे का शीशा तोड़ ड्राइवर व खलासी को बाहर निकाला। घटना में ड्राइवर जख्मी हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने जख्मी ड्राइवर को इलाज के लिए पास के फनगो हॉल्ट स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। इस बीच खलासी मौके का फायदा उठा फरार हो गया। घटना की जानकारी पर सलखुआ पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। ड्राइवर व खलासी का पता लगाया जा रहा है।

## कुलानुशासक सह परिसम्पदा पदाधिकारी ने फोर्थ ग्रेड कर्मी जयकृष्ण यादव से पूछा कारण पृच्छा




**मधेपुरा।**बी एन एम यू मधेपुरा के कुलानुशासक सह परिसम्पदा पदाधिकारी ने फोर्थ ग्रेड कर्मी जयकृष्ण यादव से कारण पृच्छा पूछा कि विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित आपके आवास से शराब का बड़ा कारोबार का उद्भेदन हुआ है, जिसकी बरामदी के बाद आपके पुत्र की गिरफ्तारी भी हुई है। आवंटित आवास में यह आपराधिक खेल चल रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इसकी जानकारी आपको भी अवश्य होगी। तो क्यों नहीं इस अवैधानिक कार्य की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन को दी गयी? इस घटना से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और छवि धूमिल हुई है। अतः कारण पृच्छा का जवाब पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित की जाय कि क्यों नहीं इस अवैधानिक कार्य के लिए आपको आवासीय सुविधा से वंचित कर दिया जाय। वैसे भी आठ किलोमीटर की दूरी के अधीन यदि आपका अपना आवास है तो भी आवासीय सुविधा प्रावधानित नहीं है। इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

## 30 लाख से नवनिर्मित छठ घाट चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट एक ही बारिश में हुआ ध्वस्त





**अररिया** ।कुर्साकांटा प्रखंड क्षेत्र के कुआड़ी पंचायत वार्ड संख्या 10 राम जानकी मंदिर के सरकारी तालाब में 4 योजनाओं से बनाई गई लगभग 30 लाख की लागत से नवनिर्मित छठ घाट एक ही बारिश में ध्वस्त हो गया। जब इसकी सूचना गांव वालों को मिली तो छठ घाट पर पहुंचे और सूचना स्थानीय मुखिया को दी मुखिया के पहुंचते ही गांव वाले आग बबूला हो गए मुखिया और गांव वालों में खूब कहा सुनी हुई गांव वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस कार्य में नदी की बालू, घटिया सीमेंट, तीन नंबर ईट का इस्तेमाल किया गया है जिसके कारण 3 महीने में ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। इस कार्य में उन्होंने 20 लाख की गवन करने का आरोप लगाते हुए अररिया डीएम इनायत खान से जांच की मांग की है। इधर छठ घाट निर्माण कार्य के समय में कई बार पदाधिकारीयों ने गुणवत्ता की जांच किए इतनी जांच के बाद भी यह छठ घाट का सीढ़ी भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया।क्या कहते हैं गांव के लोग- वार्ड संख्या 10 निवासी कौशल किशोर मंडल ने कहां की जिस समय छठ घाट का निर्माण हो रहा था उस समय घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था गांव वालों के द्वारा रोका और घटिया सामग्री को दिखाने के लिए एक मीडिया को बुलाया जिसमें मुखिया ने उसके साथ हाथापाई की थी उसके बाद प्रखंड क्षेत्र के लगभग मुखिया आए और बैठक कर कहा एक नंबर काम हो रहा है आप काम कीजिए कौन क्या करेगा देख लेंगे। गांव वालों ने यह भी कहा कि महिला मुखिया होने के कारण दबंग गई दिखाते हुए हरिजन एक्ट की धमकी देते हैं और पंचायत में घटिया सामग्री से निर्माण कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा योजना में काफी लूट-खसूट की गई है।

## 96 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



**सोनवर्षा राज (सहरसा)।**बसनही थाना क्षेत्र के ननोती से पुलिस ने गुरुवार रात्रि गश्ती के दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति को 96 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार रात्रि गस्ती के दौरान हीरो ग्लैमर बाइक पर सवार दो व्यक्ति अमन कुमार पिता भोला यादव एवं रति कुमार पिता नारद यादव घर जम्हरा सोनवर्षा राज सहरसा को 96 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तथा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**काला दिवस** बिहार में जंगल राज 3 का आगमन हुआ है- प्रवीण कुमार

# बिहार के निरंकुश सरकार द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरुद्ध भाजयुमो ने मनाया काला दिवस, किया प्रदर्शन

**फारबिसगंज** ।पटना में गुरुवार को विधानसभा मार्च के दौरान बिहार के निरंकुश सरकार के आदेश पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर गई क्रूरतापूर्ण लाठीचार्ज व हिंसात्मक कार्रवाई के विरुद्ध भाजयुमो फ़ारबिसगंज के आक्रोशित युवा कार्यकर्ताओं ने काला पट्टी लगाकर काला दिवस मनाया

नगर अध्यक्ष किशन शर्मा के अगुवाई व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार के मौजूदगी में स्थानीय गोढियारे चौक पर नीतीश तेजस्वी सरकार के खिलाफ जमकर नारा लागते हुए प्रदर्शन किया।

आक्रोशित कार्यकर्ताओं के गहमा गहमी के दौरान भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि बिहार में जंगल राज 3 का आगमन हुआ है

कल जो सरकार के इशारे पर पुलिसिया गुंडागर्दी हुई है वह आजाद भारत मे निरंकुशता और तानाशाह का एक बड़ा गवाह बनेगा।




कहा कि लोकतंत्र को शर्मसार करते हुए शिक्षकों महिलाओं छात्रों और बिहार के भविष्य को बचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज यह दर्शाता है कि नीतीश सरकार लाठितन्त्र शासन चला कर अंग्रेजों की तरह विरोधियों को कुचलनेकी साजिश कर रही है।

कहा कि सत्ता के घमंड में कुर्सी कुमार ने निहथे कार्यकताओं पर बर्बरतापूर्ण प्रहार कर लोकतंत्र की हत्या की है जिसका माकूल जबाब बिहार की जनता देगीऔर इंसाफ करेगी।

वही भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार जिला मंत्री करण सिंह, विपुल सिंह, नगर उपाध्यक्ष आनंद कुमार ने पुलसिया कारवाई की कड़ी निंदा करते हुए शांतिपूर्ण मार्च पर निर्ममतापूर्वक लाठी बरसाना सरेआम गुंडा गर्दी है और इस गुंडाराज को बिहार की जनता भुगत रही है, कहा कि लाठी गोली की सरकार से हम डरने वाले नही है जोर जुल्म के टक्कर में हमारा सँघर्ष जारी रहेगा, सरकार के इस अत्याचार का जबाब बिहार कि जनता अवश्य देगी।

मौके पर आदित्य शर्मा,वैधनाथ राय, पिंटू ठाकुर, निहाल ठाकुर, मंटू पोद्दार, अतुल कुमार, मनीष कुमार, प्रमोद पासवान सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

## बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, वैश्य विभूति स्व. राजकुमार महासेठ जी का पंचमी पुण्यतिथि समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर के सूड़ी विवाह भवन परिसर में आर. के.महासेठ विचार मंच जयनगर के द्वारा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वैश्य विभूति स्व. राजकुमार महासेठ पंचमी पुण्यतिथि समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश कुमार महासेठ ने किया ।इस मौके पर मौजूद लोगों ने बिहार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजकुमार महासेठ के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।वक्ताओं ने कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता और प्रसिद्ध समाजसेवी थे, साथ ही मिथिलांचल के विकास के लिए वह सतत् प्रयत्नशील रहे।बता दें कि राजकुमार महासेठ बिहार में वैश्य समाज के बड़े नेता के तौर पर जाने जाते रहे हैं। वे मधुबनी से कई बार विधायक रहे हैं।



हालांकि अधिकांश उन्होंने निर्दलीय ही चुनाव लड़ा, लेकिन फिर भी लालू प्रसाद के काफी करीबी रहे।बताया जाता है कि लालू प्रसाद जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने पशुपालन मंत्रालय की जिम्मेवारी राजकुमार महासेठ को दी थी। इसके पीछे बड़ी वजह उनका साफ़-सुथरा व्यक्तित्व था।उल्लेखनीय है कि महासेठ बिहार विधानसभा के तीन बार और बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे। इस मौके पर मधुबनी के दौरिक पूर्वे,बेदा नन्द साह,लदनिया के तुलसी गुप्ता, जयनगर के विश्वम्बर पूर्वे,अनिरुद्ध ठाकुर, डॉ शत्रुधन कारक,डॉ सुनील राउत, उपेन्द्र नायक, प्रदीप प्रभाकर ,प्रवीर महासेठ, बबलु गुप्ता, सुरेंद्र महतो, दीपक खर्गा, पवन कपड़ी, दिनेश पूर्वे, सुमित राउत,पप्पू पूर्वे, संतोष शर्मा, हरेराम चौधरी, दिनेश महतो, शिवशंकर ठाकुर, रामदेव चौधरी, ब्रह्मदेव पूर्वे, शीतल राउत, राजेश कुमार,रामदेव चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या लोग मौजूद थे।

## खास खबर

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस ने प्रतीकात्मक प्रदर्शन कर महंगाई के खिलाफ जताई नाराजगी




**सुभाष चंद्र झा/दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/**शहर के स्थानीय शंकर चौक मंदिर परिसर में शुक्रवार को देश में लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस ने प्रतीकात्मक प्रदर्शन कर महंगाई के खिलाफ नाराजगी जताई।इस धरना-प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने भाजपा नेता राजनाथ सिंह और स्मृति ईरानी के मुखौटा लगा कर वर्ष 2014 से पहले भाजपा के महंगाई के खिलाफ किये प्रदर्शन पर तंज कसते कहा कि आज इन नेताओ को देश में महंगाई दिखता ही नहीं है।युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुदीप कुमार सुमन के नेतृत्व और सहरसा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष बाबुल कुमार सिंह के संचालन में संपन्न कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश में महंगाई की मार इतनी बढी है जबकि वर्तमान केंद्र सरकार मंहगाई और बेरोजगारी को कम करने के नाम पर सत्ता प्राप्त करने का काम किया फिर भी जनता महंगाई से परेशान है। देश में इंसाफ के देवता ईमानदारी के देवता के नाम से कई लोग जाने जाते हैं। लेकिन देश के प्रधानमंत्री महंगाई के देवता के नाम से जाने जाएंगे और भाजपा इसके पुजारी है।इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मृणाल कामेश ,सन्नी ठाकुर,विकास पिंटो,राघव कुमार,सागर,महिला नेत्री रेखा झा,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विराज कश्यप,शिवम सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अपराधी ने मोबाइल पर डीलर से मांगी 2 लाख की रंगदारी, अन्यथा जान से मारने की दी धमकी



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** जिला पीडीएस संघ के महामंत्री,अनुमंडल पीडीएस संघ के अध्यक्ष व सलखुआ थाना के गोरियारी गांव निवासी अरविंद कुमार को असामाजिक तत्वों ने गत 12 जुलाई की शाम मोबाइल नंबर 7050483028 से डीलर के मोबाइल पर धमकी देकर कहा की मैं बसनही गैंग से बोल रहा हूं. तुम दो लाख रुपये रंगदारी दो अन्यथा बासा पर 9 बजे रात्रि में जाकर आग लगा देने के साथ वहां जो रहता है उसे गोली मार देगें. उक्त धमकी से डीलर व परिवार के सदस्य डरे सहमे हुए हैं.डीलर ने उक्त धमकी की बावत सलखुआ थाना सहित वरीय पदाधिकारी को आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा के साथ अपराधी पर कारवाई करने की गुहार लगाई है.इस संबंध में सलखुआ थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने कहा की आवेदन के आधार उक्त मोबाइल नंबर की जांच की जांच रही है.फिलहाल उक्त मोबाइल का स्विच ऑफ आ रहा है.जिस कारण परेशानी हो रही है.इसके अलावे अन्य तरीके से भी सूक्ष्म जांच चल रही है.

# इंडियन आइडल में प्रतिभागी बनें वेदप्रकाश सिंह,ग्रामीणो ने जताया हर्ष



**सहरसा/**जिले के कहरा प्रखंड स्थित बलही तेघरा निवासी पिता स्व संजय सिंह,माता पूनम सिंह के पुत्र वेदप्रकाश सिंह नें गायन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर जिला का नाम गौरवान्वित किया है। वेद प्रकाश सिंह ने इंडियन आइडल का पहला राउंड का ऑडिशन पास कर के दूसरे राउंड का ऑडिशन कोलकाता से दे कर आया है। गुरु स्व शशिभूषण प्रसाद यादव 3 साल कोलकाता में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा गुरु मां विदुषी दलिया रावत से शिक्षा ग्रहण किया।जिसमें उनके बड़े भैया दौलत सिंह और आशुतोष कुमार सिंह का बड़ा योगदान है।वेदप्रकाश ने बताया कि मैं स्थानीय स्तर के साथ-साथ कई बरे महोत्सव के मंच पर अपनी गायकी खास कर सूफी संगीत के माध्यम से दर्शकों के दिलों में जगह बना चुका हूं।वही शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान के रंग निर्देशक कुन्दन वर्मा ने वेद प्रकाश सिंह को गायकी के क्षेत्र में यशस्वी होने की शुभकामनाएं व्यक्त कर बधाई दी।वही उनके सफलता पर ग्रामीण सहित उनके शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दी।

# जिला पदाधिकारी ने जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हॉल में लगे दो एयरकन्डिशनर को भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया



**सुभाष चंद्र झा/दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/** जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा शुक्रवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आनलाइन सह सत्यापन काउंटर पर लाईन में लगे एक छात्र दीपक कुमार से जिला पदाधिकारी द्वारा पूछा गया कि कौन सी योजना का लाभ लेने आए हैं। और इसकी जानकारी कहां से मिली। दीपक कुमार के द्वारा बताया गया कि इस योजना की जानकारी स्कूल से प्राप्त हुई।आगे निरीक्षण के क्रम में दीवाल पर लगे अग्निशामन यंत्र के मैन्यूफेक्चरींग एवं उसमें भरे हुए फ्यूल की जांच अग्निशामन पदाधिकारी से कराने का निर्देश दिया गया। साथ हीं हॉल में लगे दो एयरकन्डिशनर को भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया।वही हॉल में लगे अधिकांश सिलींग फैन बंद पाए जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उसे तुरंत ठीक कराने का निर्देश जिला प्रबंधक को दिया गया। अगली काउंटर जहां विद्यार्थियों से टेलीफोनिक काउंसिलिंग करने वाले कर्मियों से उनके कार्यों के बारे में पूछताछ की गई। साथ हीं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण स्वीकृत होने एवं एकरारनामा के उपरांत राशि प्राप्त करने के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु संबंधित को मोबाईल नम्बर 8986922389 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। समय पर शिक्षा ऋण नहीं चुका पाने की स्थिति में समय बढ़ाने हेतु कार्यालय में प्रत्येक छः महीने पर एफीडीफीड जमा किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को एकरारनामा के समय इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया गया।वही आधार कार्ड अद्यतन कराने हेतु ली जानेवाली राशि के संबंध में उपस्थित अभ्यर्थी से पूछताछ की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बाहर सूचनापट लगी हुई है।उससे सारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निरीक्षण के क्रम में प्रतीक्षालय में बैठे दो अभिभावक के रूप में आये दो छात्रों को उनकी शैक्षणिक योग्यता पूछकर कुशल युवा कार्यक्रम एवं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अब तक कुशल युवा कार्यक्रम में वर्तमान वर्ष में बच्चे उत्साहित होकर अपना पंजीकरण करा रहे हैं। साथ हीं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सुगमता से शिक्षा ऋण प्राप्त होने के कारण इसमें आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। इसके अलावे सभी शिक्षा उत्तीर्ण कर रोजगार ढूंढ़ने वाले युवक युवतियों को प्रतिमाह एक हजार की दर से स्वयं सहायता भत्ता दिया जा रहा है। इस योजना से भी जिले युवक युवती लाभान्वित होकर अपना भविष्य संवार रहे है। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, जिला प्रबंधक डीआरसीसी, सहायक प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा नें मुख्यमंत्री व उप-मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



**सहरसा/**भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा पटना में आयोजित विधान सभा मार्च में शामिल कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज के विरोध में काला दिवस आयोजित किया गया।वही पार्टी द्वारा शंकर चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का शुक्रवार को पुतला दहन किया गया। उस मार्च को विफल करने के लिए साजिशन भारतीय जनता पार्टी के विधायक सांसद प्रदेश के नेता पर लाठीचार्ज किया गया बेरहमी से पिटाई की गई सैकड़ों कार्यकर्ताऔं का सर फुट गया वही सहरसा के भी तीन कार्यकर्ता घायल हुए।जिसमें व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ शशिशेखर झा,जिला मंत्री मनीष कुमार, सौर बजार मंडल अध्यक्ष विकाश कुमार को चिकित्सीय ईलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।वही जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की मृत्यु आंशू गैस के गैस से दम घुटने के कारण बेहोश हो गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया।जहां.चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके खिलाफ सहरसा में पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा ये सरकार नहीं हत्यारी सरकार है। लाठी गोली की सरकार है।पिछले दिनों लगातार सभी छात्रों की पिटाई की गई। किसान सलाहकारों की पिटाई की गई। शिक्षकों की पिटाई की गई। अभ्यर्थियों की पिटाई की गई और जब उनके समर्थन में भाजपा ने शिक्षक अभ्यर्थियों के पक्ष में आवाज बुलंद की तो भाजपा कार्यकर्ताओं पर भी लाठी चार्ज किया गया।

बिहार में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल निति लागू करना होगा। अन्यथा बाहर के छात्र बिहार में शिक्षक बनेंगे लेकिन बिहार के बेरोजगार अभ्यर्थी जो सालों साल से तैयारी कर रहे हैं।वे शिक्षक बनने से वंचित रह जाएंगे।

इससे बिहार को भारी नुकसान होगा।वही बिहार में वैसे ही लाखों नौजवान बेरोजगार हैं।जबकि तेजस्वी ने 10 लाख नौकरी का वादा किया था। वादा नहीं निभाया यह झूठी सरकार है।यह झूठ का बहाना बनाकर शिक्षकों की भर्ती नहीं करना चाहती है। इस नाम पर उनके शिक्षा मंत्री रोज नए नए बयान देते रहते हैं जिससे अफरा-तफरी का माहौल है। शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। इस लाठीचार्ज के द्वारा जो हमारे जिला महामंत्री विजय सिंह की हत्या की गई। बिहार सरकार पटना के पुलिस पर जिला प्रशासन पर और नीतीश पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। जिससे पीड़ित परिवार को सांत्वना मिल सके।

आज के पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह, रितेश रंजन,सिद्धार्थ सिंह सिद्धू,व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ शशिशेखर झा सम्राट, विनय कुमार झा, बिनीत सिंह बिट्टू, रिंकी देवी, राजीव रंजन, सुमित सिन्हा, रघुनंदन शर्मा,भैरव झा, सुगामनी देवी, संतोष गुप्ता, शक्ति गुप्ता, ललन दास, अनुज कुमार बबन, अभिलाष कुमार रविंद्र कुमार झा, जय प्रकाश दास, बजरंग गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन



**सहरसा/**जिला पदाधिकारी वैभव चैधरी की अध्यक्षता में पिछले दिनों जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र,छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) प्रदान करने हेतु प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, जो आरएम कॉलज में संचालित है।डीएम द्वारा इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया।प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जाती है।जिसमें प्रत्येक वर्ष दो बैच का संचालन किया जाता है। प्रत्येक बैच में 60-60 छात्र, छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाता है।वही प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण अवधि 06 माह निर्धारित है।साथ ही केन्द्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अनुमान्य मासिक छात्रवृति,वजीफा का भुगतान 75 प्रतिशत की उपस्थिति रहने दी जाती है। स्थानीय विद्यार्थियों को 1500/-प्रतिमाह तथा जिला के बाहर के विद्यार्थियों को 3000/-प्रतिमाह की दर से छात्रवृति का भुगतान किया जाता है।वही एक छात्र अधिकतम 02 बार प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययन कर सकते है, बशर्ते कि अलग-अलग कोर्स के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पर पुस्तकालय, समाचार पत्र एवं पत्रिका की सुविधा, स्वच्छ पेयजल हेतु आरओ, स्मार्ट बोर्ड सेट, वाईफाई, कम्प्यूटर सेट आदि की व्यवस्था है। प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकण हेतु पात्रता निर्धारित किया गया है।जिसके अंतर्गत छात्र,छात्र की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए।वही बिहार का स्थायी निवासी होनी चाहिए। जाति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत होनी चाहिए।

# एम्स निर्माण संघर्ष समिति के तत्वावधान में पूर्व सांसद ने किया प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण





**सहरसा/** सत्तर कटैया प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत के गोबरगढा में प्रस्तावित 217.74 डिसमिल स्थल का सर्वदलीय नेताओं के साथ पूर्व सांसद आनन्द मोहन ने निरीक्षण किया।उन्होने कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां एयरपोर्ट , पॉवर ग्रीड, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भारत माला सड़क,समाहरणालय, कमिश्नरी मुख्यालय के बगल में इतना सुन्दर जमीन सरकार के सभी मापदंडों को पूरा करती है। ऐसे में यहीं एम्स अस्पताल बनना चाहिए।उन्होने कहा कि 31 जुलाई को सभी सहरसा वासी अपने अपने घर से बाहर निकल जाए तो नीतीश कुमार को सहरसा लाकर हम घोषणा करवाएंगे।एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीण आनंद ने कहा कि यह लड़ाई सहरसा के प्रतिष्ठा की लड़ाई के साथ साथ क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक आवश्यकता है।सहरसा में एम्स बनने से दरभंगा मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय समस्तीपुर सहित अन्यान्य जिलेवासियो को काफी सहुलियत होगी।इसके साथ ही पलायन पर भी रोक लगेगी।इस निरीक्षण में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुणेश्वर प्रसाद सिंह,भाजपा से विनोद सिंह,राजद से सुभाष यादव,मन्नू सिंह,समाजसेवी दिग्विजय सिंह,अजय कुमार सिंह बबलू, अनिल कुमार,मदनजीत सिंह सहित सभी पार्टी दल के नेतागण साथ थे ।

# पुलिस ने एक तस्कर को देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**बनमा ईटहरी ओपी क्षेत्र के बनमा गांव से एक तस्कर को ओपी पुलिस ने दो लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है।जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत सहरसा भेज दिया गया।ओपी अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि गुरुवार रात्रि पुअनि विजय राम ने रात्रि गस्ती के दौरान बनमा सड़क से गुजर रहे स्व. गरीब यादव के पुत्र अमलेश यादव को दो लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया है।

# जिला जदयू उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद सादा मनोनीत



**सोनवर्षा राज (सहरसा)।**प्रखंड क्षेत्र के महुआ उत्तरबारी पंचायत के जदयू नेता प्रमोद सादा को जदयू जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने जदयू जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम पर जो विश्वास दिखाया है इस पर हर संभव खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष जय कुमार सिंह ,जदयू के वरिष्ठ नेता रतन कुमार सिंह,पप्पू झा, मुखिया श्रवण कुमार,हरदेव मुखिया, मनोरंजन मंडल,वरना मंडल, जग लाल सादा, कुशो सादा ,पिंकू मंडल ,बाबु साहब मंडल आदि ने बधाई दी है।

**मौत** बाइक पर बैठे एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला,एक की मौत दूसरा जख्मी,चालक ट्रैक्टर के साथ फरार





**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर-सहरसा मुख्य सड़क के बगरोली ढाला के समीप तेज रफ्तार से जा रही ट्रैक्टर एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक पर बैठे एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति को सोनबरसा कचहरी के एक निजी क्लिनिक में इलाज जारी है।मृतक व्यक्ति सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी समोली मिस्त्री के पुत्र माधव मिस्त्री (32)है।जख्मी व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति अपने गांव बिशनपुर से सिमरी बख्तियारपुर जा रहा था। बगरौली ढाला के समीप सहरसा की दिशा से जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई एवं बैठे एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

हालांकि ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर घटना को अंजाम देकर घटनास्थल से फरार हो गया। जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई आसपास के लोगों ने मृतक के परिजन को घटना की सूचना दी। घटना के आक्रोश में ग्रामीणों ने बांस बल्ला लगाकर सिमरी बख्तियारपुर-सहरसा सड़क मार्ग को जाम कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। जाम की सूचना सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने की कोशिश की। लेकिन ग्रामीण मुआवजे के मांग पर अड़े रहे। करीब 2 घंटे तक सिमरी बख्तियारपुर सहरसा सड़क सड़क पर पूरी तरह से यातायात व्यवस्था बाधित रहा। दोनों दिशा में वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि प्रभारी थानाध्यक्ष महेश रजक एवं स्थानीय लोगों के काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद जाम को समाप्त करा दिया गया।

# अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में विभिन्न विद्यालयों का बीडीओ डॉ अमित कुमार ने निरीक्षण किया। शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन करने को लेकर जारी किया आदेश में विद्यालय से गायब रहने वालों शिक्षकों पर कार्रवाई के आदेश में निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश मे भड़काने वाले टीचरों पर एफआईआर के आदेश दिया गया। जिसको लेकर बीडीओ ने कांठो, मोहनपुर, सोनपुरा, सरडीहा सहित बेलवाड़ा पंचायतों के प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय,उच्च विद्यालयों का निरीक्षण किया।जिसमें प्राथमिक विद्यालय कांठो में पंचायत के मुखिया भोलेंद्र राय व पंचायत समिति परितोष कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय कांठो स्थित कई खामियां विद्यालय में पायी गई। पठन-पाठन के संचालन क्लास में गैस सिलेंडर रखा देख प्रखंड विकास पदाधिकारी भड़क उठे। विद्यालय के पोषक क्षेत्र के छात्र-छात्राऔ के अभिभावक ने बताया यहां कि स्थिति बहुत दयनीय है। कभी भी मीनू अनुसार छात्र छात्रों को भोजन नहीं दिया जाता है। शौचालय उपयोग के लायक नहीं है। निरीक्षण के दौरान प्रधान सहित चार शिक्षक मौजूद थे। वही 35 छात्र-छात्रा उपस्थित थे।जबकि विद्यालय में 134 छात्र-छात्राएं नामांकित है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कई निर्देश प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार को देकर विद्यालय के रखरखाव की राशि से सबसे पहले गर्मी में बच्चे को विद्यालय में पंखा नहीं रहने के कारण बच्चे को पठन-पाठन में बहुत कठिनाई होता है। पीने का पानी, शौचालय और मध्यान भोजन मे सुधार करने को लेकर प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए कहा सुधार लाइए नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। ग्रामीण रविंदर यादव ने बताया पूर्व में भी मनमानी करने का आरोप लगा था, और हम ग्रामीण के द्वारा यहां से स्थानांतरण करने को लेकर

## ख़ास ख़बर

# कराकाट के नये बीडीओ राहुल कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**काराकाट (रोहतास)** नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-राहुल कुमार सिह के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया गया। इसके उपरांत निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-सिद्धार्थ कुमार के द्वारा विधिवत प्रभार दिया गया।साथ ही निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार के द्वारा उनको मिठाई खिलाल मंगलकामना दी गई। इसके बाद नए बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय अंतर्गत सभी पदाधिकारी एंव कर्मियों से परिचय किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि काराकाट प्रखंड का विकास करना मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी काराकाट-कलीमुद्दीन,प्रखंड बडाबाबू-बिष्णु शंकर प्रसाद,जे एस एस-अनूज कुमार, नाजिर-जयप्रकाश सिंह, शिक्षक-संजय कुमार, अनिल कुमार पासवान, मो़.आविद, मो0 ईरफान अंसारी इत्यादि प्रखंड के सभी विभागों के कर्मी। उपस्थित थें।

# भाजपा ने काला दिवस के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश और तेजस्वी का पुतला फूंका



**बिक्रमगंज(रोहतास)** पटना में 13 जुलाई को विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस लाठी चार्ज में भाजपा नेता की मौत के बाद बिहार के बीजेपी कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। शुक्रवार को इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिक्रमगंज तेंदुनी चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। साथ ही साथ आज बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के रितेश राज ने गुरुवार को पटना में होने वाली घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि बिहार में चाचा-भतीजा की सरकार एवं महाजंगल राज से बिहार की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि बिहार में चाचा-भतीजे की तानाशाही अब नही चलेगी। उन्होंने कहा कि कल की घटना को पूरे बिहार की जनता देख रही है। जिसका जवाब बिहार की जनता 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव व 2025 में विधानसभा की होने वाली चुनाव में जवाब देगी। इस अवसर पर भाजपा नेता ललित मोहन सिंह एवं काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र साह ने बिहार सरकार विरोधी सभा को संबोधित किया। मौके पर विवेक कुमार ,शनि ,सोनू कुमार रौनियार , रवि कुमार भास्कर , मुन्ना , पिंटू सिंह , संजीव मिश्रा , विनोद मिश्रा ,निप्पु तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**नासरीगंज (रोहतास)** थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। यह घटना शुक्रवार को दोपहर बाद घटी। मृतक की पहचान सबदला गांव के 55 वर्षीय अवधेश सिंह के रुप में हुई है। बताया जाता है कि खराब मौसम के चलते वह बधार से घर लौट रहा था। इसी क्रम में उस पर आकाशीय बिजली गिर गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में अमियावर के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां से डाक्टरों ने उसे नगर स्थित पीएचसी भेज दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ? एनके आर्या ने बताया कि मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही मर चुका था। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। वहीं सीओ अमित कुमार ने बताया कि जांचोरांत मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा मुहैया कराया जाएगा।

# दालान में सो रहे युवक को अपराधियों ने गोलियों से भूना, हालत गंभीर

## पिता की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा वारदात के तार



**आरा (भोजपुर)** जिला के सिकरहटा थाना क्षेत्र के चंदा गांव में गुरुवार की देर दालान में सोए एक युवक को बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। युवक के पेट में दो गोली और एक गोली पीठ में लगी है। घायल की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।घायल की पहचान 30 वर्षीय राहुल सिंह चंदा गांव निवासी स्व.अनिरूद्ध सिंह के बेटे के रूप में हुई है। युवक को रोहतास जिला के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में, इस वारदात को पूर्व की रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। इधर भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पूर्व दुश्मनी में वारदात को अंजाम दिया गया है। हमलावरों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। कुछ और बिंदुओं पर भी जांच चल रही है।पड़ोस के दालान में सोया था युवक-शुरुआती जांच में यह बात आ रही कि चंदा गांव निवासी राहुल सिंह रोज की तरह गुरुवार की रात पड़ोस के ही राजकेश्वर सिंह दालान में सोए हुए थे। इस बीच देर रात करीब 11 बजे हथियार बंद बदमाश आ धमके और ताबड़तोड़ फायरिंग कर शरीर में तीन गोलियां उतार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बाद में गोली से घायल युवक को इलाज के लिए रोहतास के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर सिकरहटा थाना प्रभारी पवन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। स्वजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। बाजार गए पिता की अगवा कर की गई थी नृशंस हत्या साल 2019 में चंदा गांव निवासी त्रिभुवन सिंह देव बाजार की ओर गए हुए थे, जहां से उन्हें अगवा कर नृशंस हत्या कर दी गई थी। करीब तीन-चार दिनों बाद उनका शव मिला था। जिसके बाद हत्या से आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल काटा था।लोगों ने देव बाजार पर तोड़फोड़ कर आगजनी की थी। हत्या को लेकर मृतक के पुत्र राहुल सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। बाद में पुलिस ने तीन-चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज था। उसी समय से तनाव चल रहा था। छानबीन के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया है। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि घायल युवक पिता की चार वर्ष पूर्व हत्या कर दी गई थी। इसके बाद जख्मी युवक के बयान पर ही चार अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और उस केस में खुद राहुल वादी था।

# आरओ का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित



**नासरीगंज(रोहतास)** प्रखंड परिसर स्थित राजस्व पदाधिकारी चन्दन चौधरी का हस्तांतरण सह पदोन्नति नालंदा जिले के विन्द प्रखण्ड सह अंचल में प्रभारी आंचलाधिकारी के रूप में होने एवं प्रखण्ड चकबंदी पदाधिकारी सन्तोष कुमार का राजस्व विभाग सचिवालय हस्तांतरण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को सीओ अमित कुमार की अध्यक्षता व प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार व थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनों हस्तानांतरित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, बुके एवं फूल माला देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि सरकारी सेवा में हस्तानांतरण व पदोन्नति की प्रकिर्या चलती रहती है। निवर्तमान आरओ व चकबंदी पदाधिकारी मेरे बड़े व छोटे भाई के रूप में कार्यरत थे। इनका कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा। मैं दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों मृदुल एवं अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका पदोन्नति सह हस्तानांतरण हुआ है जो अत्यंत हर्ष की बात है। यह जब तक रहे संघर्षशील रहे। प्रमुख ने कहा कि निवर्तमान आरओ का कार्यकाल सहयोगात्मक रहा। वह हम सबके बीच एक अच्छे अधिकारी के रूप में रहे। इस अवसर पर हस्तानांतरण हो रहे दोनों पदाधिकारी ने नम आंखों से सबका अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी हमारे दिल में बसते हैं। हमारे सभी पदाधिकारीगण व कर्मी अत्यंत सहयोगात्मक रहे। आपकी यादें मुझे सदैव आती रहेगी। आपका प्यार दुलार अस्विमरनिय रहेगा। इस अवसर पर बिडीसी अलबेला पसावान व सिंहासन पासवान ने गीत गाकर इनके सम्मान में प्रशंसा किया। मौके पर मुखिया शाहिद हुसैन, शशि कुमार, कृष्णा सिंह, पंकज कुमार, वीरेंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया चन्दन सिंह, पूर्व नगर उप मुख्य पार्षद सेराजुल हक, जदयू नेता नितेश कुमार लड्डू, भाजपा नेता मदन केसरी, विकास मित्र लाल मोहर प्रसाद, प्रखण्ड नाजिर संजय कुमार, राम कुमार समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# भोजपुर में इंटर की छात्रा से गैंगरेप,छह मनचले गिरफ्तार, कोचिंग जा रही छात्रा को अकेला देख घटना को दिया अंजाम

**आरा (भोजपुर)** जिला मुफस्सिल इलाके में इंटर की छात्रा से गैंगरेप और वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वीडियो बनाने में इस्तेमाल दो मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकमपुर बारा गांव निवासी बाबुधन कुमार, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, टुन्नु राय, विद्यानंद यादव व जगदीशपुर थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी परमात्म कुमार शामिल हैं। इनमें दो से तीन लड़कों पर दुष्कर्म करने जबकि अन्य पर वीडियो बनाने का आरोप है।एसपी प्रमोद कुमार द्वारा प्रेस बयान जारी कर घटना और गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। एसपी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कोईलवर इलाके की रहने वाली किशोरी कोचिंग करने जाने के नाम पर मंगलवार को गांव के ही दोस्त के साथ बाइक से घुमने निकल गयी थी। फोरलेन होते दोनों मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा गांव स्थित रोड किनारे पेड़ के पास खड़े थे। तभी दो बाइक पर सवार मनचले पहुंच गये। मनचलों द्वारा दोनों को सुनसान जगह पर देख नाम-पता पूछने लगे।उस दौरान बाइक की चाबी छीन ली गयी और किशोरी के दोस्त के साथ मारपीट की गयी। उसके बाद किशोरी को आम के बागीचे में ले जाकर दो तीन लड़कों द्वारा दुष्कर्म किया गया। अन्य आरोपितों द्वारा घटना का वीडियो बना जा रहा था। सूचना मिलने पर आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। उस दौरान टीम ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।वीडियो बनाने में इस्तेमाल दोनों मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। इस मामले में किशोरी के बयान पर गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के तहत सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# विवाहिता की गला दबा हत्या मामलें में आरोपी पति गिरफ्तार, बहुत दिनों से फरार चल रहा था निशा का पति

**करगहर (रोहतास)** बड़हरी ओपी अंतर्गत मऊडीहरा गांव में एक माह पूर्व विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर मामले में शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार किया इस आशय की जानकारी बरहरी ओपी अध्य्क्ष जितेन्द्र पंडित ने दी।

उन्होनें बताया कि करगहर थाना क्षेत्र के सिरिसियां निवासी मृतका के पिता विजय कुमार चौधरी की 20 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी की शादी विगत 2 वर्ष पूर्व बड़हरी ओपी के मऊ डीहरा निवासी गौरी शंकर सिंह के पुत्र राहुल कुमार सिंह के साथ संपन्न हुई थी शादी के बाद दहेज को लेकर बार बार मारपीट प्रताड़ित कर रहें

मारपीट की सूचना किसी व्यक्ति ने उसके पिता को गया कि उनकी बेटी निशा की हत्या कर दी गई है शव जलाने की तैयारी चल रही है जहा रिश्तेदार के साथ मऊडीहरा पर पहुंचे तो घर में बेटी का शव घर में पड़ा था

जिसके गले में काला निशान साफ दिखाई दे रहा था जिससे लगा कि गाला दबाकर हत्या कर दी गई

मृतिका के पिता ने आठ लोगो के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज कराया था।

जिसमें मउडीहरा निवासी मृतका के पति राहुल कुमार सिंह, ससुर गौरी शंकर सिंह, सास कृष्णा देवी, देवर विमलेश कुमार ,संदीप कुमार ,बड़े ससुर उमाशंकर सिंह, अकोढ़ी निवासी दमाद चंदन सिंह तथा उसकी पत्नी प्रियंका देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है।

जिसमे मुख्य आरोपी पति राहुल कुमार को उनके घर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

# सरकारी विद्यालय का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण



**काराकाट (रोहतास)** स्थानीय प्रखंड के विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारुपुर एवं काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय मोहनपुर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण। विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारुपुर के एचएम कमलेश कुमार दुबे ने बताया कि बिक्रमगंज बीआरसी एकाउंटेंट अजीत कुमार और काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय मोहनपुर के एचएम गीता कुमारी ने कहा कि काराकाट आरओ जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों प्रखंड अंतर्गत दोनों विद्यालयों के सभी शिक्षक व शिक्षिका ससमय उपस्थित थे। विद्यालय में बच्चों की स्थिति भी अच्छी थी। विद्यालय के साफ-सफाई से अधिकारी खुश थे। सभी शिक्षकों को प्रतिदिन ससमय से उपस्थित होने का निर्देश एवं बच्चों की उपस्थिति और ज्यादा करने का निर्देश दिए। मौके पर विश्वम्भर मध्य विद्यालय के एचएम कमलेश कुमार दुबे , विश्वनाथ मौआर , सुधीर कुमार, डाटा ऑपरेटर चंदन कुमार मिश्रा एवं मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी,शिक्षक में विपुल पांडेय, सुनील कुमार ,नागेन्द्र कुमार ,लालजी सिंह ,कुमार अभिषेक मणि के साथ- साथ सभी शिक्षक-शिक्षिका ,छात्र व छात्रा उपस्थित थे।

# बिहार में दूसरे माह भी रैंकिंग में प्रथम स्थान रहा दावथ अंचल




**दावथ (रोहतास)** राजस्व विभाग के राज्य स्तरीय रैंकिंग में लगातार दूसरे माह जून में भी दावथ अंचल राज्य में पहले स्थान पर रहा।भूमि सुधार व राजस्व विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किये गये।

रैंकिंग सूचि में दावथ अंचल को पहले स्थान पर रखा गया है। विभाग द्वारा प्रत्येक महिने राज्य के राजस्व अंचल के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर रैंकिंग सूची जारी की जा रही है।जिसमें दावथ अंचल मई महिने में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वहीं जून महिने भी राजस्व अंचल के सभी कार्यों में दावथ अंचल औवल्ल रहा।विभाग द्वारा अंचल के विभिन्न कार्यों जिसमें दाखील खारीज म्युटेशन आवेदनों का निष्पादन,पैमाईश वादों का निष्पादन, परिमार्जन,अभियान बसेरा, अभियान बसेरा 2, आधार सिडिंग,आनलाइन एलपीसी,भूमि बंदोबस्ती, अप्रेरेटर प्रोफाइल,सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की स्थिति आदि कार्यों की समीक्षा राज्य स्तर पर करते हुए रैकिंग की जाती है। दावथ अंचल को लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान मिलने पर अंचलाधिकारी नवलकांत ने कहा कि इसमें अंचल के सभी कर्मियों का आपसी सामंजस्य व टीम भावना से काम किया है।

इसके लिए सभी अंचल कर्मियों को बधाई दिया। वही प्रमुख प्रतिनिधि मुना सिंह, उप प्रमुख शेख साजिद,मुखिया चंदन यादव,रघुनाथ सिंह,डा.अजय सिंह,हरिहर राय,रामजी राय बिनोद सिंह पैक्स अध्यक्ष रणजीत सिंह सहित कई पंचायत प्रतिनिधि तथा राजनितिक व समाजिक कार्यकर्ताओं ने सीओ व अंचल कर्मियों को बधाई दिया है।

# ठनका गिरने से दो व्यक्ति की मौत अन्य चार झुलसे

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)** अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बराव कला गांव में ठनका गिरने से जहा दो लोगों की मौत हो गई वहीं चार लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान बलिपाल पिता शिवधारी पाल तथा सुभाष राम पिता रामचंद्र राम गांव बराव कला के रूप में हुई है वही घायलों की पहचान जोखन यादव पिता स्वर्गीय जंग बहादुर यादव तथा सोनू यादव पिता स्वर्गीय बिहारी यादव, तथा शशि कुमार एवं लड्डू यादव चारों गांव बराव कला के रूप में हुई है।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व मुखिया वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सभी लोग मड़ई में बैठे हुए थे तभी ठनका गिरने से जहां बली पाल और सुभाष राम की मौत हो गई वहीं बगल के ही मडई में बैठे हैं जोखन यादव और सोनू यादव घायल हो गए, घायलों को इलाज के लिए जहां डेहरी निजी अस्पताल ले जाया गया है, बगल के घर में ठनका गिरने से कम घायल शशि कुमार और लड्डु यादव की इलाज गांव में ही हो रही है। वही मृतकों की सूचना अकोढ़ी गोला थाने को दी गई है। कुल मिलाकर बरावकला में ठनका गिरने से जहा दो लोगों की मौत हुई है वहीं चार घायल हो गए हैं। तेज बारिश होने के कारण अभी शव घर पर ही था तथा आगे की प्रक्रिया चल रही थी।

**कार्यक्रम** जब वतन को लौटे तो देश की हालात को जमीन पर देखने के बाद अपने आपको समाज के लिए न्योछावर किया

# जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने सभा को बाबा साहेब के विचारधारा संविधान पर डाला प्रकाश



**रानीगंज ।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत रानीगंज प्रखंड के खरसाही एवं बिस्टोरिया पंचायत में पंचायत अध्यक्ष मो0 जमाल एवं पंचायत अध्यक्ष मो0 जमील की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा देशरत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन प्रखंड महासचिव सरोज कुमार मेहता द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मनीष यादव, प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, राजद जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड प्रभारी अमित पूर्वे तथा विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव इन्द्रानंद सिंह, रानीगंज के पूर्व प्रत्याशी अभिनाश मंगलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सौरभ राणा, मुख्य रूप से कार्यक्रम में मौजूद रहे। वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विदेशों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी जब वतन को लौटे तो देश की हालात को जमीन पर देखने के बाद अपने आपको समाज के लिए न्योछावर किया और संविधान के माध्यम से दलित और पिछड़ी समाज के लोगों को वाजिब हक दिलाने का काम किया देश को संविधान देने का काम किया और उसी संविधान के बल पर गरीबों के मसीहा बिहार के सच्चे लाल लालू यादव ने शोषित, वंचित, उपेक्षित दलित और पिछड़ी की लड़ाई शुरू से लड़ी , दलितों और पिछड़ों को हक दिलाने के लिए हमेशा आगे रहे है, आज देश में केंद्र की सरकार जातीय जनगणना न कराकर दलित और पिछड़ी समाज के लोगों का शोषण करना चाहती है उनके हक और हुकूक को लूटना चाहती है देश के संविधान को समाप्त करना चाहती है । संविधान पर उंगली उठाना देश के पिछड़ों, दलितों, शोषित, वंचितो के अधिकार पर उंगली उठाने के समान है। जो राजद कभी बर्दाश्त नहीं करेगा । देश गीता, बाइबल और कुरान से नहीं चलेगा , देश चलेगा बाबा साहब के संविधान से । कार्यक्रम में ऐनुल अंसारी, नौशाद आलम, मिन्नत अली, दाऊद अंसारी, अरुण यादव, नरेश यादव , रोहित शर्मा, जगदीश राम, संजय ऋषिदेव , दिनेश ऋषिदेव, मंगल यादव ,धनंजय यादव, वीरेंद्र कुमार ऋषिदेव आदि गांव के सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

# बैंक उपभोक्ता से रूपये लूट कांड का अपराधी गिरफ्तार



**पुलिस 24 हजार रूपये सहित एक बाइक किया बरामद**

**एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर कांड का किया उद्भेदन**

**बिक्रमगंज(रोहतास)** अनुमंडलीय एसडीपीओ शशि भूषण सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय स्थित लूट कांड उद्भेदन को लेकर एक प्रेस वार्ता की। जिस संबंध में उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे सूचना प्राप्त हुई कि कछ्वां थाना क्षेत्र अंतर्गत लेवा-भरहेथा सड़क पर ग्राम भरेहथा से कुछ दूरी पर पश्चिम सोती के समीप एक व्यक्ति से ग्राम सकला स्थित पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकाल कर आने के क्रम में समय करीब 12 बजे एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा हथियार का भय दिखाकर 30 हजार नगद लूट लिया गया।

जिस मामले में पीड़ित व्यक्ति तबारक खान ,पिता आलम खान, ग्राम रामपुर भरेहथा थाना कछ्वां द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जिस घटना मामलें में कार्रवाई हेतु रोहतास पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। उक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक अपराधी सन्नी कुमार उम्र 19 वर्ष पिता लक्ष्मण सिंह साकिम पांडेय-डिहरी ,थाना काराकाट जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से लूट का 24 हजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। जिस आरोपी के गिरफ्तारी उपरांत परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक रोहतास मोहम्मद आदिल बिलाल, कछ्वां थानाध्यक्ष मितेश कुमार, पीटीसी रामानंद चौहान,सिपाही हिमांशु कुमार,चांद बाबू अंसारी,रवीना कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

## मुंडेश्वरी मंदिर के नीचे परशदी का लगे दुकानों में लोहे की अस्थाई बेंच लगवाने से दुकानदार आक्रोश



**संवाददाता सिंगासन सिंह यादव**/कैमूर भगवानपुर मुंडेश्वरी मंदिर के नीचे बसे दुकानदारों के दुकान में लोहे की अस्थाई बेंच गाड़ देने से दुकानदार आक्रोश है यह दुकान कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत मुंडेश्वरी माता मंदिर के नीचे लगा हुआ है वहां पर सैकड़ों दुकान लगी है जो कि वहां गरीब गुरबा अपना दुकान लगाकर अपने बाल बच्चों का जीवन यापन करते हैं वही कुछ दुकानदार के दुकान में बीचो बीच जंगल विभाग के द्वारा कुर्सी को लगा दिया गया है जहां दुकानदारों को परेशानी हो रही है वही इस संदर्भ में पूछे जाने पर दुकानदार शिवपरसन सिंह यादव ने बताया कि हम लोग गरीब गुरवे अपनी दुकान करके हम लोग अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करते हैं उन्होंने बताया की रामगढ़ पंचायत के पौरा पहाड़ी में बसे मुंडेश्वरी माता की मंदिर हम लोगों के ही पंचायत में आता है वहां कुछ दिन पहले इस तरह का भी जंगल विभाग के द्वारा हटाया गया था जहां हम लोगों ने जिला पदाधिकरी से मांग किया तो जंगल विभाग ने सबको जगह नाप नाप कर दिया है लेकिन फिर उसी जगह में जंगल विभाग के द्वारा बीचो-बीच कुर्सियां लोहे की लगा दिया गया दुकानदारों को बड़ी परेशानी है और दुकानदार आक्रोश है।

## कैमूर पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जोड़कर कर रहा जागरूक




**भभुआ कैमुर**/एक तरफ जहां लोग प्रशासन से कोसों दूर रहना पसंद करते हैं वहीं पर कैमूर प्रशासन के द्वारा सोशल मीडिया साइट जैसे फेसबुक इंस्टाग्राम इत्यादि संगठनों से जुड़कर लोगों के बीच प्रशासन और जनता के बीच मैत्री संबंध स्थापित कर रहा है पूरे कैमूर में इस बात की बजाता चर्चा होते दिख रही है कि बिहार प्रशासनिक विभाग का कैमूर जिला सोशल साइट पर लोगों को जागरूक करते हुए नजर आती है चाहे हेलमेट पहनने की बात हो अथवा शराब संबंधित या कोई भी सामाजिक सरोकार से जुड़ी हुई खबर हो उसको अपने सोशल साइट से अपलोड करना कैमूर पुलिस की सराहनीय पहल को लोग खूब सराह रहे हैं लोगों लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया आज के जमाने में लोगों से संवाद एवं परिचय का नया टेक्नोलॉजी के रूप में उभरा हुआ है इसीलिए कैमूर पुलिस भी लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से मैत्री संबंध बनाकर रखना चाह रही है

## ट्रक ने मारी टक्कर मोटरसाइकिल सवार की मौत





**कैमूर**- जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरा परसथुआं रोड पिपरा मोड़ के समीप ट्रक ने मारी टक्कर मोटरसाइकिल सवार की मौत। मिली जानकारी के अनुसार गंगवलिया ग्रामवासी दानिश अंसारी पिता नईम अंसारी अपने गांव से परसथुआं की ओर जा रहे थे, की पिपरा मोड़ के समीप पहुंचते ही परसथुआं की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या एम एच 40 बी जी 2959 की चपेट में आ गए। जिससे कि मौके पर ही मौत हो गया। मौत से आक्रोशित परिजनों द्वारा कुदरा परसथुआं मार्ग पर आवागमन बाधित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा मौके पर पहुंच आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे सिसवार पंचायत के मुखिया संजय राम, भदौला पंचायत के सरपंच दिलीप सिंह, समाज सेवक शशिकांत राम द्वारा मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता हेतु आश्वस्त किया गया।

# मातृत्व व शिशु मृत्यु दर में कमी, टीकाकरण, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं 34 प्वाइंट इंडिकेटर की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा



**कैमुर भभुआ**/जिला पदाधिकारी सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, फैमूर की अध्यक्षता में कैमूर जिलान्तर्गत संचालित हेल्थ वेलनेस सेन्टर कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिविल सर्जन, कैमूर गैर संचारी रोग पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला योजना समन्वयक, प्रोग्राम पदाधिकारी जपाइगो, सभी सी0एच0ओ0 एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए। जिले में संचालित स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति स्वास्थ्य संस्थानवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे- जननी एवं बाल सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम, प्रसव पूर्व सेवा, मातृत्व व शिशु मृत्यु दर में कमी, टीकाकरण, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं 34 प्वाइंट इंडिकेटर की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान निम्न निर्देश दिये गये-1. ई-संजीविनी ओ0पी0डी0 शतप्रतिशत करने हेतु निदेश दिया।,2- एन0सी0डी0 स्क्रेनिंग हेतु निदेश दिया गया।,3- डेली रिर्पोटिंग हेतु निदेश दिया गया।,4- मंथली रिर्पोटिंग शतप्रतिशत करने हेतु निदेश दिया गया।,5- फैसिलिटि इमेज ब्रांडिंग अपलोडिंग शतप्रतिशत करने हेतु निदेश दिया गया।,6- Wellness Reporting हेतु निदेश दिया गया।,7- जन आरोग्य समिति का गठन शतप्रतिशत करने हेतु निदेश दिया गया।,8- प्रसव पूर्व जांच शतप्रतिशत कराने हेतु निदेश दिया गया।,9- परिवार नियोजन का शतप्रतिशत कार्य हेतु निदेश दिया गया।,10- सर्वे, डियूलिस्ट, नियमित टीकाकरण का अनुश्रवण हेतु निदेश दिया गया।

## किसानों की समस्या को लेकर जिलाधिकारी से मिले सतीश यादव पिंटू



**कैमूर** जिले के दुर्गावती प्रखंड के किसानों की समस्या को लेकर शुक्रवार को बसपा के प्रदेश महासचिव सतीश यादव उर्फ पिंटू के द्वारा जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार से मिलकर किसानों की समस्या के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें उनके द्वारा मांग किया गया कि कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड का लरमा एवं विश्वकर्मा पंप कैनाल जो कि कर्मनाशा नदी पर स्थित है कर्मनाशा नदी का जलस्तर काफी नीचे होने के कारण लरमा पंप कैनाल पूर्ण रूप से बंद है जबकि विश्वकर्मा पंप कैनाल की मात्र एक मोटर चल रही है। जिसकी वजह से? किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। जबकि मूसा खांड बांध में 15 दिन तक नदी और नहर में छोड़ने के लिए पानी उपलब्ध है यदि उस पानी को वहां के पदाधिकारियों से बात करके कर्मनाशा नदी और नहर में छुड़वा दिया जाए तो किसानों की रोपनी हो सकती है।

जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए चंदौली जिले के जिलाधिकारी से बात करके पानी को छुड़वाया जाएगा।

## पटना में हुए लाठीचार्ज के विरुद्ध भाजपा कार्यकर्ताओ में आक्रोश



**कैमूर**- जिला अंतर्गत रामगढ़ बाजार में शुक्रवार को बिहार सरकार द्वारा पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर कराए गए लाठीचार्ज के विरुद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश, अमानवीय कृत्य के विरोध में नीतीश कुमार का किया गया पुतला दहन। मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि बीते बृहस्पतिवार के दिन बिहार के राजधानी पटना के गांधी मैदान से शांतिपूर्ण मार्च करते विधानसभा की ओर जाने की कोशिश कर रहे भाजपा के सांसद, विधायक व कार्यकर्ताओं पर डाकबंगला चौराहे के पास पहुंचते ही, बिहार सरकार द्वारा प्रशासन को निर्देशित कर लाठियां चार्ज कराते हुए वाटर कैनल एवं आंसू गैस के गोले का प्रयोग कराया गया। जिसमें की दर्जनों कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट के साथ ही पार्टी के सम्मानित नेता विजय सिंह की मौत हो गया। इतना ही नहीं बिहार सरकार के निर्देशानुसार महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी बिहार सरकार के निर्देशानुसार, प्रशासन द्वारा अभद्रता किया गया। जोकि लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार करता है,और लोकतंत्र की हत्या है। सरकार के इस ऐसे हिटलर शाही का हम सभी पूर्ण रूप से विरोध करते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार सरकार का पुतला दहन किया गया।

## कुनौली थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती बने सुपौल सदर थाने के नए थाना अध्यक्ष किया पदभार ग्रहण



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**/ जिला में एसपी शेशव यादव ने बड़े पैमाने पर किया गया पुलिस बलों के स्थानांतरण, इसी क्रम में आज सुपौल सदर थाने के नए थाना अध्यक्ष के रूप में प्रभाकर भारती ने अपना पदभार ग्रहण किया ।वही आपको जानकारी दे की प्रभाकर भारतीय पहले कुनौली थाना के अध्यक्ष थे जहां से उन्हें सुपौल सदर थाना लाया गया और थाना अध्यक्ष का पदभार भी आज ग्रहण किए ।

आपको बता दें कि यह बड़ी फेरबदल इसलिए की गई है कि लंबे समय से लंबित कांड विधि- व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने फेरबदल किए हैं ।

नए थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती बहुत ही शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं और उन्होंने जनता से भी अपील की है कि जो भी समस्या हो वह डायरेक्ट हमसे आकर मिले कभी भी इधर-उधर ना जाए । हम हर एक संभव कोशिश करेंगे कि हमसे थाना क्षेत्र के लोग हमेशा खुश रहे वहीं उन्होंने कहा बहुत सी जगह ऐसे हैं जहां लोग पुलिस से डायरेक्ट नहीं जुड़ पाते हैं, लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं होगा जो भी समस्या जिस व्यक्ति को भी होगी वह डायरेक्ट हमसे मिल सकते हैं साथ ही उन्होंने कहा अपराध करने वाले अपराधी को किसी भी सूरत पर नहीं बख्शी जाएगी साथ ही उन्होंने कहा जिस भरोसे हमें एसपी साहब के द्वारा सदर थाने का प्रभार बनाया गया है

हम उस विश्वास को हमेशा बनाए रखने की कोशिश करेंगे और जनता की समस्या को सुन उनके समस्या का समाधान भी करने का कोशिस करेंगे ।

## सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत, परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप





**कैमूर से संदिप कुमार की रिपोर्ट/कैमुर भभुआ**/भभुआ सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जहां परिजनों द्वारा लापरवाही का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक भभुआ थाना क्षेत्र के नरावं गांव निवासी रामभरोस बिंद के 22 वर्षीय पुत्र चुनमुन कुमार बताया जाता है। जहां परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में सुबह इलाज के लिए लाया गया था। जिसके बाद चिकित्सक ने युवक का इलाज किया है। वही हालत की स्थिति को गंभीर देखते हुए रेफर भी किया। लेकिन परिजनों ने रेफर के बाद भी मरीज को नहीं ले गए?। तब तक कुछ ही घंटों बाद मरीज का सदर अस्पताल में मौत हो गई। वहीं परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सदर अस्पताल में जब मरीज को लाया गया था तो इसका सही ढंग से उपचार एवं देखभाल नहीं किया गया उसी लापरवाही की हालत में देखा गया और यहां से रेफर कर दिया गया। उसके बाद भी एंबुलेंस लाने के लिए गए तो एंबुलेंस भी नहीं मिला लोग इधर-उधर दौड़ाते रहे जिसके कारण मरीज की मौत हुई है।जबकि इस संबंध में सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर विनोद कुमार ने बताया कि अधेड़ व्यक्ति को सीरियस हालत में इलाज के लिए सुबह लगभग 8 बजे सदर अस्पताल परिजनों द्वारा लाया गया था। जहां मरीज सीरियस होने के चलते रेफर भी किया गया। लेकिन परिजन द्वारा कहा गया कि अभी हमारे पास आदमी नहीं है अभी हम ले जाने में सक्षम नहीं है। और लोगों को आ जाने दीजिए जहां परिजनों को आ जाने के बाद मरीज को यहां से ले जाएंगे। लेकिन उस मरीज को यहां से नहीं ले गए और लिखित में भी दिया कि हम मरीज को बाहर ले जाने में सक्षम नहीं है। इस तरह से उनका 2 घंटे से अधिक बीत गया तब तक मरीज का यहां मृत्यु हो गई। तभी यह लोग प्लानिंग के तहत हंगामा करने लगे। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और शव को मर्चरी वैन से उसके घर तक भेजा है।

## शराब माफियाओं पर एक और नकेल कैमूर पुलिस प्रशासन के द्वारा ,लग्जरी गाड़ी सहित शराब की खेप बरामद



**कैमुर** में उत्पाद विभाग की पुलिस ने स्पेशल ड्राइव के तहत एक वीआईपी नंबर प्लेट की इंडेवर लग्जरी कार से 31 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है।बता दें कि उत्पाद पुलिस को यह कामयाबी दुर्गावती थाना क्षेत्र के ककरैत चेकपोस्ट के पास से मिली है।जानकारी के अनुसार चालक अपने वीआईपी नंबर की इंडेवर कार में 31 पेटी अंग्रेजी शराब को छिपाकर यूपी से बिहार में खपाने के लिए ले जा रहा था। लेकिन इसे पुलिस ने कामयाब होने में नाकाम बना दिया। वहीं पुलिस के द्वारा शराब व चालक के विरुद्ध आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल दो की स्थिति गंभीर



**कैमूर**- जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बागड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल दो की स्थिति गंभीर। घायल विजय चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बागड़ा गांव के दक्षिण सिवाना के खेत से मिट्टी निकलवा रहे थे तभी दूसरे पक्ष के शंकर चौधरी जवाहर चौधरी एवं गांव के वार्ड प्रमोद चौधरी द्वारा मना किया जाने लगा।उनके द्वारा कहा गया कि भूमि हमारा है। जिसके वजह से दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा पहुंचाया गया। डॉक्टरों द्वारा इलाज के उपरांत छोटू कुमार उम्र 25 वर्ष पिता मंगल चौधरी एवं विजय चौधरी उम्र 40 पिता सिरी चौधरी की स्थिति गंभीर देखते हुए उचित इलाज हेतु सदर अस्पताल भभुआ के लिए स्थानांतरित कर दिया गया।

**निरीक्षण** सदर अस्पताल में स्थित जीविका दीदी के रसोई का डीएम एवं एसपी ने निरीक्षण किया।

## सदर अस्पताल में स्थित जीविका दीदी के रसोई का डीएम एवं एसपी ने किया निरीक्षण



**कैमूर से संदिप कुमार की रिपोर्ट।** सदर अस्पताल में स्थित जीविका दीदी के रसोई का डीएम एवं एसपी ने निरीक्षण किया। इस संबंध में डीएम सावन कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में स्थित जीविका दीदी के रसोई को हम लोग देखने के लिए आए थे। इसका मुख्य उद्देश्य है कि जो यहां पर मरीज आ रहे हैं उनको हाइजेनिक एवं स्वस्थ खाना मिले साथ ही साथ इसके एक्सपेंशन करने के लिए सोच रहे हैं ताकि हमारे पुलिस लाइन में ट्रेनिंग के लिए नए नए जो सिपाही आते हैं। उनको खाना के लिए दिक्कत होता है। इसलिए एसपी साहब के द्वारा कहा गया था कि दीदी के रसोई को देखते हैं उसके बाद वहां से पुलिस लाइन में एक्सपेंशन करते हैं। दीदी की रसोई में प्लास्टिक के पैकेट में खाना पैक करने देने पर उन्होंने कहा कि खाना अगर प्लास्टिक के पैकेट में पैक कर दिया जाता है तो यह गलत है। उसे नेचुरल केला का पत्ता या बांस का पत्ता ऐसा संभव है तो वैसे वस्तु में खाना पैक कर दिया जाए तो बेहतर है। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में हर साल 70 से 80 नए पुलिस सिपाही पुलिस लाइन केंद्र में ट्रेनिंग के लिए आते हैं और 3 महीने पर चले जाते हैं। ऐसे में उन्हें खाना खाने के लिए दिक्कत होता है उसी को लेकर ऐसा मॉडल वहां पर तैयार हो। या एक दीदी का रसोई शिफ्ट हो जाए उसको लेकर आज निरीक्षण किया गया है।

## आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नो सूत्री मांगों को लेकर बैठी अनिश्चित हरताल पर





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल**/जिले में किसनपुर प्रखंड के उपस्वास्थ्य केंद्र किसनपुर में शुक्रवार को सभी आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी नो सूत्री मांगों को लेकर 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई है। आशा संघ के प्रखंड अध्यक्ष कल्पना झा द्वारा बताया गया कि वह अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर 12 जुलाई से सभी आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों की समर्थन में धारना पर बैठी हुई है । जब तक सरकार हमारे मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक हम सभी आशा के द्वारा धरना प्रदर्शन करते रहेगें ।

उन्होंने कहा कि सरकार अन्य कर्मियों की तरह आशा को भी 65 साल तक सेवा बहाल किया जाए एवं सभी महिलाओं को अस्पताल में लंबित भुगतान को अविलंब भुगतान करवाया जाए तथा अस्पताल में व्यापक पैमाने पर चल रहे रिश्वत खोरी को अविलंब बंद करवाया जाए । संघ के द्वारा जारी मांग पत्र में कहा गया है कि एक हजार पारितोषिक को हटाकर 10 हजार मानदेय के रूप में दिया जाए। पिछला बकाया पारितोषिक भुगतान करवाया जाए । आशा की भुगतान करने में कमीशन खोरी पर रोक लगाई जाए । सरकार द्वारा दी जा रही साड़ी , के साथ-साथ ब्लाउज, पेटी कोर्ट, सहित अन्य सुविधा दिया जाए ।

आशा को अन्य कर्मचारी की तरह दर्जा दिया जाए । इस मौके पर अध्यक्ष कल्पना झा, पिंकी देवी, किरण कुमारी, अनिता देवी, रेखा गुप्ता, कुमारी विभा, विमला देवी, बिना देवी, पूनम कुमारी ,पूनम झा, राधा देवी, रजिया देवी, आशा देवी, सविता देवी ,रेखा देवी ,अमला देवी, अमौला प्रभा, सहित सभी आशा धरना में शामिल थी।

## खास ख़बर

### अतिक्रमण मुक्त कर सड़क पर जलजमाव को निकाला



**राजमहल-** नगर पंचायत के 13 नंबर वार्ड में बरसात का पानी सड़क में जमा हो गया था। वही जिसकी सूचना पूर्व नगर अध्यक्ष केताबुदीन शेख को दिया गया। वही सूचना मिलते ही नगर अध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया तो नेजाब शेख अपना घर बनाने के लिए मिट्टी सड़क पर रख दिया था, जिसके कारण बरसात का पानी निकल नहीं पा रहा था। वही नगर अध्यक्ष ने नगर पंचायत के जेसीबी बुलाकर सड़क से मिट्टी हटा दिया और सड़क पर जमा हुआ जल निकल गया। वही ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए नगर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और मौके पर ग्रामीण मोहम्मद बरकत सेख, रहीम शेख, मकबूल शेख, आलीम सेख, सहित अन्य उपस्थित थे।

### आयुष्मान काउंटर नहीं खुलने से लोगों को हो रही है परेशानी



**राजमहल-** अनुमंडल अस्पताल के परिसर में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आयुष्मान काउंटर बनाया गया है। वही जिससे गरीब परिवार के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े इसके लिए अस्पताल परिसर के मुख्य द्वार के बगल में काउंटर बनाया गया है। वही जिसमें लापरवाही करने के कारण लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अस्पताल में भटकना पड़ रहा है।वही निजामुद्दीन शेख ने बताया की 3 दिनों से लगातार अस्पताल आते हैं और आयुष्मान काउंटर का दरवाजा में ताला लगा रहता है। वही अस्पताल परिसर में घंटों इंतजार करने के बाद वापस निराश होकर घर चले जाते है और यही हाल शुक्रवार को भी आयुष्मान काउंटर में ताला लगा हुआ देखने को मिला और लोग घर वापस चले गए। वही आयुष्मान कार्ड बनाने वाले ऑपरेटर आशीष कुमार ने कहा की काउंटर में लाइन की व्यवस्था नहीं दी गई है जिसके कारण काउंटर में नहीं बैठते हैं।

### सकरोगढ़ पूर्वी फाटक निवासी युवक को मिली जान से मारने की धमकी, दिया थाना में आवेदन



**साहिबगंज-** नगर थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ पूर्वी फाटक निवासी युवक प्रशान्त शेखर पिता अशोक कुमार गुप्ता ने जान से मारने की धमकी देने को लेकर नगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए अपने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में युवक ने जिक्र किया है कि बीते दिनों 11 जुलाई 2023 को संध्या 6.30 बजे के लगभग जब वो जयप्रकाश नगर गैस गोदाम के पास से ट्यूशन पढ़ा कर लौट रहा था तो बंदरवा टोली मस्जिद के पास के रहने वाले अतुल्ला खान के द्वारा उसे रोककर जान से मारने की धमकी दी गई है। वही युवक ने बताया कि वर्ष 2019 में एक नाबालिग बच्ची के यौन शोषण के मामले में अतुल्ला खान एवं उसके दो भाईयों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। उस वक्त वो भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष के पद पर था जहां इस लड़के ने उससे उपरोक्त मामले में मदद मांगी थी परन्तु वो किसी गलत व्यक्ति का साथ नहीं दे सकता था इसलिए उन्होंने साफ मना कर दिया था और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ था। इसी कारण से जेल से निकलने के बाद अतुल्ला खान के द्वारा अब उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिसके कारण पीड़ित युवक काफी परेशान हैं।

# जिले में टीबी उन्मूलन हेतू बरहेट प्रखंड के कदमा सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में किया गया



**बरहेट-** जिले में टीबी उन्मूलन हेतू बरहेट प्रखंड के कदमा सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र मुखिया एलीजेन्स हांसदा के अध्यक्षता में पिरामल स्वास्थ के सहयोग से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वस्थ गाँव की परिकल्पना की गयी है। वही इसी अवधारणा से पंचायतें यक्ष्मा मुक्त होंगे। वही पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार घोष ने बताया की स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। वही पिरामल स्वास्थ के जिला कार्यक्रम समन्यवक रविरंजन कुमार ने बताया की जनजातीय समुदाय में यक्ष्मा से मुक्ति हेतू पंचायत राज संस्था के सदस्य जैसे प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं समुदाय के संभावित व्यक्तियों द्वारा ग्राम क्षेत्र से टी. वी. के संभावित मरीजों हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रेफर करने में अहम योगदान रहेगा साथ ही साथ अब राज्य तथा केंद्र सरकार टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयासरत है। वही ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए पंचायत विकास योजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों को शामिल करना तथा समुदाय को टीबी के लक्षणों, जांच एवं उपचार की निशुल्क व्यवस्था, और सरकार द्वारा टीबी रोगियों तथा ट्रीटमेंट सपोर्टर को दिए जाने वाले लाभों की जानकारी देना है। वही पंचायत राज के सदस्य जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तों, संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं कठिनाईयों का समाधान करने का प्रयास करेंगे। वही इसके अलावा समाज के सक्षम लोगों द्वारा टीबी रोगियों को फूड वास्केट देने के लिए प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में वृद्धि करना है। उक्त बैठक पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार घोष, जिला कार्यक्रम समन्यवक रविरंजन कुमार, कदमा पंचायत के मुखिया एलीजेन्स हांसदा, वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य केंद्र से एस॰टीश॰ एस॰ जीवन मिंज एवं सीएचओ कुमारी संध्या एवं सेविका दीदी लोग शामिल हुई।

## विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई



**तालझारी-** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। वही बिजली चोरी रोकथाम करने को लेकर कनीय विद्युत अभियंता दीपक कुमार सिंह, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा महाराजपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तालझारी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई। वही छापामारी दल में प्रदीप कुमार राय सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल राजमहल, नील गगन कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा साहिबगंज, नमन कन्डुल कनीय सारणी पुरुष महाराजपुर, राजेश कर्मकार, मानव बल एजेंसी प्रदत आदि शामिल थे। वही छापेमारी के दौरान बिजली विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के भुजल टोला बड़ी भगयामारी, सकरीगली के संजय पाठक, तुलसी चौधरी, फकरिया चौधरी, राम जीवन सिंह, भीम यादव, अजय कुमार चौधरी को बिजली चोरी करते हुए पाए गए। वही मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता दीपक कुमार सिंह ने तालझारी थाना में विद्युत चोरी को लेकर गुरुवार को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वही मामले को लेकर तालझारी थाना प्रभारी प्रमोद कुमार टुडू ने बताया की उक्त मामले को लेकर थाना कांड संख्या- 68/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## राधानगर पुलिस ने अलग अलग मामले में दो आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**उधवा-** राधानगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों में छापेमारी अभियान चलाकर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस ने शुक्रवार को दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वही पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के थाना कांड संख्या 197/14 व जीआर 389/14 के एनबीडब्ल्यू के वारंटी थाना क्षेत्र के बागपिंजरा निवासी रजाक शेख के विरुद्ध मामला दर्ज है। वही कांड संख्या 270/13 के एनबीडब्ल्यू वारंटी थाना क्षेत्र के उधवा दियारा पंचायत के गोलमुद्दीन टोला निवासी रियाजुल शेख के विरुद्ध मामला दर्ज है। इस दौरान दोनों वारंटी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। इस दौरान पुलिस दोनों वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दोनों वारंटी अपने घर में ही छिपे हुए है उधर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर दोनों वारंटियों को घर से गिरफ्तार कर लिया गया जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल में राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रत्नेश्वर साह समेत अन्य सशस्त्र बल मौजूद थे।

## जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान की हुई शुरुआत, 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा यह अभियान



**साहिबगंज-** जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान की शुरुआत शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से हुई। जहां उपायुक्त रामनिवास यादव ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया तथा इस अभियान की ज़िले में शुरुआत हुई। आपको बता दें कि यह जन्म एवं मृत्यु निबंधन से संबंधित राज्यव्यापी विशेष अभियान 14 जुलाई से शुरू होकर 14 अगस्त तक चलाया जाएगा। जिसमें जिले के सभी 162 पंचायतों में इस अभियान के अंतर्गत सभी निबंधन इकाई, यथा पंचायत निबंधन इकाई, सभी शहरी नगर निबंधन इकाई

सभी स्वास्थ्य निबंधन इकाई एवं अन्य निबंधन इकाइयों में विशेष अभियान के तहत जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण किया जाएगा।

जहां जिले में एलईडी वैन के माध्यम से सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में लोगों को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारियां मुहैया कराई जा रही है एवं लोगों को बच्चों के जन्म के पश्चात संबंधित स्वास्थ्य निबंधन इकाई में ही निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे आगे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ने पर कोई परेशानी ना हो एवं सभी को सरकारी योजनाओं का समय लाभ दिया जा सके। वही एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जिले में छूटे हुए बच्चों जिनका जन्म के पश्चात पंजीकरण नहीं हुआ है एवं नए बच्चों का पंजीकरण एवं मृत व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

वही उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि जिन्होंने अपने बच्चों या मृत व्यक्तियों का पंजीकरण नहीं कराया है नजदीकी निबंधन इकाई में पंजीकरण करा ले जिससे उन्हें आगे किसी दिक्कत का सामना ना करना पड़े। इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, अपर समाहर्ता विनय मिश्र, नजारत उप समाहर्ता अमर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सविता सिंह, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर पंडित एवं अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित



**साहिबगंज-** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई।

जहां बैठक के दौरान सदर अस्पताल साहिबगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटालपोखर में अधिष्ठापन सोलर सिस्टम के मरम्मत कराने हेतु निविदा प्रकाशन पर चर्चा, सदर अस्पताल में कैदी वार्ड हेतु भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव पर चर्चा, चलंत ग्राम क्लीनिक की स्थापना हेतु 10 आयुष क्लीनिक एवं 10 चिकित्सा सहायकों का अनुबंध आधारित विज्ञापन प्रकाशन करने आदि पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में उपायुक्त रामनिवास यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को उचित निर्देश दिए। वही बैठक के दौरान उपलब्ध कराए गए उनके नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में उपयोग पर विचार विमर्श किया गया। इसी संबंध में उपायुक्त ने कहा कि नियमित टीकाकरण के लिए मोटर बोट एंबुलेंसओं का उपयोग करें परंतु आपातकालीन एवं विशेष स्थिति में एंबुलेंस का उपयोग स्वास्थ्य सहायता लोगों तक पहुंचाने के लिए करें।

इस बीच जिले में संचालित एमटीसी में भर्ती हुए बच्चों की माताओं के कौशल प्रशिक्षण हेतु सिलाई मशीन उपलब्ध कराने, सदर अस्पताल में पदस्थापित सेंट्रल लैब में साहिबगंज जिला अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सैंपल संग्रहण कर जांच कराने हेतु एभीडी एवं ट्रांसपोर्टिंग काव् व्यय तय करने आदि पर भी चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार अपर समाहर्ता विनय मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, डीएस डॉ. मोहन पासवान, डॉ. विजय आयुष पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सविता सिंह, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित एवं अन्य उपस्थित थे।

## बड़ा कदमा स्थित बीच सडक पर मोबिल लोड वाहन मारी पलटी, कोई हताहत नहीं



**बरहेट-** बरहेट थाना क्षेत्र के साहिबगंज गोविंदपुर मुख्य मार्ग पर बड़ा कदमा स्थित बीच सड़क पर मोबिल डब्बा लोड पिकअप वाहन असंतुलित होकर पलट गई जिससे वाहन में भरा मोबिल का डब्बा बाहर सड़क पर निकल गया। वही बोलेरो पिकअप पलटी होने से किसी तरह की कोई घटना नहीं घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन लिटटीपाड़ा से साहिबगंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान गाडी असंतुलित होकर सड़क के बीचो बीच पलटी हो गई। वहीं वाहन को पलटता देख आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। उधर उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन को स्थानीय लोगों की मदद से मिलकर सड़क से हटाया। वही चालक को हल्की फुल्की चोट आई है फिलहाल बरहेट पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई थी।

**कार्यक्रम** गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण और टीकाकरण के उद्देश्य से -झ्ङ्घ्ह नाम से नया कार्यक्रम लॉन्च किया

## सभी गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के टीकाकरण के लिए व्यक्तिगत ट्रैकिंग, आगामी खुराक और ड्रॉपआउट के फॉलो-अप के लिए डिजिटल पंजीकरण किया जा सकेगा



**कैमुर भभुआ/**अब गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण और टीकाकरण के उद्देश्य से -WIN नाम से नया कार्यक्रम लॉन्च किया है। इस App का इस्तेमाल गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और टीकाकरण करने, प्रसव को रिकॉर्ड करने, नवजात को पंजीकृत करने, जन्म के बाद टीके की खुराक देने और अन्य टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा।यू-विन ( -WIN) पर टीकाकरण सेवाओं, टीकाकरण की ताजा स्थिति, वितरण, नियमित टीकाकरण सत्र कराने की योजना और एंटीजन-वाइज कवरेज (Antigen-Wise Coverage) जैसी जानकारी जुटाई जाएगी। -झ्ङ्घ्ह पर सभी गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के टीकाकरण के लिए व्यक्तिगत ट्रैकिंग, आगामी खुराक और ड्रॉपआउट के फॉलो-अप के लिए डिजिटल पंजीकरण किया जा सकेगा।इससे रिकॉर्ड सहित पूरी टीकाकरण प्रणाली डिजिटल हो जाएगी, जिससे लाभार्थियों को ट्रैक करना आसान हो जाएगी।यूआईपी के तहत टीकाकरण रिकॉर्ड को अब तक मैन्युअल रूप से बनाए रखा जा रहा है। यह फिजिकल रिकॉर्ड रखने की परेशानी को दूर करेगा। यह डिजिटलीकरण और वास्तविक समय के आधार पर टीकाकरण की स्थिति को अपडेट करने में सक्षम होगा।लाभार्थी पहले से टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। पूरे टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटलीकरण होने के बाद लाभार्थियों को मौके पर ही प्रमाण पत्र मिल जाएंगे और वे उन्हें डाउनलोड भी कर सकते हैं। इन प्रमाणपत्रों को डिजी-लॉकर्स में रखा जाएगा।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्रखंड परिसर में लाभुकों के बीच बकरी वितरण



**बरहेट-** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में लाभुकों के बीच बकरी तथा बकरे का वितरण किया गया। वही वितरण कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, वीडियो सोमनाथ बनर्जी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुजीबुल रहमान, लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया। वही वितरण में प्रति लाभुक चार बकरी तथा एक बकरा दिया गया और इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बताया की प्रखंड कार्यालय परिसर में 25 लाभुकों को एक बकरा एवं चार बकरी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत दिया गया। वही बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा की सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है इसलिए आप लोग बेहतर ढंग से बकरी पालन कर आजीविका का स्रोत बना सकते है और जब चाहे इसे बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकते है और आप लोग बेहतर ढंग से बकरी का पालन कर आत्मनिर्भर बनकर अपना आय बढ़ाएं और अनेकों प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है वही बढ़-चढ़कर योजनाओं का लाभ ले और मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भगन मुर्मू, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी मुरलीधरण दिनकर, भ्रमणशील पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार, के अलावा अन्य लाभुक उपस्थित थे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई मण्डलीय समीक्षा बैठक

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलायें- मण्डलायुक्त




**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में शासन की महत्वपूर्ण विकास कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र, सुल्तानपुर जसजीत कौर, अम्बेडकर नगर अविनाश सिंह सहित मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों एवं सभी विभागों के मण्डलीय अधिकारियों के साथ किया गया। बैठक में मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डल के सभी जनपदों में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली एवं अधिकारियों को बाढ़ आने वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय में बदलने के निर्देश दिये। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कैम्प लगाकर ई-के0वाई0सी0 कराने, डाटा संशोधन, नया पंजीकरण कराने के निर्देश दिये। गौशाला की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने मण्डल के समस्त जनपदों में संचालित गौ-आश्रय स्थलों में बाउंड्री वॉल कराने को कहा। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के संचालन की जानकारी ली तथा मण्डल के समस्त जनपदों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिये जिससे आम-जनमानस को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने नहरों की सिल्ट सफाई, राज्यमार्गो का अनुरक्षण, सेतुओं का निर्माण, सोलर पम्प सिंचाई, फसल बीमा योजना, गौवंशों का टीकाकरण, इयर टैगिंग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवनों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, निराश्रित गौवंशों का संरक्षण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण, सहकारिता विभाग के अन्तर्गत समितियों की गठन की स्थिति, जल जीवन मिशन, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा किया एवं प्रगति में सुधार लाने हेतु निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मण्डलायुक्त ने 22 जुलाई 2023 को होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि सड़क के किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाये जाये साथ ही शहरी क्षेत्रों में नन्दन वन को विकसित किया जाय। उन्होंने कांवड यात्रा को लेकर कांवड़ियों के आने-जाने वाले मार्ग तथा मन्दिरों की सफाई कराने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त मण्डलायुक्त ने राजस्व कार्यो की समीक्षा किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में बिन्दुवार विवरण संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन ने प्रस्तुत किया बैठक के अन्त में जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र ने मण्डलायुक्त को ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत मूंज क्राप्ट से बने उत्पादों को भेंट किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया

# आजादी के बाद से आज तक पक्की सड़क ना होने के चलते ग्रामीणों में आक्रोश

**हैदरगंज** -अयोध्या।विकासखंड तारुन की ग्राम सभा इमिलिया में आजादी के बाद से आज तक पक्की सड़क ना होने के चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है । ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है । इसी के साथ ही ग्रामीणों ने आगामी 15 अगस्त को ब्लॉक तारुन पर पहुंचकर शांति ढंग से धरना देने की बात भी कही है । गांव के लोगों की माने तो मामूली बारिश में भी गांव में चलना दुश्वार हो जाता है । भारी कीचड़ के चलते आवागमन के दौरान ग्रामीणों को रोज बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहती है । जबकि ग्राम सभा के लोगों द्वारा सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य सहित क्षेत्र में चुनावी भ्रमण करने आ रहे नेताओं मंत्रियों से भी कई बार पक्की सड़क की मांग किया गया । परंतु चुनाव उपरांत अभी तक गांव में पक्की सड़क नहीं पहुंच सकी है । ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि विपिन सिंह, गंगा प्रसाद दुबे, नलिनीश यादव, सूबेदार दुबे, सुनील कुमार, अवधेश, परवीन, आकाश, शेर बहादुर यादव, उत्तम, दीपक तिवारी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इमलिया गांव में कुल 11 पुरवें हैं । जिसमें गोसाई का पुरवा का पुरवा, अजुर्धन का पुरवा, परौती का पुरवा, झलियहवा, इमिलिया खास, यादव का पुरवा, मुरावन का पुरवा, गड़ेरियन का पुरवा, गोसाई का मठिया, दुबे का पूरवा सहित एक राजस्व गांव चौबेपुर है । गांव की कुल आबादी 38 सौ से लेकर 4000 के आसपास है । और वोटर 2576 के आसपास है । गांव में 2 प्राथमिक विद्यालय है । इंग्लिश मीडियम इमलिया और चौबेपुर प्राथमिक विद्यालय सहित एक राजकरण इंटर कॉलेज भी है साथ ही 1870 से हैदरगंज थाना भी इमलिया गांव में ही है । गांव सभा में सन् 1992 में बने 1800 मीटर के सबसे बड़े खड़ंजा मार्ग का आज भी आवागमन के लिए ग्रामीण उपयोग कर रहे हैं । पिछले चुनाव में अधिकांश ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया था । गांव में पक्की सड़क नहीं होने से बृहस्पतिवार को ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखने को मिली । ग्रामीणों का कहना है कि जहां आज सरकार चौमुखी विकास की बात कर रही हैं । वहीं इस गांव के लोगों को आवागमन की समस्या से रोज ही जूझना पड़ रहा है । इसके चलते सभी ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि गांव में पक्की सड़क का विकास नहीं तो वोट नहीं । नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा और आगामी 15 अगस्त को तारुन ब्लॉक पर शांति ढंग से विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा । विपिन सिंह ने बताया कि मौजूदा सांसद रितेश पांडे से ग्राम सभा के लिए पक्की सड़क की मांग ग्रामीणों ने किया था । जिसके बाद सांसद के पैड पर अधिकारियों ने गांव का सर्वे भी किया । परंतु बाद में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सड़क के लिए सरकार से मंजूरी नहीं मिली । जिसके चलते सड़क नहीं बन पाएगा । यही नहीं पूर्व सांसद व वर्तमान विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, पूर्व विधायक बबलू सिंह, पूर्व विधायक खब्बू तिवारी, वर्तमान विधायक अभय सिंह से भी पिछले कार्यकाल में ग्रामीणों ने सड़क की मांग किया था । परंतु अभी तक गांव के लोगों को सिर्फ खड़ंजा मार्ग से ही दुश्वारियां के बीच निकलना पड़ता है ।

## खास खबर

# स्वास्थ्य विभाग के खेल निराले, 13 वर्षों से जमा बैठा है चिकित्सा अधीक्षक

**अयोध्या ।** अयोध्या में स्वास्थ्य विभाग के खेल निराले हैं। एक चिकित्सा अधीक्षक एक सीएचसी पर 13 वर्षों से जमा बैठा है। अब इसे चिकित्सा अधीक्षक का रसूख कहा जाए या स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही कहा जाए। हर वर्ष स्थानांतरण नीति बनती है और अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले किए जाते हैं । किंतु चाहे सपा शासन रहा हो या बसपा शासन रहा हो या फिर भाजपा का शासन है। रसूखदार चिकित्सा अधीक्षक पर आज तक तबादले की तलवार का कोई असर नहीं हुआ। यह मामला अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर तहसील की सीएचसी मिल्कीपुर का है। इस सीएससी पर चिकित्सा अधीक्षक के रूप में वर्ष 2011 से कार्यरत चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अहमद हसन का 13 वर्ष के बीच में एक बार भी कहीं स्थानांतरण नहीं किया गया। जबकि जनपद के अन्य सरकारी अस्पतालों में हर वर्ष स्थानांतरण किया जाता है। यह वही सीएससी है जहां पर 28 वर्ष से एक स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का कहीं स्थानांतरण नहीं किया गया है और अब यह दूसरा मामला प्रकाश में आया है कि चिकित्सा अधीक्षक भी यहां 13 वर्षों से जमा है। उसका स्थानांतरण एक बार भी नहीं किया गया। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संजय जैन से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही जानकारी कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का आईना होती है-सांसद लल्लू सिंह

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने सोहावल क्षेत्र में आधा दर्जन सड़कों को शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिसमें तहसील सोहावल में हाजीपुर ग्राम में एनएच 27 से पूरे बसहा होते हुए शाही मार्ग तक 520 मी , अरकुना गांव होते हुए बरवा रोड तक 550 मी, अगेथुआ गांव से भुली का पुरवा तक 550 मीटर सड़कों का शिलान्यास व सिडहिर में नाग बाबा मंदिर के सामने से अजय सिंह के ट्यूबवेल तक 200 मीटर इंटरलाकिंग, रामापुर सम्पर्क मार्ग से श्याम मालवीय के घर से होते हुए पन्नालाल के घर तक 140 मीटर, भदोखर में संतोष कोरी के घर से चन्द्रबली के मकान तक 200 मीटर का इंटरलाकिंग का लोकापर्ण शामिल है।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का आईना होती है। क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों का उच्चस्तरीय होना आवश्यक है। डबल इंजन की सरकार में अयोध्या में सड़कों नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण व सुन्दरीकरण हो रहा है। गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़कर बेहतर परिवाहन सुविधा प्रदान की जा रही है। बेहतर आवागमन सुविधा होने से ग्रामीण बाजारों के व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। रोजगार सृ जन को सम्बल मिलेगा।अयोध्या पुरातन कालीन अपने वैभव को प्राप्त कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से लैस अयोध्या का रेलवे स्टेशन, अर्न्तराष्टीय हवाई अड्डा, आवगमन की बेहतर सुविधाओं के साथ अयोध्या पर्यटन नगरी के रूप में विकसित की जा रही है। शहर में नये रेलवे ओवरब्रिजों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे लोगों को जाम की समस्या से झुटकारा मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भान सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू सहित भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो की मौजूदगी रही।

# ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार की दुकान में चोरी

**मिल्कीपुर अयोध्या।**खंडासा थाना क्षेत्र के बहादुरगंज चौराहे के पास स्थित विश्वनाथ ज्वैलर्स एवं बर्तन भंडार के शटर काटकर दुकान में रखे सोने चांदी के आभूषण समेत बर्तन चोरों ने पार कर दिया है।

घटना की जानकारी के बाद क्षेत्राधिकारी आशीष निगम कुमारगंज एवं खंडासा थानों की पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गहन छानबीन की।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के सिधारी बाजार निवासी बर्तन एवं आभूषण व्यवसाई विश्वनाथ बीते बृहस्पतिवार की देर रात अपनी दुकान में ताला बंद कर घर चले गए थे। रात में मौका पाकर चोरों ने दुकान में लगे शटर की चद्दर को किसी धारदार हथियार से काट डाला और अंदर घुस गए। चोरों ने काउंटर में रखे सोने एवं चांदी के आभूषण सहित वर्तन भी पार कर दिए। इसकी भनक न तो पास-पड़ोस के लोगों के हुई और न ही बहादुरगंज चौराहे पर मौजूद ड्यूटी पर तैनात पुलिस पिकेट को ही लग सकी। शुक्रवार की अलसुबह बगल के दुकान वालों ने व्यवसाई विश्वनाथ को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही वह आनन फानन मे घर से दुकान पर पहुंचा तो देखा कि उसका शटर कटा हुआ है। उसने बताया कि शटर कटने की घटना उसने कभी पहले नहीं सुनी थी । बाजार में हुई इस चोरी की वारदात से व्यापारियों में काफी दहशत का माहौल है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने समय से सभी समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

**अयोध्या।** शहर में हर तरफ चल रहे निर्माण कार्यों की वजह से जगह-जगह सड़कों की दुर्दशा हो चुकी है। उस पर वाहन ही नहीं बल्कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। आगामी दिनों में कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश महोत्सव, दुर्गा पूजा और रामलीला महोत्सव का आयोजन होना है। राम मंदिर निर्माण भी हो रहा है। ऐसे में निश्चित है कि इस बार लोग अधिक से अधिक संख्या में अयोध्या पहुंचेंगे, लेकिन सड़कों की हालत दयनीय बनी हुई है। इन्हीं सब मांगों को लेकर दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के पास पहुंचा और रामनगरी में निकलने वाली शोभायात्राओं की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को सुनने के बाद जिलाधिकारी नितीश कुमार ने समय से सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने फतेहगंज रेलवे क्रासिंग के बगल बनने वाली 14 फीट की सर्विस रोड को संभावित 13 सितंबर को निकलने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विसर्जन शोभायात्रा से पूर्व बनाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इसी मार्ग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और दुगार्पूजा की विसर्जन शोभायात्रा के साथ-साथ रामलीला की शोभायात्रा भी निकलती है। सिख एवं सिंधी समाज की शोभायात्राओं का भी यही मार्ग है। फतेहगंज की अति प्राचीन रामलीला स्थल एवं दो परंपरागत दुगार्पूजा स्थल भी ओवरब्रिज निर्माण के कारण प्रभावित हो रहे हैं इसीलिए कार्यों में तेजी लाकर समय से उनको पूर्ण करवाना अत्यंत आवश्यक है।

सहादतगंज से नयाघाट तक निमार्णाधीन रामपथ पर भी कई जगहों पर परंपरागत रूप से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेशपूजा एवं दुगार्पूजा की स्थापना की जाती रही है

# एकादशी पर फूलों से सजे झूले में बैठे भगवान राम-रंगमहल में हर सावन मेले में होती है यह झांकी

**अयोध्या।** रंग महल मंदिर के महंत राम शरण दास महाराज ने कहा कि रंग महल को माता कौशल्या ने भगवान श्रीराम के विवाह के बाद सीता सहित चारो बहुओं को मुंह दिखाई में दिया था। मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीराम, लखन, भरत और शत्रुहन के अलावा इन चारों भगवान की बहुओं में श्रीसीता, उर्मिला,मांडवी और श्रुतिकीर्ति भी विराजमान हैं। इन सभी को चार अलग-अलग झूलों में विराजमान कर हर झूलन को सुगंधित फूलों से सजाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोद्धार सिद्ध संत सरयू शरण अर्थात सरयू सखी ने करीब 300 साल पहले किया था। मंदिर में उन्हीं की बनाई परंपराओं से भगवान की सेवा हो रही है। इसके तहत पूरे सावन महीने यहां झूलन का उत्सव और इस माह की दोनों एकादशी को झूलन को फूलों से सजाकर उसकी झांकी होती है । राम शरण दास महाराज ने बताया कि सावन के दूसरे अर्थात शुक्ल पक्ष की एकादशी को रंग महल में गलबहियां की झांकी होती है।इस अदभुद झांकी में रसिक भाव के अनुसार भगवान श्रीराम और श्रीसीता के हाथ एक दूसरे के कंधे होते हैं। इस झांकी का दर्शन बहुत ही कल्याणकारी होता है। इसका दर्शन करने अयोध्या के संत-महंत सहित दूर से श्रद्धालु आते हैं। गुरुवार की एकादशी पर हुई फूलों की झांकी में सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने झूलन पर सज कर मेरे सरकार आए हैं और करे क्या आप से परदा आदि भजन पेश किया।

# टमाटर के बाद अब सब्जियों के दाम भी सातवें आसमान पर



**सिकन्दरपुर,बलिया।** आम आदमी महंगाई के बोझ से परेशान है। महंगाई लगातार बढ़ रही है। पहले टमाटर और अब हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। सब्जियों के लगातार बढ़ रहे रेट से आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है। वहीं लोगों के खाने की थाली से खाने का स्वाद चला गया है। टमाटर के दाम बढ़ने के साथ अब अदरक और हरी मिर्चा के रेट भी बढ़ चुके हैं। सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं। सब्जियों के बढ़ते दाम ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। टमाटर के दाम में रेकॉर्ड इजाफा हुआ है। टमाटर की कीमतें अभी 120 रुपये से लेकर 160 रुपये तक पहुंच चुकी है। जानकारों के मुताबिक, भारी बारिश की वजह से सप्लाई चेन में रुकावट के चलते सब्जियों के दाम में रेकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। हरी सब्जियों, मिर्च, अदरक जैसी अन्य सब्जियों की कीमतें समान्?य से ज्?यादा बढ़ चुकी हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अगर गुड क्वालिटी के टमाटर खरीदना चाहते हैं तो इसकी कीमत 160 रुपये प्रति किलो है। उन्होंने कहा कि इसके दाम कब कम होंगे इसकी जानकारी नहीं है। बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई कम हुई है। विक्रेताओं के मुताबिक, लोग टमाटर खरीदने भी नहीं आ रहे हैं। शिमला मिर्च, कद्दू, गोभी और बैंगन की कीमत काफी बढ़ चुकी है। गोभी और कद्दू के दाम बढ़ चुके हैं। पिछले 15 दिनों के दौरान सब्जियों की कीमतें बहुत ज्यादा हो गई हैं। एक महीने पहले अदरक 100 रुपये प्रति किलो था और आज यह 300 रुपये किलो हो चुका है। 15 दिन पहले 100 रुपये में सब्जी जरूरत भर की मिल जाती थी, लेकिन आज के समय में 200 रुपये देने के बाद भी ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**बीकापुर-अयोध्या** ।किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार करके कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुभम उर्फ रिसब निवासी मलेथूकनक बीकापुर को बृहस्पतिवार दोपहर मलेथू कनक रेलवे स्टेशन के समीप गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 376 आईपीसी व 3/4पोक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता का आरोप है कि 12 जुलाई बुधवार की रात करीब 10 बजे छत पर सो रही उसकी 16 वर्षीय पुत्री अचानक लापता हो गई। जब तलाश की गई तो किशोरी आरोपी शुभम के घर के समीप पेड़ के पास मिली। और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दिया। मामला अलग-अलग समुदाय को होने के चलते तहरीर मिलने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज की गई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया गया है।

# विकासखंड बीकापुर की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

**बीकापुर-** अयोध्या।विकासखंड क्षेत्र के कोदैला व गंडई ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी रशेष कुमार गुप्ता द्वारा ग्राम पंचायत कोदैला में आवास, हैंडपंप, पेंशन सम्बन्धी आदि जन शिकायतों का स्थल पर ही निस्तारण कराया गया। और आवास के एक लाभार्थी का आवास नही बन पा रहा था, जिसके लिए लेखपाल को स्थल पर जा कर विवाद को निस्तारित करने का निर्देश दिया। पौधरोपण के व्यक्तिगत लाभार्थी शिवकला,व सुमन का पौधरोपण कर कार्य प्रारंभ कराया ,इसके अलावा वृहद पौधरोपण में नथई बाबा तालाब, तेवारी पुरुवा तालाब, तलीवा तालाब, ब्रम्ह बाबा तालाब पर कराये जा रहे पौध रोपण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान गांव में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के घर के सामने आंवला, सहजन आदि प्रजातियों के पौधरोपण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कोदेला पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल में मौजूद खंड विकास अधिकारी रसेश गुप्ता एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे एवं ग्राम पंचायत अधिकारी नसीम खान द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की सूची पढ़कर सुनाई गई भी समीक्षा की गई। जन समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। ग्राम पंचायत में प्रस्तावित अपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भी सत्यापन किया। 14वें एवं 15 वे वित्त के कार्यों का भी लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीणों द्वारा गांव की जन समस्याओं को भी नोट कराया गया। जिसे दूर करने का अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया। चौपाल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का विकास प्रस्ताव भी पढ़ कर सुनाया गया। इस मौके पर प्रधान विनय प्रकाश, ओम प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी नसीम खान, पंचायत सहायक सतीश कुमार, रोजगार सेवक राजेश कुमार यादव, राजस्व लेखपाल सूर्यभान वर्मा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। गंडई ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बलराम यादव द्वारा की गई।

**घटना** — घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उदय कुमार दरोगा

# दुपट्टे से लटके हुए विवाहिता का शव को पुलिस ने किया बरामद जांच में जुटी



**शुभ भास्कर संवाददाता**

बेतिया विनोद कुमार साठी धोबनी धर्मपुर पंचायत के धर्मपुर गांव में वार्ड नंबर 4 में एक विवाहिता का शव साठी पुलिस ने शुक्रवार को दुपट्टे से लटके हुए शव को बरामद किया है घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उदय कुमार दरोगा अरविंद सिंह पीएसआई जितेंद्र कुमार और पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घर के धरण से दुपट्टे से लटका हुआ शव को देखा और उसे नीचे उतारा शव की पहचान धर्मपुर निवासी श्याम सागर शर्मा की पत्नी सविता देवी लगभग उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि सविता की शादी हिंदू रितु रिवाज के साथ 2016 में हुई थी पति श्याम सागर शर्मा लगभग एक माह से विदेश कमाने गया है वहीं सविता 13 जुलाई को गुरुवार को अपने मायके सन सरैया थाना बेतिया मुहफसील से ससुराल आई थी मृतिका को एक 3 वर्षीय बच्ची जिसका नाम पायल कुमारी है वहीं घटना स्थल पर पहुंचे मृतका के पिता प्रेमचंद शर्मा ने इस घटना को आत्महत्या नहीं हत्या की आशंका जाहिर की है इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जिला अस्पताल भेज दिया गया है घटनास्थल से गले में लटका हुआ दुपट्टा एवं मृतिका का मोबाइल को जप्त कर लिया गया है परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है आवेदन मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी पुलिस घटना की हर बिंदु को बारीकी से जांच कर रही है यह घटना हत्या है या आत्महत्या इस पर बारीकी से जांच किया जा रहा है घटना सत्य होने पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।हालांकि आपको बता दें कि पुलिस मृतिका की मोबाइल से कुछ शाक्ष सामने लाने के लिए भी सीडीआर निकलवाने की प्रयास कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ जाए।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




**खगड़िया (बिहार)।** ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद के नारायण मंडल सभागार में खगड़िया विधान सभा क्षेत्र के 150 से 186 मतदान केन्द्रों से सम्बन्धित मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह नगर कार्यपालक पदाधिकारी रणवीर कुमार ने की। सनद रहे, भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफ़ल संचालन हेतु प्री रिवीजन एक्टिविटी के तहत ही प्रशिक्षण आयोजित हुआ। उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निष्पक्ष निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने से संबंधित विशेष जानकारियां दी गई।

# सैनी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान व सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार समारोह का होगा आयोजन

**लक्ष्मणगढ।** समाजसेविका संतरा देवी बागड़ी की 9वीं पुण्यतिथि पर 24 जुलाई को सैनी भवन में सैनी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह व सावित्री बाई शिक्षिका पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित समारोह में सत्र 2022-23 में लक्ष्मनगढ सैनी समाज की 10वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त विधार्थियों के साथ साथ स्नातक व स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ ही सीए,सीएस ,एमबीबीएस ,एलएलबी/ एलएलएम, आईआईटी, सीएमए व ऐसे ही अन्य किसी पाठ्यक्रम की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## ख़ास ख़बर

# जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल नामूपाड़ा में की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शुक्रवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 2 स्थित नामूपाड़ा में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक किया। नामूपाड़ा वासियों ने अपनी जन समस्या जैसे नाली और पीसीसी सड़क की समस्या को नगर पंचायत अध्यक्ष के समक्ष रखा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने जानकारी देते हुए कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो और मोहल्लों में नगर वासियों की जन समस्या का समाधान करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी निमित्त आज नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 2 स्थित नामूपाड़ा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्या से मुझे अवगत कराया। मोहल्ले वासियों की मोहल्ले में नाली एवं पीसीसी सड़क की आवश्यकता एवं समस्या मेरे संज्ञान में आया है। जिस समस्या का जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा। मेरे द्वारा निरंतर नगर पंचायत के अधिकतर जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने की कोशिश की गई है। 2008 से लगातार आज तक नगर पंचायत के सभी 16 वार्डों के मोहल्ले एवं गलियों में जाकर लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्या से अवगत होकर हमेशा निदान करने की कोशिश की गई है। मेरे कार्यकाल में कई एक महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किए गए और कई एक महत्वपूर्ण बृहद महत्वाकांक्षी योजनाएं जल्द ही धरातल पर उतरेगी। मोके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सुनील बाउरी सहित तमाम मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# मोबाइल चोरी करने वाले युवक को बांधा बिजली के पोल से



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जामताड़ा शहर के न्यू पांडेडीह मोहल्ले में स्थित एडवोकेट उमेश चंद्र भैया का निर्माण दिन घर से एक अज्ञात युवक के द्वारा मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ में आने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत एडवोकेट उमेश चंद्र भैया ने बताया कि अपने न्यू पांडेडीह मोहल्ला स्थित घर पर छत की ढलाई के लिए राजमिस्त्री और मजदूर रड बांध रहे थे। उनका झोला जिसमें उनका मोबाइल और भोजन रखा हुआ था वह निर्माणाधीन कमरे में रखा हुआ था। दोपहर के दो बजे जब बिंदापाथर निवासी वरुण हेम्बरम खाना खाने के लिए निर्माणाधीन कमरे में पहुंचे तो देखा कि उनका मोबाइल लेकर एक युवक कमरे से बाहर निकल रहा है। कमरे से बाहर निकलते युवक को मौजूद लोगों ने पकड़ कर पुछताछ की तो वह कुछ भी बोलने में असमर्थता जताई। इसपर उस युवक को बिजली के पोल से बांधकर जामताड़ा थाना को सुचित किया गया। साथ ही मोबाइल चोरी की घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग भी इक्ट्ठा हो गये। खबर लिखे जाने तक युवक कहां का है,उसका नाम पता क्या है ज्ञात नहीं हो सका है। हालांकि थाना प्रभारी अब्दुल रहमान को सुचना मिलते ही पुलिस बल को भेजकर उक्त युवक को अपने साथ थाने ले आई। साथ ही मौके पर मामले की तहकीकात भी की गई।

# हाजियों का जत्था कोलकाता एयरपोर्ट टर्मिनल पहुंचने पर मंत्री हफीजुल हसन ने किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**हज के मुकद्दस सफ़र कर झारखंड के हाजियों का पहला एवं दूसरा जत्था वापस लौटा। हाजियों के लौटने के बाद कोलकाता एयरपोर्ट के हज टर्मिनल में सभी हाजियों का माला पहनाकर मंत्री झारखंड सरकार हफीजुल ने स्वागत एवं इस्तेकबाल कर मुबारकबाद दिया। वहीं हज से लौटे सभी हाजियों के साथ दुआएं की गई। साथ में बंगाल हज कमिटी के चेयरमैन मोहम्मद नदीमूल हक उपस्थित थे।

# प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

**छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित जानकारी दी।**



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/** पुलिस प्रशासन तथा सड़क सुरक्षा समिति के तत्वधान में प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी के अलावे नाला थाना प्रभारी महेशमुंडा मुख्य रूप से मौजूद रहे।थाना प्रभारी महेश मुंडा ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल का अनुपालन करने हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीली बत्ती जलते ही रुकने को तैयार रहें और लाल बत्ती होने पर पूरी तरह रुक जाए। इसके अलावा उन्होंने गति सीमा का अनुपालन करने का भी सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों में शक्ति बरते तभी मिलेगी दुर्घटनाओं से मुक्ति। इसके अलावा उन्हें अन्य वाहनों से उचित दूरी बनाए रखने का भी सुझाव दिया। कहा कि अपने वाहन और सामने वाले वाहन के बीच समुचित सुरक्षित अनुगामी दूरी बनाए रखें साथ ही नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाए।

नशे में वाहन चलाना आपके और सड़क पर अन्य लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने चार पहिया वाहन चलाते वक्त हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करने का भी सुझाव दिया कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान सीट बेल्ट आपकी जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को नजरअंदाज ना करें।

इस दौरान उन्होंने मोटर यान अधिनियम एमवी एक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।कहा कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन से यात्रा करने पर धारा 194 (डी) के तहत 1000 का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन से यात्रा करने पर धारा 194 (ड्ड ) के तहत 1000 का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

इस दौरान उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को अपने अभिभावकों तथा आस-पड़ोस के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि समाज में हो रहे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने के कारण वाहन चालकों में मृत्यु दर की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं घट रही है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक तौसीफ जलीली ने ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सड़कों में लगे साइंन के बारे में भी बताया तथा इंपॉर्टेंट ऑफ सेफ्टी डिवाइस, हेलमेट और सीट बेल्ट के बारे में भी जानकारी दी । इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक तौसीफ जलीली, विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार मंडल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं आदि मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में जामताड़ा के शांतनु एवं विंसेन्ट ने जीता कांस्य पदक




**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** धनबाद जिला वुशु एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता मैं जामताड़ा जिला वुशु एसोसिएशन के दो खिलाड़ी शांतनु सेन 60 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया ।वहीं विंसेन्ट किस्कू 48 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल रहे। दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को जामताड़ा जिला वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारीयो एवं जामताड़ा के खेल प्रेमियों ने सेंट एंथोनी स्कूल के प्रांगण में अभिवादन एवं सम्मानित किया। मौके पर जामताड़ा जिला वुशु एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ .चंचल भंडारी ने कहा कि जामताड़ा जिला वुशु एसोसिएशन का गठन किया हुआ मात्र 3 वर्ष हुआ है।

अभी तक यहां के खिलाड़ीयो ने विभिन्न राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने में सफल रहे हैं। वही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी जामताड़ा जिले के साथ-साथ झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे है । हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में वुशु जैसे मार्शल आर्ट खेल को जामताड़ा जिला में व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ इस खेल को बढ़ावा मिले। इस अभिवादन एवं सम्मान समारोह में मुख्य रूप से डी .डी.भंडारी, मार्शल आर्ट के पूर्व राष्टीय खिलाड़ी एवं जामताड़ा जिला वुशु एसोसिएशन के निदेशक दीपक दुबे, नितेश सेन , हृदयानंद कुमार , जितेंद्र कुमार, राजकुमार वर्मा, सोनू कुमार मल्लिक एवं अशोक मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# केस के अनुसंधानकर्ता अनुसंधान के दौरान स्थल पर अवश्य जाएं ताकि निर्दोष न फंसे- एस पी मनोज स्वर्गियारी



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**एसपी मनोज स्वर्गियारी ने शुक्रवार को सदर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सदर थाने की साफ सफाई, फरियादी व आंगतुकों के पहुंचने को लेकर व्यवस्था आदि का जायजा लिया।

एसपी ने थाना की संचिकाओं के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कांडों की भी समीक्षा की। उन्होनें लंबित कांडों के समय पर निष्पादन और गंभीर मामलों में दर्ज हुए कांडों को प्राथमिकता पर निष्पादन का निर्देश दिया।

इसके बाद एसपी ने थाने के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि छिनतई सहित गंभीर मामलों में दर्ज हुए कांडों को गंभीरता से लें। मामलों का अनुसंधान बारीकी से करें। कहा कि केस के अनुसंधानकर्ता अनुसंधान के दौरान स्थल पर अवश्य जाएं ताकि निर्दोष न फंसे और दोषियों को सजा दिलाया जा सके। एसपी ने लंबित कांडों के निष्पादन में विलंब की वजहें को संबंध में भी पुछताछ किया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बिना कारण कांडों को लंबित न रखें, ताकि समय पर आरोपपत्र न्यायालय में समर्पित हो सके। इससे संबंधित कांड के आरोपी को सजा दिलवाई जा सके। मौके पर इंस्पेक्टर देवेश भगत, थाना प्रभारी अब्दुल रहमान सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुंडहित पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चला दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित /जामताड़ा/**शुक्रवार को कुंडहित पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत अलग-अलग गांवों से दो अलग-अलग मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबन्ध मे कुंडहित थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जीआर केस संख्या 410/15 के मटका हैम्ब्रम उर्फ विभूति हैम्ब्रम को थाना क्षेत्र अंतर्गत बोगोइआडा से तथा जी आर केस संख्या 561/16 के विजय मुर्मू को थाना क्षेत्र के रनचापड़ विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया।

# 'वृक्षमाला' नदी तट संरक्षण महाभियान के तहत वृक्षारोपण कर लोगों को किया गया जागरूक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान के तहत शुक्रवार को महेशमुंडा पंचायत अंतर्गत महेशमुंडा अजय नदी के तट पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने पौधे लगाकर लोगों को नदी तट संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को भी नदी तट संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाई। इस दौरान बीडिओ आकांक्षा कुमारी ने नदी तट संरक्षण की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला।कहा कि वृक्षारोपण से नदी तट की संरक्षण हो सकेगी , मिट्टी का कटाव रुकेगा।साथ ही संबंधित वृक्ष पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी काफी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान उन्होंने वृक्षों की महत्ता एवं इनके बहुआयामी लाभ के बारे में भी लोगों को अवगत कराया।इस अवसर पर बीपीओ गौतम कुमार रूज , कनीय अभियंता सहदेव टूडू,क0अ0रामजतन मुर्मू,कअ सौरभ कुमार, मुखिया भारती मुर्मू,पूर्व मुखिया राजा मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य ममता मंडल,राज कुमार मंडल,सुजीत माजी,रोजगार सेवक अमित कुमार बाउरी ,बालू राय, हेमंत बाउरी,रबीन चक्रवर्ती,मंटु दास, महिला संगठन के सदस्या सहित अन्य ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# घर से पचास हजार लेकर महिला बच्चें के संग हुई फरार

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर शहर के एक मोहल्ले से पांच साल के बच्चे के साथ महिला रहस्मय ढंग से लापता हो गई है । शुक्रवार को लापता महिला के पति ने थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी पुलिस को दिया हैं । उन्होंने पुलिस को बताया है कि गुरुवार की सुबह उसकी पत्नी बच्चे को लेकर बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली । उसके बाद देर शाम तक घर नहीं लौटी। उन्होंने पत्नी और बच्चे की खोजबीन शुरू किया। मगर कोई सुराग नहीं मिला। खोजबीन के क्रम में पता चला कि पर्स में 50 हजार रुपया था। वह पर्स भी गायब है । पति का कहना कि गुरुवार को सुबह घर के सामने दो युवक मंडरा रहे थे । उन्होंने अंदेशा जताया है कि उनकी पत्नी को बहला फुसलाकर कोई भगा कर ले गया है ।साथ में पैसे लेकर भाग गई है । बताया जाता है कि महिला पूर्व में भी प्रेम प्रसंग से शादी रचाई थी । पति बाहर में मजदूरी का काम करता है । काम के दौरान पति की तबीयत बिगड़ गई । फिर महिला दुसरी प्रेमिका के साथ भागने की चर्चा मोहल्ले में हैं । फिलहाल पुलिस मामले में गुमशुदगी का सनहा दर्ज करते हुए छानबीन में जुट गई है ।

# मधुपुर नगर पुस्तकालय के पाठकों ने बिजली समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन




**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र में एक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय परिसर में नगर पुस्तकालय हैं। जिसमें व्याप्त बिजली की समस्या को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर इसे दूर करने की मांग की गई है। पुस्तकालय के पाठक मधुकांत झा,चंदन यादव,विवेक कुमार,आदित्य कुमार आदि ने बताया कि बिजली की समस्या का सामना हम पाठकों को करना पड़ता है। दो कमरे में बिजली अचानक गुल हो जाने से अध्ययन के दौरान परेशानी होती है। साथ ही रविवार को अवकाश खत्म कर पुस्तकालय प्रत्येक दिन खोलने की मांग की है। पाठकों ने अनुमंडल पदाधिकारी से समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए समाधान करने की मांग की है।इस अवसर पर रूपेश कुमार, अमर कुमार,प्रकाश कुमार,रौशन कुमार, मनीष कुमार,राजेश कुमार दास,संतोष दास,विक्रम प्रसाद यादव समेत दर्जनों पाठक मौजूद थे।

**मासीक गोष्ठी** — मासिक गुरु गोष्ठी प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

# प्रखंड संसाधन केंद्र में मासिक गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित/ जामताड़ा /**शुक्रवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। मासिक गुरु गोष्ठी प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। इस दौरान कई बिंदुओं पर सभी शिक्षकों ने विचार विमर्श किया है। जिसमें पोस्ट ऑफिस में खाता जमा करने एवं खोलने की स्थिति, संबंधित विद्यालय जहां राशि अंतरण की गई है वहां किचन गार्डन की स्थिति, पुस्तक वितरण की स्थिति, यू डायस चाइल्ड मैंडेटरी 2021-22 एवं 2022-23 के इभीभी में दर्ज छात्र-छात्राओं की संख्या में अंतर की स्थिति, बैक टू स्कूल कार्यक्रम की स्थिति, इभीभी में कक्षा 01 से 07 तक के मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्ट की स्थिति, वर्ग अष्टम का जाति प्रमाण पत्र की स्थिति, इभीभी में छात्र उपस्थिति, शिक्षक बायोमेट्रिक की स्थिति, एमडीएम एसएमएस की स्थिति, नामांकन वर्गवार जातिवार एवं कोटि वार स्थिति, किसी विद्यालय में बर्तन गैस एवं चुल्हा चोरी होने का आवेदन की स्थिति, प्रयास कार्यक्रम संचालन की स्थिति, सावित्रीबाई फुले एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पर क्रमवार चर्चा की गई।

बीईईओ जया देवी ने कहा कि इन सभी बिंदुओं को पूर्ण और समय पर सभी कार्यो को करना है। उन्होंने निर्देश देते हुए सभी स्कूल प्रभारी को कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अगर उत्पन्न होती है तो आप सीधा प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# रुक-रुक कर वारिश साथ कोसी नदी के जल स्तर में उतार -चढ़ाव से जनता परेसान





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड में नेपाल के तराई क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तटबंध के अंदर बसे लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है गुरुवार की दोपहर 12 बजे कोसी बराज पर पानी का डिस्चार्ज 1 लाख 76 हजार 465 क्यूसेक दर्ज किया गया। उधर जलस्तर में उतार-चढ़ाव होने से कई जगह नदी में तेज कटाव होने लगा है इसकी चपेट में आने से कई लोगों के घर कटकर नदी में विलीन हो रहे हैं। दुबियाही पंचायत के वार्ड 7 में 19 परिवार के घर कटकर नदी में विलीन हो गया है। वहीं पिड़ित परिवारों ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की रात से नदी में कटऑफ लगा है लोगों के घर कटकर नदी में विलीन हो रहे हैं लेकिन अब तक बचाव काम शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक हम लोगों को सरकारी स्तर से किसी तरह की मदद नहीं मिली है इस कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। 2 दिनों से लोगों के घर कटकर नदी में विलीन हो रहे हैं घर में रखे अनाज फर्नीचर सहित अन्य सामान नदी में बह गए हैं। इसके कारण लोग परेशान हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उदासीन बने हैं गुरुवार को कोसी के किनारे बसे लोगों को अपने आशियाना को उजाड़ कर ट्रैक्टर पर सामानों को लादकर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करते दिखे। ग्रामीणों ने कहा कि अब यहां रहना सुरक्षित नहीं है कभी भी नदी उन लोगों के घरों को अपने आगोश में ले सकती है इसके कारण वह लोग घरों को उजाड़ कर अब सुरक्षित स्थान की ओर पलायन करने लगे हैं।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## खास ख़बर

### मानसिक संतुलन खो चुकी है बिहार सरकार,सत्ता से उखाड़े फेकेंगे कार्यकर्ता- भाजपा





**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/**जिले में नगर परिषद अंतर्गत स्टेशन चौक पर पटना में हुए लाठी चार्ज और भाजपा कार्यकर्ता की मौत से गुस्साये भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुपौल के स्टेशन चौक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया .इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम नीतीश कुमार को तनाशाह करार देते हुए सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया .कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रही थी और बिहार पुलिस ने उन्हे बेरहमी से पीट दिया ।जिसमें सैकडो कार्याकर्ता जिंदगी और मौत से जुझ रहे है और एक कार्यकर्ता की मौत का गुस्सा अब भाजपा कार्यकर्ता बर्दाश्त नही करेगा ।

### अनियंत्रित बाइक चालक ने साइकिल सवार छात्राओं को मारी ठोकर, रेफर



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाइन क्षेत्र के जनता बच्चा महतो अनूप उच्च विद्यालय करजाइन के पास सत्संग भवन मोड़ पर गुरूवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक अनियंत्रित बाइक चालक ने साइकिल सवार छात्राओं को ठोकर मार दिया। हादसे में साइकिल सवार दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे रेफरल अस्पताल राघोपुर में भर्ती कराया गया।बताया जाता है कि करजाइन थाना क्षेत्र के गौसपुर निवासी आशियाना (16) पिता अहमद अली और बौराहा निवासी नुसरत प्रवीण (15) पिता जमालुद्दीन करजाइन हाईस्कूल से पढ़कर एक साइकिल से अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में सत्संग भवन मोड़ के पास सामने से आ रहे एक बाइक पर सवार ट्रिपल लोडिंग चालक ने अनियंत्रित होकर साइकिल सवार छात्राओं को ठोकर मार दिया। हादसे के बाद मौके से बाइक छोड़कर चालक सहित अन्य फरार हो गए। वहीं ठोकर की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल छात्राओं को ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल राघोपुर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ओपी पुलिस ने 5 लीटर देशी चुलाई के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, भेजा जेल




**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत ललितग्राम ओपी पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर आदिवासी टोला से 5 लीटर देशी चुलाई शराब समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा उक्त गिरफ्तार व्यक्ति लक्ष्मीनियां वार्ड 10 का निवासी इंद्रानंद झा उर्फ पप्पू झा है। जानकारी में ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए उसे 5 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

# प्रदर्शनकारी शिक्षक नेताओं और शिक्षकों पर कार्यवाई लोकतंत्र की हत्या है- पंकज सिंह,प्रदेश अध्यक्ष





**राज्यकर्मी घोषित करने को लेकर लाखों शिक्षकों ने किया था विधान सभा घेराव**

**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/** जिले के छातापुर प्रखंड में 11 जुलाई को लाखों प्रारंभिक,माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,पुस्तकालयाध्यक्षों व शारीरिक शिक्षकों का एक मात्र मांग राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ व माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त आह्वान पर लाखों शिक्षक गर्दनीबाग, पटना पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से मानसून सत्र के दौरान बिहार विधानसभा का घेराव किया था। तत्क्षण सदन में सत्ताधारी दल और प्रतिपक्ष के माननीय विधायकों व विधान पार्षदों ने मुखर रुप से पूर्व से बहाल नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देने का आवाज बुलंद किया था। जिस पर सरकार की ओर से सकारात्मक पहल करते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और वित्त मंत्री विजय चौधरी ने सदन के सदस्यों को आश्वस्त कराया था कि सत्र समाप्ति पश्चात माननीय मुख्यमंत्री स्वयं शिक्षक नेताओं से वार्ता कर नई अध्यापक नियमावली का रिव्यू कर समस्याओं का हल निकालेगी। तब जाकर प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षक संघ ने आन्दोलन स्थगित किया था। सरकार के सकारात्मक पहल से शिक्षकों के बीच अच्छा संदेश गया था।लेकिन समूचे बिहार भर में प्रदर्शनकारी शिक्षक नेताओं और शिक्षकों पर दंडात्मक कार्यवाई का पत्र जारी होने से शिक्षकों में भारी रोष उत्पन्न हो रहा है। उक्त बातें बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए आज कहा। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से अविलंब इस तरह के अलोकतांत्रिक कृत्य पर रोक लगाने की मांग किया है। कहा कि अध्यापक नियमावली 2023 प्रकाशित होने के बाद से ही संघ लगातार बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर आन्दोलनरत है। नियमावली संशोधन को लेकर निरंतर सरकार से पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन बातचीत के लिए आमंत्रित नही किए जाने पर सरकार को सूचित कर पटना प्रशासन से अनुमति लेकर मानसून सत्र के दौरान शांति पूर्ण ढंग से विधानसभा के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया,जो हम सबों का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे में शिक्षा विभाग प्रदर्शनकारी शिक्षक नेताओं और शिक्षकों पर नियमविरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही कर शिक्षकों के गुस्से को भड़काने का कार्य कर रही है। देश संविधान से चलता है और संविधान के तहत हर नागरिक और कर्मचारियों के प्रदत अधिकारों को कुचलने का मतलब है संविधान की हत्या करना।कहा कि प्रदर्शनकारियों पर कार्यवाई लोकतंत्र की हत्या हे। कहा कि दुर्भावना से ग्रसित होकर धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले नेतृत्वकर्ताओं को टारगेट कर बिना वजह नोटिस भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है,जो बर्दाश्त से बाहर हो रहा है। कहा कि जब नियम कानून के तहत प्रदर्शन किया गया

## शिक्षक के समर्थन में बिधान सभा मार्च कर रहे भा ज पा के कार्यकर्ता पर हुए लाठी चार्ज में मनाया काला दिवस



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में नगर परिषद के स्टेशन चौक पर शिक्षकों के समर्थन में विधानसभा मार्च कर रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में पूरे बिहार में काला दिवस मनाया जा रहा है उक्त बातें भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव ने स्टेशन चौक पर नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव का पुतला दहन करते हुए कही ,उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सत्ता के नशे में निरंकुश हो गए है, नीतीश कुमार जी का हिटलर शाही बिहार की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी और उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। वही नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर ने कहा कि बिहार सरकार लोकतंत्रात्मक ढंग से प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी डंडे से प्रहार करवा कर अपने क्रूर चेहरे को उजागर किया है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ईट से ईट बजा देगी, वही संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष प्रधान ने कहा कि महागठबंधन की सरकार को अगर लोकतंत्र पर भरोसा रहता तो उनके द्वारा कभी भी अलोकतांत्रिक कार्य नहीं किया जाता, बिहार की जनता एक-एक लाठी का हिसाब सरकार के विरोध में अपना मत देकर आने वाले समय में देगी , वही नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव ने कहा कि नीतीश कुमार का क्रूर चेहरा इमरजेंसी की याद दिलाती है भाजपा कार्यकर्ता विजय सिंह जी की शहादत बेकार नहीं जाएगी भाजपा कार्यकर्ता आने वाले समय में एक-एक लाठी का हिसाब लोकतंत्रात्मक ढंग से लेगी । वही कार्यकर्ता गगनभेदी नारा लगाते हुए नीतीश- तेजस्वी मुर्दाबाद, महागठबंधन मुर्दाबाद, नितीश कुमार होश में आओ जैसे नारा लगाते हुए पुतला दहन किया,कार्यकर्ता हाथ में काला पट्टी बांधकर बिहार सरकार का विरोध कर रहे थे कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष राहुल कुमार झा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ,सरोजा झा, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह मुन्ना, कुणाल कुमार, सुरेश कुमार सुमन ,रणधीर ठाकुर, सुमन कुमार ,महेश देव, परमानंद सिंह, नलिन जायसवाल, गिरीश चंद्रठाकुर, अमरनाथ ठाकुर, गौरी शंकर मंडल, जयंत मिश्रा, विशाल मिश्रा, सुमित कुमार, भोलानाथ जायसवाल, संतोष महतो, सुमन कुमार सिंह, मोहम्मद जहीर, रंजू झा, सुशील चौधरी, बलराम कामत, दिनेश राम, श्याम पोदार, रंजीत कामत, राजेश कामत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## पटना से ए एन एम कॉलेज पहुची जांच टीम



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में पटना से बीएमएसआईसीएल के जीएम इम्तियाज अहमद गुरुवार को सुपौल सदर प्रखंड स्थित सुखपुर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे. जहां उन्होंने सुविधाओं की जांच की इस दौरान हॉस्टल में रह रही छात्राओं से समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान तमाम छात्राओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जीएम को अवगत कराया। इस दौरान जीएम ने समस्याओं के निदान के लिए प्रोजेक्ट मैनेजर और संवेदक को 1 सप्ताह के भीतर सभी कमी को दूर करने का निर्देश दिया है।जांच टीम सभी समस्या से अवगत भी हुए और अस्वस्थ भी हुए । इस दौरान सुपौल सदर के एसडीएम मनीष कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ वार्ड पार्षदों के आमरण अनशन पर पूर्व विधायक एवं एस डी एम ने करवाया खत्म



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली, सुपौल/**जिले में निर्मली नगर पंचायत निर्मली के कार्यपालक पदाधिकारी शशिकांत व अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ड पार्षदों एवं अन्य का आमरण अनशन लगभग 38 घंटे बाद बुधवार देर शाम 8.30 बजे समाप्त हो गया.इस दौरान पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव व निर्मली एसडीएम संजय सिंह के द्वारा समयावधि में कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर अनशनकारी व उनके समर्थक तत्काल अनशन खत्म करने पर राजी हुए. इसके साथ ही अनशनकारियों में प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए साफ तौर पर कहा कि 8 अगस्त तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो 9 अगस्त से पुनः निर्मली शहर के बोथरा चौक से आंदोलन आरंभ होगा. बता दें कि नगर पंचायत निर्मली के कार्यपालक पदाधिकारी शशिकांत के द्वारा कार्यालय वेश्म में गत 22 जून को नगर पंचायत निर्मली वार्ड नं0 10 के वार्ड पार्षद निशांत जैन के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए उखाड़ लेने की बात कही गई थी और पुलिसिया कार्रवाई की भी धमकी दे दी गई थी. इसका वीडियो भी वायरल हुआ था. इसे लेकर वार्ड पार्षद निशांत जैन, मिथिला स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय सचिव विनीत शेखर, समाजसेवी नारायण दास, वीरेंद्र कुमार साह, मनोज राम, विक्रांत झा और अन्य लोग आमरण अनशन पर थे. अनशनकारियों के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दल व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ आमलोग भी डटे हुए थे. सभी को पूर्व विधायक यदुवंश यादव, एसडीएम संजय कुमार सिंह, व थानाध्यक्ष पंकज कुमार के द्वारा जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया गया ।

### चार आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर भेजा जेल




**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर,सुपौल/**जिले के किसनपुर पुलिस ने बुधवार की रात अलग-अलग पंचायतों में छापेमारी कर चार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। थानाध्यक्ष मो महबूब आलम ने बताया कि किशनपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 10 निवासी आरोपी संजय कुमार और राजपुर पंचायत के वार्ड 6 निवासी मो निजामउद्दीन व शिवपुरी पंचायत के नरही शिवपुरी निवासी शिव शंकर यादव, और फुलेंद्र मुखिया को गिरफ्तार किया है। उन्होंने ने बताया कि सभी आरोपीयों कों जेल भेजा दिया गया है।

### दैनिक शुभ भास्कर का छपे खबर का असर, स्कूल परिसर में लगे गंदगी हुआ साफ



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दुबियाही में गुरुवार को पत्रकार सरोज कुमार पहुंचा था जहां स्कूल परिसर में बने शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिसको लेकर अखबार में खबर प्रकाशित हुआ था खबर छपते ही स्कूल प्रधान बिना देरी किए शौचालय को साफ सफाई करवाया और टूटे फूटे जगह का मरम्मत भी करवाया। साथ ही शौचालय में गेट भी लगवाया है। वही प्रमोद कुमार प्रवीण ने बताया की हम तो साफ सफाई करवाते है लेकिन गांव के ही लोग आकर गंदगी उत्पन्न करते है मेन गेट में जब ताला लगा देते है तो दिवाल फांदकर कुछ लोग अंदर प्रवेश कर यत्र तत्र पेखाना कर देते है जो शरासर गलत है। अगर यहां के लोग स्कूल परिसर में गंदगी नहीं फैलाये तो हमारे स्कूल में कभी भी गंदगी नहीं मिलेगा। वहीं आज शौचालय साफ कराने के बाद स्कूल के मैदान के चारों तरफ फूल लगवा रहे है। अब प्रयास करेंगे की कोई भी बाहरी आदमी स्कूल परिसर में बिना अनुमति का नही आए ।

**मौत** दोबारा जब उनकी पत्नी वापस खेत पर आई तो अपने पति को खेत में पड़ा हुआ देखा।

## ट्रैक्टर से खेत जोतने गए किसान का संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पुलिस जुटी जांच में



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर छातापुर सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत बलुआ थाना क्षेत्र बिशनपुर शिवराम वार्ड 13 में शुक्रवार सुबह पत्नी के साथ ट्रैक्टर से खेत जोतने गए किसान का संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गया।दोबारा जब उनकी पत्नी वापस खेत पर आई तो अपने पति को खेत में पड़ा हुआ देखा।उसके बाद उन्होंने हो हल्ला मचाना शुरू कर दिया।जिसके बाद शोर सुनकर आसपास के लोग भी स्थल पर पहुचे।जिसके बाद लोगो ने इसकी सूचना बलुआ थाना को दिया।वही परिजनों व लोगो की सूचना पर पहुँची बलुआ पुलिस ने उसे बीरपुर अस्पताल भेज दिया।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वही घटना के बाद पुलिस ने मामले की पुछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है।जानकारी देते हुए उनकी पत्नी बुचिया देवी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7 बजे अपने पति महेंद्र दास (45)के साथ ट्रैक्टर लेकर अपने घर से डेढ़ किलोमीटर दूर धान रोपाई के लिए खेत तैयार करने गया था।जहाँ खेत में पानी डालने के लिए पंप सेट लगाकर वो वापस घर आ गयी।फिर कुछ देर बाद वो धान का बिछड़ा उखाड़ने पास के ही खेत में गयी जहा बिछड़ा उखाड़ कर जब वो खेत वापस गई तो देखा कि उनका पति खेत में पड़ा हुआ है।जिसके बाद वो हो हल्ला मचाना शुरू कर दिया।कहा कि उसके पति का किसी धारदार हथियार से मारकर हत्या की गई है।क्यों कि उनके पति के सर में गहरा चोट का निशान था। जिससे काफी खून जा रहा था।वही जब वो पति के साथ खेत पर पंप सेट लगा रही थी तो उस दौरान कुछ अज्ञात लोग खेत के आसपास छाता लेकर घूम रहे थे।वही लोग घटना को लेकर तमाम तरह के चर्चाएं कर रहे थे।मौके पर मौजूद सरपंच सदानंद रान, वार्ड सदस्य गुलाब दास ने बताया कि मृतक महेंद्र दास का किसी से कोई खास दुश्मनी नही था।लेकिन उनके सर पर जिस तरह से जख्म का निशान था।उनका शर्ट बुरी तरह फटा हुआ था।ईधर महेंद्र की मौत से परिजनों के चीख पुकार से माहौल गमगीन था।पत्नी बुचिया देवी का रो रो कर बुरा हाल था।मृतक महेंद्र दास अपने घर का अकेला कमाने वाला सदस्य था।वो घर पर रहकर गाड़ी चालक व खेती बाड़ी करता था।उनके मौत के बाद अब उसे दो पुत्री आशा कुमारी,सोनम कुमारी व पुत्र अमरेश कुमार के लालन पालन को लेकर उनकी पत्नी चिंतित थी।वही एक पुत्री अम्बिका देवी का शादी दो वर्ष पूर्व नरपतगंज में हुआ है।ईधर बलुआ थाना अध्यक्ष प्रमीला कुमारी ने बताया कि सूचना मिलने पर वो स्थल पर पहूंची थी जहां परिजनों ने कहा कि सास चल रही है।जिसके बाद उसे बिरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपौल सदर अस्पताल भेज दिया गया है।तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है।

## जगदीशपुर पॉवर स्टेशन की हाल बेहाल, क्षेत्र में 15-घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड में करजाईन थाना क्षेत्र अन्तर्गत जगदीशपुर बिजली पॉवर स्टेशन की बिजली सप्लाई का कार्य इस दिन चरमरा सी गई है। जिन्हें देखने वाला कोई नहीं है। इस पॉवर स्टेशन से करजाईन, गोसपुर, रतनपुर, जगदीशपुर, हरिराहा, बौराहा, बायसी,मंशापुर, कोहबाराआदि बाजार व गांव तक बिजली पहुंचती है। इस बारे में उपभोक्ताओं ने बताया कि इससे अच्छा तो राघोपुर बिजली स्टेशन ही था। बिजली की आपूर्ति ठीक से हुआ करती थी। मगर जब से इस क्षेत्र को जगदीशपुर व कटैय्या पॉवर स्टेशन से जोड़ दिया गया है। बिजली की आपूर्ति कभी ठीक नहीं रहती है। जगदीशपुर पॉवर स्टेशन कॉल करने पर हर वक्त 33 हजार में फॉल्ट का कारण कह कर बिजली आपूर्ति ठप होने का हवाला देते हैं। इधर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति नियमित नहीं होने से उपभोक्ता, कारोबारियों व पठन-पाठन में बाधाएं होती हैं। मगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था दिन प्रतिदिन बद से बत्तर होती जा रही है।इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है। उपभोक्ता ने बताया कि अगर क्षेत्र में हल्की सी भी बारिश हुई तो विभाग की पोल खुल कर नजर आने लगती है। क्षेत्र में 15 घंटे तक बिजली की आपूर्ति नहीं होती है। पूछे जाने पर या तो फोन कॉल रिसीव नहीं करते या फोन उठाने पर ठीग ढंग से बात तक नहीं करते। जिस कारण बिजली विभाग के प्रति लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारियों का इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए जांच की मांग की है।इस बारे में बिजली विभाग ईजक्युटीव ने बताया कि कटैय्या 33 हजार की हालत जर्जर होने से आपूर्ति होने में कठिनाईयां हो रही है।

## ख़ास ख़बर

# कटिहार सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में एक महिला ने दिया 3 बच्चों को जन्म, चर्चा का बना विषय



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**रौतारा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव से एक प्रस्तुता मरीज को शुक्रवार की सुबह 10 बजे डिलीवरी कराने के लिए सदर अस्पताल प्रसव वार्ड लाया गया था। जहां प्रसव वार्ड में तैनात नर्स और चिकित्सक के द्वारा पहले मरीज का जांच रिपोर्ट देखा गया। इसके बाद उनका प्रसव कराया गया। प्रसव के दौरान महिला ने 3 बच्चों को जन्म दिया। दो बेटी और एक पुत्र है और इस दौरान अस्पताल में मौजूद चिकित्सक और नर्स के द्वारा काफी सावधानी बरती गई और नॉर्मल डिलीवरी कराया गया। जहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और इस डिलीवरी की चर्चा पूरे सदर अस्पताल में हो रही है। जैसे ही लोगों को पता चला है कि एक महिला ने 3 बच्चों को जन्म दिया। उन बच्चों को देखने के लिए लोगों की भीड़ प्रसव वार्ड में उमड़ परी। गौरतलब हो कि सदर अस्पताल का प्रसव वार्ड हमेशा किसी न किसी विवादों से घिरा रहता है। लेकिन इस बीच इस खबर के बाद प्रसव वार्ड में कार्यरत चिकित्सक डॉ सुनीता कुमारी, नर्स अनुपम अमन, रीना कुमारी सहित अन्य नर्सों के द्वारा किए गए कार्यों को देखकर सभी मरीज और उनके परिजन व अन्य लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं।

# किशनगंज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवम बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा बैठक



**किशनगंज- 14 जुलाई।(अली रजा)/**किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में विशेष सर्वेक्षण एवम बंदोबस्त से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में किशनगंज जिला अन्तर्गत चल रहे विशेष सर्वेक्षण में शिथिलता पर डीएम के द्वारा तीनो प्रखंड के शिविर प्रभारी एवम सभी कर्मी को कड़ी चेतावनी दी गई। डीएम ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं कानूनगो सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाए। यह बिहार सरकार का समयबध योजना है, इसलिए इसे ससमय कार्य पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। शिविर प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जिस कर्मी के द्वारा कार्य में लापरवाही की जाती है तो उन कर्मी पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्त्ता, सभी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी-सह-शिविर प्रभारी, कानूनगो एवं अमीन अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# दंपति हत्याकांड मामले में एक और आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा जेल

**साहिबगंज-** जिरवाबाड़ी ओपी थाना क्षेत्र के धोबी झरना के निकट भावनाथ न्यू कॉलोनी में बीते दिनों 25 जून को हुई दंपति हत्याकांड मामले में ओपी पुलिस ने शुक्रवार दोपहर एक अन्य आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि बीते दिनों ओपी पुलिस ने दंपति हत्याकांड मामले में दो लोगों को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ कर रही थी जहां रिमांड पर लिए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान युवक पवन कुमार पंडित की संलिप्तता सामने आई थी जिसे कांड संख्या 160/23 के आरोप में जेल भेज दिया गया है।

# हजारीबाग जिला में कल होने जा रहा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह

**संवाददाता /हजारीबाग सोहेल किरमानी/**पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे हजारीबाग पहुंचने पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला में कल होने जा रहा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को देखने के लिए पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। हजारीबाग की धरती में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह होगा जहां एक मंच पर एक साथ 2 हजार से अधिक टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा।अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 हजार बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जिन्होंने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उनके लिए कल सुबह 8.00 बजे से 10.00 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।10 वीं एवं 12 वीं के सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड में 80त्न व उससे अधिक नम्बर प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा, हजारीबाग जिला टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही साथ हजारीबाग के उन प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने




अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।पासवा द्वारा 2 लाख से ज्यादा 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चों को अब तक पूरे देश में सम्मानित किया जा चुका है।अब तो कई संस्थायें हमारी तर्ज पर बच्चों को सम्मानित कर रही हैं।16 साल तक बच्चों की परवरिश करने के बाद जब बच्चे 10 वीं की परीक्षा पास करते हैं और जब इन बच्चों को इतने बड़े मंच पर मान्यता और पहचान मिलती है तो माता पिता के खुशी का ठिकाना नहीं होता है और बच्चों को सम्मानित होता देख इनकी आंखों से आंसू तक निकल जाते हैं।प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए 9 वें क्लास से ही बच्चे और अभिभावकों की तैयारी शुरु हो जाती है जिससे बच्चों को फायदा होता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा झारखण्ड पासवा 47 हजार से ज्यादा निजी विद्यालयों का राज्य में प्रतिनिधित्व करती है और पासवा का सर्टिफिकेट जब देश के शैक्षणिक संस्थानों में दिखाया जाता है तो बच्चों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।उन्होंने कहा प्राइवेट स्कूलों की जो भी समस्यायें हैं उसके निराकरण का गंभीरतापूर्वक प्रयास करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने हजारीबाग पासवा के कार्यों की सराहना की एवं कहा कि बिपीन कुमार,मींकू कुमार,उमेश प्रसाद,श्वेता वर्मा के नेतृत्व में पूरे हजारीबाग के पदाधिकारी एवं एक्टिव कार्यकर्ता सम्मान समारोह की सफलता के लिए पूरे जी जान से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कल 15 जुलाई को पूर्वाह्न 10.30 बजे झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का उद्धघाटन करेंगे।इस मौके पर प्रदेश पासवा उपाध्यक्ष बिपीन कुमार ने कहा ऐतिहासिक समारोह में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, पासवा महासचिव नीरज कुमार एवं कई शिक्षाविद विशेष तौर पर बच्चों को सम्मानित करेंगे।सभी बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट तथा प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को मोमेंटो के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।पूरी पासवा टीम होनहार भारत के भविष्य का स्वागत करने के लिए पलकें बिछाए हुए तैयार है। संवाददाता सम्मेलन में हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल,श्वेता वर्मा मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# संभावित बाढ़ और अत्यधिक वर्षापात को लेकर किशनगंज डीएम ने पोठिया और बहादुरगंज प्रखंड के कटाव स्थल का किया

**किशनगंज 14 जुलाई (अली रजा)** किशनगंज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिला में सम्भावित बाढ़ एवम अत्याधिक वर्षापात को लेकर जिला के विभिन्न क्षेत्रों का खासकर पोठिया और बहादूरगंज प्रखंड के कटाव स्थल का भ्रमण किया। सड़क कटाव और तदनुसार राहत एवम बचाव का जायजा भी लिया। बता दें कि रात्रि से हो रहे वर्षापात के कारण कई पंचायत में सड़क कटाव होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। तदालोक में डीएम सुबह में पोठिया के बुधरा और दामलबाड़ी पंचायत में जलजमाव और रोड कटाव का निरीक्षण करने पहुंचे। बुधरा पुल रामगंज बेलवा रोड पर अत्यधिक पानी का बहाव होने से अंदर के 7 पंचायत का संपर्क भंग हो गया था।ग्रामीण कार्य प्रमंडल के



अभियंता को युद्ध स्तर पर कार्य कर आवागमन बहाल करने का निर्देश दिया गया।इसी प्रकार चिचुआबाड़ी पोठिया सड़क के डायवर्सन पर जलजमाव से डायवर्सन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आवागमन बंद हो जाने पर संबंधित विभाग के अभियंता को वैकल्पिक मार्ग तैयार करने का निर्देश दिया गया।बगल में निर्माणधीन पुल को अस्थाई रूप से अप्रोच तैयार कर हल्के वाहन के आने जाने हेतु कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। बहादुरगंज अंचल के महेशबथना पंचायत मसानगांव ग्राम में सड़क कटाव का भी डीएम ने निरीक्षण कर संबधित अभियंता को ह्यूम पाइप लगाने और वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडलाधिकारी,संबंधित विभागीय अभियंता और अंचलाधिकारी उपस्थित थे।डीएम ने अत्यधिक वर्षापात में सड़क कटाव,जल जमाव ,वैकल्पिक व्यवस्था हेतु कार्य को लेकर गुणवत्ता के साथ मानक अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया है।

# नवोदय विद्यालय की तैयारी के लिए किशनगंज की शैक्षणिक संस्थान आईडियल एकेडेमी उम्मीद

**किशनगंज 14 जुलाई (अली रजा)**किशनगंज नगर के मारवाड़ी कालेज के सामने स्थित जिला के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान आईडियल एकेडेमी इन दिनों जबरदस्त सुर्ख़ियों में है क्योंकि आईडियल एकेडेमी में नवोदय विद्यालय में दाखिले की तैयारी करने वाले बच्चों का नवोदय विद्यालय में दाखिला हुआ है। सिर्फ यही नहीं बल्कि पिछ्ले कई वर्षो से आईडियल ऐकेडमी में तैयारी करने वाले बच्चों




का नवोदय विद्यालय में दाखिला होता आ रहा है। आईडियल ऐकेडेमी के संचालक मास्टर औरंगजेब और उनके सहयोगियों की कड़ी मेहनत और लगन से ईस शैक्षणिक संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहाँ नवोदय इन्ट्रांस एक्जाम के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों मीडियम में तैयारी कराई जाती है जहाँ लड़के और लड़कियों दोनों के लिए हास्टल की सुविधा भी उपलब्ध है।

ईस संबंध में आईडियल ऐकेडमी के संचालक मास्टर औरंगजेब का कहना है कि हम उन बच्चों के लिए कड़ी मेहनत करते हैं जिनको नवोदय विद्यालय में पढ़ाने की ईच्छा है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ क्लास स्टार्ट हो चुकी है और इस बार entrance एग्जाम भी जनवरी माह में ही है।

# कटिहार सदर अस्पताल में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी है आशा स्वास्थ्य कर्मी, मासिक मानदेय का कर रहे हैं मांग



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**सदर अस्पताल में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे आशा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि उनकी 9 सूत्री मांग है और उनकी प्रमुख मांग मासिक मानदेय का है उन्होंने बताया कि इसी मांग को लेकर पूरे बिहार के साथ कटिहार जिले में भी आशा स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने स्वास्थ्य केंद्र पर हड़ताल पर बैठी है इसी कड़ी में शहरी क्षेत्र के सभी आशा स्वास्थ्य कर्मी सदर अस्पताल में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं और जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक उनका हड़ताल जारी रहेगा इस बीच बड़ी संख्या में आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में बैठी हुई थी।

# हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर के जिला रिपोर्टर सोहैल किरमानी ने किया रक्तदान



**संवाददाता/हजारीबाग सोहेल किरमानी/** मानवता सेवा के लिए हजारीबाग जिला रिपोर्टर सोहेल किरमानी ने किया रक्तदान शुक्रवार को जिला अस्पताल में एक वृद्ध महिला का दुर्घटना हो गया जिसमें वृद्ध महिला का एक पैर टूट गया डॉक्टर ने आनन-फानन वृद्ध महिला को ऑपरेशन के लिए बोले तभी डॉक्टर ने कहा कि एक यूनिट खून की भी आवश्यकता पड़ेगी तभी मोके पर उपस्थित दैनिक शुभ भास्कर के जिला रिपोर्टर ने अपना रक्त को दान किया और अपनी बात रखते हुए कहे कि रक्तदान महादान है जो हर व्यक्ति को करना चाहिए हमारे रक्त से किसी की जान बच जाए यह सबसे बड़ी मानवता सेवा है

# वार्ड सदस्य पति की ठनका गिरने से मौत



**करगहर (रोहतास)** थाना क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार को कल्याणपुर पंचायत के मधुरापुर गांव के समीप धान की रोपनी का कार्य कर रहे वार्ड सदस्य के पति के समीप तेज गर्जन के साथ ठनका गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कल्याणपुर ग्राम पंचायत के मथुरापुर वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्य मीना देवी के पति सुग्रीव पासी गांव के बधार में रोपनी का कार्य कर रहे थे। इस बीच बिना बारिश के तेज चमक? और गर्जन के साथ उन पर ठनका गिर गया। समीप में रोपनी का कार्य कर रही एक दर्जन से अधिक महिला मजदूर चमक और तेज आवाज से जमीन पर गिर पड़ी और भय से रोपनी का कार्य छोड़ कर घर चली गई। सुग्रीव पासी को छोड़कर किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद गंभीर स्थिति में ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें सदर अस्पताल सासाराम पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**महासभा** हजारीबाग में खतियानी परिवार का आकस्मिक बैठक सम्पन्न हुआ।

# "बदलाव संकल्प महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का खतियानी परिवार का समर्थन"

**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**आज दिनांक 14/7/23 को केंद्रीय अध्यक्ष नागेश्वर मेहता की अध्यक्षता में जे पी एम अस्पताल हजारीबाग में खतियानी परिवार का आक्समिक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि खतियानी महा जुटान द्वारा आयोजित बदलाव संकल्प कार्यक्रम जो दिनांक 16/7/23 को गांधी मैदान हजारीबाग में सुनिश्चित है उसका खतियानी परिवार झारखंड तन मन धन से समर्थन करेंगे। सर्वविदित है कि स्थानीय नियोजन नीति को झारखंड में लागु करवाने के लिए खतियानी परिवार झारखंड राज्य अलग बनने से लेकर आज तक अनवरत संघर्षरत है परन्तु



स्थानीय नियोजन नीति झारखंड में लागू नहीं हो पाया इसके लिए परिवार चिंतित हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे झारखंड में स्थानीयता की सोच रखनेवाले तथा झारखंड की माटी , जल जंगल जमीन बचाव हेतु कार्य कर रहे तमाम संगठनों के साथ एक दूसरे का सहयोग कर हीं अपने मुहिम में सफल हो सकते हैं।इसी मुहिम के तहत रणनीति बनाने हेतु तथा झारखंडी भाई बंधुओं को जागरूक करने के लिए उक्त कार्यक्रम आयोजित है।आप तमाम खतियानी परिवार भाई बन्धुओं, माताएं बहनें, युवा युवतियों से झारखंडी जोहार सहित आग्रह है कि दिनांक 16/7/23 के 11 बजे गांधी मैदान पहुंच कर बदलाव संकल्प सभा को सफल बनाने में कोई कोर कसर न छोड़ें।बैठक में खतियानी परिवार के महासचिव मो हकीम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ ए के मेहता, अधिवक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष शंभू कुमार , केन्द्रीय उपाध्यक्ष अजय मेहता , सचिव डा भुनेश्वर महतो , संरक्षक डॉ सी पी दांगी , प्रवक्ता डॉ सुरेन्द्र कुमार, प्रदेश सचिव समता दैनिक दल , श्रवण कुमार रवि कोषाध्यक्ष , जिला अध्यक्ष दीपक मेहता, संरक्षक रीता देवी , हंजला हाश्मी बिन्दु देबी, नीलम मेहता, कविता मेहता, अनवरहुसैन ,मो असलम ,विजय ओझा , बाबू भाई विद्रोही , द्वारिका साव, विजय यादव, राजेन्द्र स्वर्णकार आदि शामिल थे

# छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है हम मानहानि का केस करेंगे- प्रदीप प्रसाद

**संवाददाता/ सोहैल किरमानी/** आज दिनांक 14/07/2023 को आप सबों के माध्यम से आम आवाम के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए यह कहना चाहता हूँ कि एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मेरी छवि को धूमिल करने का कुछ लोगों सबो के माध्यम से सर्व सामान्य को बताना चाहता हुँ कि दिनांक 1/04/2012 को स्व. अरुण कुमार श्रीवास्तव (अधिवक्ता ) एवम् मेरे बीच एक एकरारनामा हुआ उस एकरारनामें के अनुसार मैं 1180000/ (ग्यारह लाख अस्सी हजार रूपयें। खर्च कर खाता न. 18 प्लोट न0 341 के लगभग 2000 वर्गफीट भूमि पर एक दुकान का निर्माण करवाया (भूमि का विवरण एकरारनामें में उपलब्य है) और शान्ति पूर्वक अपने भाइयों के साथ



उपरोक्त दुकान का संचालन करता रहा तथा एक -रारनामें के अनुसार हर पाँच वर्षो में किराये की राशि में 25% कि राशि का वृद्धि करता रहा । स्व. अरुण कुमार श्री वास्तव के मृत्यु के उपरान्त भी उपरोक्त दुकान पर मैं शान्ति पूर्वक बुक काविज रहा परन्तु अचानक 26/06/2023 को स्व0 अरुण कुमार श्री वास्तव के पुत्र राजीव रंजन श्री वास्तव एवम् संजय श्रीवास्तव द्वारा एक वकालतन नोटीस उपरोक्त दुकान को खाली करने के सम्बन्ध में मुझे भेजा गया जिसका प्रत्युत्तर मेरे द्वारा दिनांक 03/07/2023 को भेजा गया मेरे द्वारा भेजा गया प्रत्युत्तर प्राप्त होने के पश्चात राजीव रंजन श्रीवास्तव एवंम् संजय श्रीवास्तव आक्रामक हो गये इसी बीच चूंकि उपरोल दुकान जो लगभग दस द्वारा प्रयास किया गया हैं। मैं आप वर्ष पुराना हो चूका हैं इस कारण वश दुकान का साज सज्जा का कार्य किया जा रहा था जिसे शमीव रंजन श्रीवास्तव एवम् संजय श्रीवास्तव द्वारा बल पूर्वक बन्द करा दिया गया।आप सबों के माध्यम से रखते हुए यह व दिनांक 12/07/2023 को जब मेरा भाई चाबी के अभाव में ताला तोड़कर दुकान का साज सज्जा करवाना चाह रहा था, इसी क्रम में रंजीत रंजन श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव पुर्णिमा श्रीवास्तव पति राजीव रंजन श्रीवास्तव हेमा श्रीवास्व पति संजय श्रीवास्तव आए और वहाँ उपस्थित लोगों से भी हाथापाई करने लगे तथा बीच-बचाव करने आए लोगों पर, भी उपरोक लोगों ने हमला कर दिया। जिससे उपरोक्त लोगों का यह मंशा जाहीर होता हैं कि ये पूरा प्रकरण सिर्फ और सिर्फ मेरे छवि को धूमिल कर दुकान खाली करवाया जा सके

## खास ख़बर

# भाजपा ने किया मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**मोतिहारी 14 जुलाई अशोक वर्मा/**भारतीय जनता पार्टी द्वारा गाँधी चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। पटना में पार्टी द्वारा आहूत विधानसभा मार्च के दौरान बर्बर पुलिसिया करवाई के विरूद्ध आज काला दिवस मानते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय, गांधी कॉम्प्लेक्स से पैदल मार्च करते हुए गाँधी चौक पर पहुँचे जहाँ पुतला दहन किया गया। गौरतलब है कि पटना में पुलिस द्वारा किये गए लाठी चार्ज में जहानाबाद जिला महामंत्री विजय सिंह की देहांत हो गया। जिसको लेकर भाजपा द्वारा आज प्रदेश में काला दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने कहा कि पटना के शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च में बिहार की निरंकुश और अत्याचारी सरकार के आदेश से सैकड़ों कार्यकर्ताओं, सांसद एवं विधायकों को जिस प्रकार अंधाधुंध लाठियों के प्रहार से लहूलुहान किया गया, यह नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की आपराधिक प्रवृत्ति का ज्वलंत उदाहरण है। श्री अस्थाना ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र की हत्या के समान है। बिहार सरकार द्वारा जहानाबाद के जिला महामंत्री की हत्या, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों पर की गई बर्बर करवाई बेकार नहीं जायेगी। पार्टी के कार्यकर्ता और बिहार की जनता इसका जवाब अवश्य देगी। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

# गावां प्रखंड 20 सूत्री द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बैठक हुई सम्पन्न



**गावां** प्रखंड सभागार में दिन शुक्रवार को 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में दिन शुक्रवार को बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र रविदास ने किए।बैठक में मुख्य रूप से विभाग के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि आदि शामिल रहे .गावां प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सभी विकास शील योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। गांवा प्रखण्ड क्षेत्र में हो रहे.अन्य योजनाओं की कर्मवार कार्यो की जानकारी ली गई। क्षेत्र मे हो रहे शिक्षा विभाग की लापरवाही पर विशेष चर्चा कर सुधार में लाने का निर्देश दिया साथ ही आपूर्ति पेयजल एंव जेएसएलपीएस ,श्रम विभाग ,स्वास्थ्य समेत 20 सूत्री के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के द्वारा प्रतिवेदन देने की बात कहा गया मौके पर श्री राम यादव ,मरगुब्ब आलम द्धह्वद्मह्यश्चह्य ड्डश्चद्ब मनोज दास, प्रखंड के सभी विभाग के ब्लॉक कर्मी एंव प्रतिनिधि उपस्थित थे

# प्रखंड सभागार में हुआ बैठक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान हेतु किया गया चर्चा



**सुचित पांडेय की रिपोर्ट/**रामपुर- प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय पाठक के नेतृत्व में दिनांक 14/7/23 को किया गया बैठक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान हेतु किया गया चर्चा। ग्राम पंचायत खरेंदा, बड़कागांव,अमाव में निर्माण हो रहे अवशिष्ट प्रबंधन को 1 सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। और स्वच्छता द्धह्वश्चद्दह्लश्चद्दह्ल-को निर्माण हो रहे सोक पिट,नाली आउटलेट,जक्शन चैम्बर को प्रति दिन अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखिया गण उपस्थित रहें।

# भाकपा माले जिला कमिटी,पूर्वी चंपारण ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुशवाहा उर्फ जीतू कुशवाहा हत्याकांड की जांच कर रिपोर्ट जारी की



**मोतिहारी,14जुलाई अशोक वर्मा/**भाकपा माले की एक जांच टीम ने पिपरा थाना क्षेत्र के महुआवां गांव का दौरा किया और वहां मृतक जितेंद्र कुशवाहा पिता जयगोविंद भगत के परिजनों और अन्य ग्रामीणों से मिलकर घटना के संबंध में जांच पड़ताल किया।जांच टीम में भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य विष्णुदेव प्रसाद यादव,वरिष्ठ जिला नेता कॉमरेड भैरव दयाल सिंह,भाग्यनारायण चौधरी,मोतिहारी नगर कमिटी सदस्य रंजन कुमार शामिल थे ।

जितेंद्र कुशवाहा तीन भाइयों में मझिल थे।और उनके पिता भी जिंदा हैं।जितेंद्र कुशवाहा दोनो भाइयों से अलग होकर मुजफ्फरपुर - मोतिहारी एनएच किनारे घर बनाकर अपने परिवार के साथ रहते थे।मृतक के दोनो पुत्र क्रमशः कुणाल कुमार और कुंदन कुमार एक आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं और दूसरा इलाहाबाद से बी फार्मा कोर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।पत्नी सुमन देवी गृहिणी हैं। वे वर्ष 2016 से 2021 तक चकिया प्रखंड के महुआवा से पंचायत समिति के सदस्य थे।उनके बड़े पुत्र कुणाल ने घटना के संबंध में बताया कि मेरे पिता जी पहले स्थानीय भाजपा विधायक श्यामबाबू यादव के साथ रहते थे।उनके सिफारिश पर परसौनी किशुनपुर पंचायत में उनको पंचायत भवन और सामुदायिक भवन बनवाने का टीका मिला था जिसमे डॉक्टर संजय कुमार भी शामिल थे जो भाजपा के जिला महामंत्री हैं।एग्रीमेंट मेरे पिता जी के नाम से था।इसलिए उन्होंने कर्ज उठाकर बहुत सारा पैसा उसमे लगाया और दो वर्ष पहले ही काम पूरा फाइनल करा दिया।लेकिन विधायक ठेकेदारी का पैसा पेमेंट नही होने दे रहे थे अब मामला क्या था ?मुझे जानकारी नहीं है लेकिन इसको लेकर वे बहुत तनाव में रहते थे और अनेकों बार विधायक और संजय डॉक्टर से उनका झगड़ा भी हुआ था।

जिस संबंध में उन्होंने एक वीडियो भी बनाकर एक रोज पहले सोशल मीडिया पर डाला था।जिसमे उन्होंने ने अपने हत्या की आशंका जाहिर की थी।प्रतिदिन की भांति 10जुलाई 2023 को भी वे सुबह में टहलने निकले थे मगर काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर जब परिजनों और गांव के अन्य लोगों द्वारा खोजबीन शुरू की गई। तो खोजने के क्रम में ही पता चला कि घर से पूर्व तरफ एक पोखरा में लाश है।जिसको देखने पर पता चला की यह लाश जितेंद्र कुशवाहा की है जिसका खोपड़ी नही था।हत्या कैसे और कौन चीज से और कहां करके लाश पोखरा में फेंक दी गई दी? अभी भी स्पष्ट नहीं है।अन्य सभी लोगों ने भी कुणाल के बयान की पुष्टि किए हैं।उनके दरवाजे पर मौजूद सभी लोगों ने पुलिस की अभी तक की भूमिका पर असंतोष और आक्रोश जाहिर किया है।पुलिस राजनीतिक दबाव में केस को रफा दफा करना चाहती है।इसीलिए नामजद एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अभी तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।जिसमे मुख्य अभियुक्त स्थानीय विधायक श्यामबाबू यादव हैं।वीडियो भी पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।अतः भाकपा माले जांच टीम मांग करती है कि -1.जितेंद्र कुशवाहा हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को न्यायालय से जल्द सजा दिलाई जाए।2.मृतक के आश्रितों को 25लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए।3.उनके दोनो लड़के की पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाए।4.हत्यारों द्वारा सजा से बचने के लिए केस के मुदई और गवाहों की भी हत्या की आशंका है इसलिए पुलिस प्रशासन उनके सुरक्षा की गारंटी दे

# पंचायत की समस्याओं को लेकर मुखिया प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से किया मूलाकात



**कैमूर** जिले के मुखिया प्रतिनिधि मंडल के द्वारा शुक्रवार को जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार से मिलकर पंचायत की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया।

बताते चलें कि शुक्रवार को कैमूर जिले के मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ पिंटू के नेतृत्व में जिले के मुखिया प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार से मुलाकात किया गया।

जहां पर अपने क्षेत्र की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया और विकास कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा मुखिया प्रतिनिधि मंडल की एक एक समस्या को ध्यान पूर्वक सुना गया और उस पर विचार करने का आश्वासन भी दिया गया ।

इतना ही नहीं मुखिया प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिलाधिकारी को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत भी किया गया। इस मौके पर दुर्गावती प्रखंड के सावठ पंचायत के मुखिया सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू ,डुमरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार सिंह पिंकू , जेवरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार सिंह दीपक , सहित काफी संख्या में मुखिया मौजूद रहे।

# शिबू सोरेन कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन




**बोरियो-** शिबू सोरेन जनजातीय डिग्री कॉलेज बोरियो में एक दिवासीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए डेलिगेटस ने भाग लिया। उधर राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो. बिमल प्रसाद सिंह कुलपति सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, विशिष्ठ अतिथि स्थानीय विधायक सह शासी निकाय के अध्यक्ष लोबिन हेंब्रम, विवि के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा, प्राचार्य मॉडल कॉलेज राजमहल सह विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. रणजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम, प्राचार्य ठाकुर जी एवं अन्य शिक्षक छात्र गणमान्य बुद्धिजीवी उपस्थित थे। जहां सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, पुष्पमाला, शॉल, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व विवि का कुलगीत से किया गया।

# अंचलाधिकारी ने मझुई पंचायत में पहुंचकर पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण हटवाने एवं पंचायत भवन बनवाने की बनी सहमति



**संवाददाता सिंगासन सिंह यादव/**कैमूर चैनपुर प्रखण्ड के मझुई गांव में बिहार सरकार की जमीन होंगे अतिक्रमण से मुक्त। जिस पर अंचलाधिकारी पुरेन्द्र कुमार सिंह ने उनके गांव पहुंचा । और उनके परिवार वालों से मिला। और बताया कि इस अतिक्रमण जमीन पर पंचायत भवन बनाना है। इसलिए आपलोगो को इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करना पड़ेगा। जिस पर लोगों ने कहा कि हमलोग भूमिहीन है।

हमलोगो को रहने के लिए जमीन नहीं है। ठीक है हम जमीन छोड़ देते हैं। हमे और कही और जमीन मुहैया कराया जाएं। जिस पर अंचलाधिकारी पुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा बसने के लिए भूमिहीनों को जमीन दी जाती है। इसलिए आपलोग परेशान नहीं हो। योजना का लाभ मिलेगा।

इसके लिए हम अनुशंसा कर देंगे। इसके बाद आगे की प्रतिक्रिया बढ़ाने के साथ कुछ समय लगेगा। लेकिन जमीन मिलेगी। इस आश्वासन के बाद जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की करवाई को आगे बढ़ाया गया। और जल्द ही आने वाले समय में इस जमीन पर पंचायत भवन बनेगा। इस जमीन पर गांव के परमेश्वर प्रसाद गोंड, सुरेंद्र सिंह की पत्नी सरोज देवी, बबुआ गोंड, राधो गोंड, गोवर्धन गोंड सहित अन्य लोग शामिल हैं। जो कि काफी दिनों से अतिक्रमण कि हुए हैं।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दुर्गावती में सीएम नीतीश कुमार का फूंका पुतला



**दुर्गावती** बाजार में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। इसके साथ हीं नीतीश मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। बता दे कि पटना में बीजेपी कार्यकर्ताओं के उपर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया जिसमें बीजेपी के एक कार्यकर्ता की लाठीचार्ज में चोट लगने से मौत हो गई। जबकि दूरदराज से आए बीजेपी कार्यकर्ता विधायक सांसद को भी पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया जिसका आज विरोध करते हुए कैमूर जिले के दुर्गावती में नितीश कुमार का पुतला फूंका गया।वही रामगढ़ विधान सभा के प्रभारी व प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान बताया कि हम लोग शांतिपूर्वक भ्रष्टाचार, शिक्षक बहाली और भी कई मुद्दे पर पटना के गांधी मैदान से मार्च निकाल रहे थे तभी नीतीश कुमार के गुंडों ने हम लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया जिसमें हमारे एक कार्यकर्ता की सरकार के लोगों द्वारा हत्या कर दी गई वही आने वाले समय में बिहार की जनता इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।

# दो अलग जगहों पर ठनका गिरने से दो गंभीर रूप से घायल एक की मौत



**कैमूर-** जिला के दो अलग क्षेत्रों में ठनका गिरने से एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल। मिली जानकारी के अनुसार भभुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवों गांव में आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई करते वक्त दो महिला सोमारी देवी पति नारायण राम उम्र 40 वर्ष एवं पूनम देवी पति मोतीराम उम्र 35 वर्ष दोनों खेत में धान रोपाई की कार्य कर रही थी जो बुरी तरह से झुलस गई जिन्हें परिजनों द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल भभुआं लाया गया। चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। वही जिला के कर्मचारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मढ़इचा गांव में देर शाम आकाशीय बिजली गिरने की वजह से ग्रामवासी सुशीला देवी पति शिव कुमार यादव की मौत हो गया।

**जायजा** रोड की स्थिति बहुत ही खराब है

# सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सह संयोजक एवं सदस्य मिलकर विभिन्न मार्ग का भरमन करते हुए पाया की कोतवाली बड़ी इमामबाड़ा से लेकर सराय किला घाट इमामबाड़ा की हालात का जायजा लिया



**भागलपुर/** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सह संयोजक एवं सदस्य मिलकर आज विभिन्न मार्ग का भरमन करते हुए पाया की कोतवाली बड़ी इमामबाड़ा से लेकर सराय किला घाट इमामबाड़ा की हालात का जायजा लिया उसके बाद तिलकामांझी यूनिवर्सिटी गेट के सामने रेकाबगंज होते हुए मुस्लिम डिग्री कॉलेज की स्थिति बिल्कुल खराब है साथ में मुस्लिम स्कूल गेट के पास एनएच का रोड कटा हुआ है हमारे शिया समुदाय के बड़े इमामबाड़े के पास नाली का पानी बह रहा है साथ ही साथ रोड की स्थिति बहुत ही खराब है ऐसी स्थिति में जिस प्रकार से भागलपुर में मोहर्रम पर्व का आगाज होने जा रहा है बड़ी संख्या में पैकर की उपलब्धि रहती है क्योंकि सावन महा एवं मोहर्रम यह दोनों पर्व श्रद्धा का है और सभी समुदाय के लोग पैकर के बनते है साथ ही एक साथ दौड़ते रहते हैं मैं जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन से निवेदन करते हुए कहना चाहता हूं की जिस प्रकार पैकर नंगे पांव दौड़ते हैं उसका ख्याल रखते हुए सभी रोड को दुरुस्त एवं रोड पे नाले के पानी बहते हुए रिकाबगंज की रोड की स्थिति बहुत ही खराब है अभिलंब उसको ठीक कराया जाए दो-तीन रोज पहले जिस प्रकार से नगर आयुक्त के द्वारा सेंट्रल मोहर्रम कमेटी एवं जिला शांति समिति बैठक रखी गई थी उस बैठक में नगर आयुक्त द्वारा कमेटी भी बनी है मैं उस कमेटी के सभी अधिकारी से निवेदन करते हुए कहना यह चाहता हूं कि नगर आयुक्त द्वारा जिस प्रकार से कमेटी का गठन किया गया है उसमें कमेटी से भी निवेदन करते हैं की सभी सदस्य अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाए यह महत्वपूर्ण पर्व है साथ में जिला शांति समिति के सोनू घोष ने नगर आयुक्त की बैठक में बूढ़ानाथ मंदिर की तरफ बड़ी इमामबाड़ा जोकि आक्रमण किया हुआ है उसे जल्द से जल्द कचरा को साफ करवा दिया जाए नगर इमामबाड़ा भरमन कर्म में उपस्थित सह संयोजक मो तकी अहमद जावेद, सैयद जीजा हुसैन, इम्तियाज हक, अननी खान आदि उपस्थित थे

# जिला परिषद सदस्य ने बंद पड़े ट्यूबेलो को चालू कराने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गावती/**दुर्गावती प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दुर्गावती भाग 2 दीपक यादव के द्वारा शुक्रवार को जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार से मिलकर क्षेत्र में बंद पड़े ट्यूबेलो की समस्या से अवगत कराया गया और उन्हें ज्ञापन सोते हुए बंद पड़े ट्यूबेलो को चालू कराने का मांग किया गया। आपको बताते चलें कि जिला परिषद सदस्य दुर्गावती भाग 2 दीपक यादव के द्वारा अपने क्षेत्र का दौरा किया गया जहां पर किसानों के द्वारा उन्हें जानकारी दिया गया की दुर्गावती प्रखंड के अवर्हिया, सावठ, रोहुआ कला, बड़हरा इत्यादि जगहों पर लगाया गया ट्यूबेल बंद पड़ा हुआ है। जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही है। जिला परिषद सदस्य के द्वारा शुक्रवार को इस संबंध में जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार से मिलकर उन्हें जानकारी दिया गया और एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें मांग किया गया कि किसानों की समस्या को देखते हुए बंद पड़े हुए ट्यूबेलो को चालू कराया जाए जिससे किसानों को खेती करने में सहूलियत मिल सके। वहीं जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही बंद पड़े सभी ट्यूबेलो को चालू करा दिया जाएगा।

# 93 बोतल किंगफिशर बियर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार अपाचे मोटरसाइकिल जप्त



**कैमूर-** जिला के चांद थाना प्रशासन द्वारा 93 बोतल किंगफिशर बियर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए, अपाचे मोटरसाइकिल को किया गया जप्त। थाना अध्यक्ष सचिन कुमार से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के शराबबंदी कानूनों को संकल्पित भाव से पालन करते हुए, नशे व न नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में गुप्तचरों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कोनहरा नहर पुल के पास छापेमारी किया गया। जिस क्रम में अपाचे मोटरसाइकिल गाड़ी संख्या बी आर 01 एफ टी 2229 की जांच कर किंगफिशर बियर 500 एम एल का 93 बोतल परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिस जुर्म में बियर सहितअपाचे मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए, दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार तस्कर रजनीश कुमार सिंह पिता मनीष कुमार सिंह ग्राम- चांदो रूईया एवं सूरज कुमार पिता महेंद्र कुमार सिंह ग्राम -सीवों दोनों थाना भभुआं के निवासी बताए जा रहे हैं।

# लाठीचार्ज और हत्या के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस!, बिहार में महागठबंधन की भ्रष्ट,क्रूर और निरंकुश सरकार!- संतोष साह

**भागलपुर/**पटना में भाजपा द्वारा आयोजित शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च पर नीतीश सरकार के बर्बर अत्याचार व अलोकतांत्रिक कार्रवाई के खिलाफ आज विजयमित्रा मंडल के अंतर्गत खलीफाबाग़ चौक पर काला दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्रदर्शन एवं नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव का पुतला दहन का भी कार्यक्रम किया गया।इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि प्रदर्शन में लाठी चटकाना नीतीश कुमार जी की नियति बन गई है नीतीश कुमार जिसके संगत में है उनका काम ही था लाठी चलाना तेल पिलाना÷बिहार की निकम्मी महाठगबंधन सरकार ने भाजपा के कार्यकर्त्ता की हत्या का महापाप किया है।उनकी गलती बस इतनी थी कि वे बिहार सरकार के कुशासन के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए थे अंग्रेजी हुकूमत की तरह नीतीश सरकार के बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज में बीजेपी नेता विजय कुमार सिंह जी की मृत्यु लोकतंत्र का काला अध्याय बन गया है।शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर राज्य प्रायोजित हिंसा को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।नीतीश जी भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश ना करें।निवर्तमान अध्यक्ष रोहित पांडेय विजय कुमार जी की मौत नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना भाजपा परिवार एवं विजय सिंह के परिजनों के साथ है।बंटी यादव ने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों के अधिकारों के लिए बिहार की बर्बर नीतीश-तेजस्वी सरकार के खिलाफ संघर्ष करते हुए भाजपा के महामंत्री, जहानाबाद विजय सिंह ने अपनी आहुति दे दी।प्रीति शेखर ने कहा कि सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक चलवाई गयी लाठियों से भाजपा कार्यकर्ता विजय सिंह की मौत की जिम्मेदार नीतीश सरकार को तुरंत इस्तीफ़ा देना चाहिए।पूर्व जिला अध्यक्ष हरिवंशमणि सिंह ने कहा कि खुलकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है अघोषित आपातकाल है।इस अवसर पर नभय चौधरी, दिलीप निराला, रोशन सिंह, राजकिशोर गुप्ता, नितेस सिंह, योगेश पांडेय, अभय घोष, निरंजन साह, मनीष रविदास, सुनीता गोस्वामी, प्राणिक वाजपेयी, प्रकाश साह,आरती यादव, अमदीप साह, चंदन ठाकुर ,विनोद सिन्हा, पंकज सिंह,शशि मोदी,आशीष सिंह, निरंजन चंद्रवंशी, प्रतिक आनंद,पंकज गुप्ता, सुबोध सिंह चंदेल,आदित्य पांडेय, विक्की साह, धर्मेन्द्र बबलू,स्वेता सिंह, शशांक घोष, चंदन पांडेय,पिंकी बगोरिया, संगीता शर्मा, अनुज झा, शीतकंठ नीरज, ओम प्रकाश, नीरज, प्रीति पाण्डेय, अमित ट्विंकल, संजीव गुप्ता, रिंकु वर्मा, लक्ष्मी साह, हेमंत शर्मा, रोहित सिंह, राजकुमार यादव, राहुल तोमर संदीप शर्मा, करण शर्मा, डेजी श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, कुन्दन सिंह, कुश पांडेय, नन्दीकेश शाण्डिल्य, सौरभ, आलोक सिंह, आनंद पासवान, अंकित भगत,माखन चन्द्रवंशी, पृथ्वीराज, सुधीर चौधरी, निक्कू चौबे रवि शर्मा अमित शर्मा, गौरव सिन्हा, रितेश घोष, मोहित मिश्रा, चंदन कर्ण, मोहित सिंह, हर्ष उत्सव, मंगलमूर्ति ने पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित हुए।




## खास ख़बर

### जुआ खेलते पार्षद पति सहित 14 को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भागलपुर/रिपोर्ट—शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के साहिबगंज मोहल्ले में पार्षद पति कुंदन यादव के घर के पास चल रहे जूआ अड्डे पर पुलिस ने देर रात छापेमारी की, अड्डे की घेराबंदी कर पुलिस ने जुआ के अड्डे से पार्षद पति सहित 14 लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने अड्डे से 2 लाख 7 हजार 790 रुपये,17 ताश की गड्डी, 16 मोबाइल बरामद किया है गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड नंबर 9 के पार्षद पति कुंदन कुमार यादव गोसाई दासपुर का मंटू यादव सुभाष मंडल पवन कुमार दास हसनगंज सुंदरम कुमार अनुज गोसाईं दास रूपेश यादव कुतुबगंज का सुनील चौधरी गोसाईं दासपुर राहुल कुमार बिशनपुर का देवानंद मंडल साहिबगंज का इफ्तिखार हुसैन गोगा का विपिन कुमार मंडल लालूचक का रूपेश कुमार शाहपुर का योगी मंडल शामिल है, विश्वविद्यालय ललमटिया नाथनगर और सीआईडी की टीम छापेमारी में शामिल थे, विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष मोहम्मद दिलशाद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### वार्ड नंबर 13 के पार्षद सह स्थाई समिति के सदस्य रंजीत मंडल को विश्वविद्यालय थाना ने किया गिरफ्तार



**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,नगर निगम के वार्ड पार्षदों की गिरफ्तारी का सिलसिला लगातार जारी है ,आज वार्ड नंबर 13 के पार्षद सह स्थाई समिति के सदस्य रंजीत मंडल को विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल 8 अप्रैल को परबती की रहने वाली मुस्कान कुमारी नामक महिला ने थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि वार्ड पार्षद रंजीत मंडल और उनके दो भाइयों के द्वारा उनके पति के साथ लाठी-डंडे के साथ पार्षद सहित उनके भाइयों के द्वारा मारपीट की गई वही पीड़िता ने बयान दिया था कि उनके भी कपड़े पार्षद के द्वारा फाड़े गए हैं पति-पत्नी जब बाजार से लौट रहे थे। जिसको लेकर विश्वविद्यालय थाना पुलिस के द्वारा मामला दर्ज किया गया था। जिसमें कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत किया गया, जिसको लेकर आज विश्वविद्यालय पुलिस ने रंजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। वही उन्हें जेल भेज दिया। वही गिरफ्तार पार्षद का कहना है कि चुनावी रंजिश के कारण उन्हें फसाया गया है।

### आशा कार्यकर्ताओं ने गेट किया हड़ताल



**बौंसी। निज संवाददाता/**आशा संयुक्त संघर्ष मंच के आह्वान पर आशा कार्यकर्ता 9 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई।हड़ताल की वजह से बौसी रेफरल अस्पताल में कामकाज भी प्रभावित हुआ।क्षेत्र की आशा ने अपने मांगों के समर्थन में रेफरल अस्पताल भवन समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। इस सामूहिक प्रदर्शन में सभी कार्यकर्ता और सदस्यों ने सामूहिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हिस्सा लिया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण सहित बंध्याकरण और अन्य कार्य हड़ताल के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभाव टीकाकरण के कार्यों पर पड़ रहा है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विनिता कुमारी,अनिता झा, कुसुम बाला देवी आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ता के ऊपर लाठीचार्ज लोकतंत्र की हत्या है- संतोष साह



**भागलपुर/**भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लाठी-गोली की सरकार मे लोकतंत्र की आज धज्जियाँ उड़ गई है महागठबंधन की क्रूर और निरंकुश सरकार ने बिहार की जनता की हक के लिए आयोजित शांतिपूर्ण पैदल मार्च पर लाठीचार्ज आँसू गैस के गोले से प्रहार और पानी की बौछारो से अपनी तानाशाही मानसिकता का प्रमाण दिया है भाजपा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही थी कहीं कोई उग्र प्रदर्शन नहीं किया।उन्होंने सवाल किया कि जब शांतिपूर्ण प्रदर्शन था तो लाठियां क्यों चलाई गई? एक शांतिपूर्ण मोर्चे पर इस प्रकार लाठी बरसाना सरेआम गुंडागर्दी है। एक-एक लाठी का जवाब बिहार की जनता जरुर देगी बिहार में बदलाव तय है।नीतीश कुमार की तानाशाही आज साफ देखने को मिली है। जिस बर्बरता से लाठीचार्ज की गई है नीतीश कुमार भीष्म पितामह हैं।वही भाजपा नेता विजय कुमार सिंह की मौत पर भागलपुर बीजेपी के नेताओं ने इस घटना पर दुख जताकर कहा कि हमने एक बहुत साहसी कार्यकर्ता को खोया है जिसकी आहुति को बेकार नहीं जाने देंगे।जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने बताया कि भागलपुर के भी कार्यकर्ता के ऊपर लाठीचार्ज किया गया है जिसमे कार्यकर्ता घायल हो गए है।

## राजनीतिक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को विरोध करते वक्त अपने व्यवहार एवं कार्यशैली पर नियंत्रण रखना भी जरूरी होता है!-डॉक्टर प्रोफेसर सलाहउद्दीन अहसन



**भागलपुर/**पटना डाकबंगला चौराहा की घटना पूरी तरह निंदा का विषय है! राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर मिर्च पाउडर से हमला किया,पुलिस जवानों से हाथापाई की, धक्का-मुक्की की,और अपशब्द बोले,जो की पूरी संवैधानिक मर्यादा के विपरीत कार्य थे!सत्ता से बेदखल होने के बाद शायद बहुत ज्यादा ही बौखलाहट में आ गई है बिहार की वर्तमान विपक्षी पार्टियां और उसके नेता लोग!मणिपुर पूरी तरह से जल रहा है और गृह मंत्री साहब दूसरे प्रदेशों की सरकार बनाने और गिराने में व्यस्त हैं!और बिहार में भी अराजकता पैदा कर विपक्षी पार्टियां अपने फायदे की रोटियां बनाना चाहती है!

आज की दुर्घटना में हमारे कुछ राजनीतिक भाई बंधु वं बहन कुछ छोटे लगी है या गंभीर दुर्घटना हुई है,यह बड़ा ही खेद का विषय है!हम लोगों के राजनीतिक जीवन शैली में ऐसी घटना का कोई स्थान नहीं होना चाहिए!

हमारी सरकार आज के घटनाक्रम के तमाम वीडियो फुटेज वं आंदोलन के रूप की पूरी न्यायिक जांच कराने की कोशिश कर रही है, सरकार चाहती है कि आज की घटना की पुनरावृति फिर ना हो इसलिए दूध का दूध और पानी का पानी जांच कर शीघ्र जनता के सामने लाना जरूरी है! विपक्षी दल ऐसे आंदोलन कर बिहार की छवि और बिहार की तरक्की में बाधा पहुंचाना चाहती है,परंतु जनता सब देख रही है समझ रही है और समय आने पर उचित जवाब देने की मंशा बना रही है!!डॉ मो सलाहउद्दीन अहसन, उप महापौर सह मुख्य प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर

## सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग हथियार लहराते दिखे थे, सत्यापन के बाद 4 को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,कुछ दिन पहले एक सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ था जिसमें कुछ अपराधिक तत्वों के व्यक्ति गाली गलौज मारपीट और हथियार लहरा रहे थे वीडियो का सत्यापन करने के बाद पता चला कि यह वीडियो मान्यवर होटल सुर्खिर्कल रोड के पास का है जो 11¬31 पर यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है सीसीटीवी फुटेज सत्यापन के बाद केस दर्ज किया गया और फुटेज के आधार पर अपराधी की पहचान छोटू यादव राजेश यादव विनीत कुमार उर्फ डब्बू अशोक कुमार के रूप में की गई इन सभी में अशोक कुमार को छोड़कर से सभी को क्या अपराधी हैं जिसका अपराधिक इतिहास भी रहा है वह तीनों कई कांडों में आरोपी भी हैं गौरतलब हो कि इस घटना के आवश्यक कार्रवाई के लिए सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी के द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई और इस गठित टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में चिन्हित व्यक्तियों को 13 जुलाई की रात्रि में छापेमारी कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं छोटू कुमार का तलाशी लेने पर उसके पास से लोडेड देशी स्पेशल बरामद किया गया जिसमें 3 कारतूस भी लोडेड थे।

## बच्चों के जन्मजात हृदय रोग के पहचान एवं निदान हेतु रैली



**भागलपुर/**आज जीवन जागृति सोसाइटी के द्वारा हृदय के आकार का बैलून के साथ कचहरी चौक से घंटाघर तक पैदल रैली किया गया जिसमें लोगों को बताया की इसमें जन्मजात हृदय रोग जिसमें बच्चों को के दिल में छेद रह जाता है है या उसका कनेक्शन उल्टा पुल्टा रहता है या कोई वाल्व सिकुड़ा रहता है। ऐसे बीमारियों से बच्चे का विकास रुक जाता है और बहुत सारे बच्चे मौत के शिकार हो जाते हैं।

कुछ बिमारी तो समय के साथ ठीक हो जाते हैं लेकिन कुछ को ऑपरेशन के द्वारा ही ठीक किया जा सकता है जो काफी खर्चीला होता है । ऐसे जन्मजात बाल हृदय रोग के पहचान एवम निदान हेतु मुफ्त मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है इसमें नारायणा सुपर स्पेशलिटी एवं रविंद्र नाथ टैगोर के शिशु हृदय रोग के सर्जन एवं फिजीशियन आएंगे और बच्चों का खुद से जांच करेगी जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार उसे अर्जेंट एवं कम अर्जेंट में विभाजित कर आगे के ईलाज की रूप रेखा बनाई जाएगी। जिन बच्चों का इलाज ऑपरेशन के द्वारा ही संभव होगा उसका इलाज बिहार सरकार के स्वास्थ्य राहत कोष से इनके लिए राशी मुहैया कराई जाती है जिससे उन बच्चो का इलाज उक्त अस्पताल में या कहीं और की जा सकती है।

इसमें जीवन जागृति सोसाइटी एक कड़ी का काम करेगी माध्यम से ऑपरेशन में भी मरीजों का इसमें शुल्क ना के बराबर या बिल्कुल मुफ्त होगा संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा 2019में भी हम लोगों ने कैंप किया था और इसमें 36 बच्चों का मुफ्त ऑपरेशन कराया गया था और सारे बच्चे सकुशल है यह कैंप का स्थल ए बी सी अस्पताल बंसीटीकर बाईपास में दिनांक 23 7 2023 रविवार को सुबह 10:00 बजे से रखा गया है संस्था के द्वारा दो नंबर ,9572205142,7004608126 जारी किया गया है जिससे वह अपने बच्चे का रजिस्ट्रेशन फोन से कर सकते हैं ।

अभिभावकों से उन्होंने अनुरोध किया की अपने साथ अपना आधार कार्ड जरूर लाएं इस कार्यक्रम में राकेश भाई अमित कुमार पांडे ,संगीता साह , प्रदीप झुनझुनवाला राजन सिंह,नीरज कुमार, पिंटू कुमार , सुनील सिंह हरिओम,रजनीश कुमार, अभिषेक कुमार,कुंदन कुमार ठाकुर ,सोनू कुमार, राज कुमार, गौतम कुमार राय, विश्वजीत कुमार, मृगेंद्र, संगम सौरभ ,दीपक कुमार सतपाल सिंह इत्यादि लोग शामिल थे

## महियामा गांव में घंटों जाम कड़ी मशक्कत के बाद जाम हटा



**सन्हौला** मुख्य मार्ग हनवारा ग्राम माहियामा, पंचायत के उप मुखिया ओम शंकर सिंह चौहान के घर के पास, लगातार जाम की हमेशा स्थिति बनी रहती है, बड़े पदाधिकारी से लेकर छोटे कर्मचारी तक इस रोड से आते जाते हैं, जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण, इस पर किसी की ध्यान नहीं, गांव के दुर्गा पाठक आशुतोष शंकर सिंह, भागवत शाह, निरंजन मंडल, बृजेश मिश्रा, केशव झा हीरा ठाकुर आदि ने बताया कि, लगातार 10 वर्षों से, यह स्थिति उत्पन्न हुई है, इस जाम से निजात दिलाने के लिए, अतिक्रमण को हटाया जाए

## भाजपा की तथ्यान्वेषी टीम चुनाव बाद हिंसाग्रस्त कूचबिहार पहुंची



**भागलपुर/**पंचायत चुनाव से पहले और बाद में हुई हिंसा का जायजा लेने के लिए बीजेपी की फैक्ट-फाइंडिंग टीम राज्य में आई थी. भाजपा की पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम शुक्रवार सुबह ट्रेन से न्यू कूच बिहार स्टेशन कूचबिहार पहुंची।इस टीम का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं.इस दिन रविशंकर ने न्यू कूच बिहार रेलवे स्टेशन पर मीडिया के सामने पंचायत चुनाव में हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला.

इसके अलावा उन्होंने गुरुवार को बिहार में बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की. रविशंकर प्रसाद शुक्रवार को न्यू कूच बिहार रेलवे स्टेशन पर उतरे.

वहां उनके स्वागत के लिए बीजेपी के कूचबिहार जिला अध्यक्ष और विधायक सुकुमार रॉय मौजूद थे. जिला भाजपा सूत्रों के मुताबिक रविशंकर आज कूचबिहार में प्रभावित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे. इसके अलावा कहा जा रहा है कि वह कूच बिहार फोलिमारी में मारे गए बीजेपी कार्यकर्ता माधव विश्वास के परिवार से मिलने गए थे।

**जलमग्न** आज हल्की बारिश के बाद पूरा शहर जलमग्न हो गया,

## गुप्ता बारिश से जलमग्न हुआ शहर ,खुली निगम की पोल





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार/**भागलपुर, अगर भागलपुर शहर में हल्की बारिश भी हो गई तो पूरे शहर की सड़कों पर भयानक जलजमाव हो जाता है, ऐसा ही कुछ नजारा आज भी देखने को मिला जहां शहर के अलावे कॉलोनियों से लेकर मुख्य मार्ग तक हुए जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं जलभराव ने नगर निगम के सभी दावों की पोल खोल दी, आज हल्की बारिश के बाद पूरा शहर जलमग्न हो गया, शहरी क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के तहत कई कार्य हो रहे हैं लेकिन जल निकासी का अभी तक कोई निदान नहीं निकल पाया है जिसके चलते थोड़ी सी भी बारिश होती है और पूरा शहर जलमग्न हो जाता है, भागलपुर की कई सड़कों पर 3 फीट से ज्यादा पानी के बहाव देखने को मिले जहां आवाजाही में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा,

भागलपुर में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बारिश होने के बाद घंटों जलजमाव बना रहता है जिससे लोगों को स्कूल कॉलेज दफ्तर बाजार जाने में भी परेशानियां होती हैं लेकिन इस पर ना तो नगर निगम मजबूत कदम उठा रही है और ना ही स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे कार्यों की गतिविधि इस पर नजर डाल रही है, अब सवाल यह उठता है कि क्या भागलपुर शहर हर बारिश में इसी तरह टापू बना रहेगा? क्या सड़कों पर नालों का पानी इसी तरह बहता रहेगा? बहरहाल यहां के लोग बारिश के बाद किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं।

## ख़ास ख़बर

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा आम जन को इसकी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी /गाजीपुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 09.09.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा आम जन को इसकी जानकारी एवं विधिक सेवा/सहायता कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार वाहन को माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा जनपद न्यायालय गाजीपुर के मुख्य द्वार से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। श्री स्वप्न आनन्द, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 09.09.2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद व ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

# सर्विलांस व स्वाट टीम ने खोए हुए 101 मोबाइल फोन को बरामद कर आवेदकों को किया सुपुर्द



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** जनपद चंदौली में विभिन्न थाना क्षेत्र में गुम हुए स्मार्ट मोबाइल फोन के संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा गुम हुए मोबाइलो की बरामदगी करने हेतु सर्विलांस टीम चंदौली को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर व क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी सर्विलांस/स्वाट की टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुल 101 स्मार्ट मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।बरामद हुए स्मार्ट मोबाइल फोन को आवेदकों को पुलिस अधीक्षक चंदौली द्वारा पोल्स लाइन चंदौली में नवीन सभागार कक्ष में वितरित किया गया।जिसे पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और जनपद चंदौली पुलिस को दिल से धन्यवाद दिया।

# शराब व बीयर बरामद दो गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने तथा इनमें सम्मिलित तस्करों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सैयदराजा थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर उत्तर प्रदेश से बिहार राज्य में अवैध शराब ले जा रहे हैं जिसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जाने लगा पुलिस को चेकिंग अभियान के दौरान चंदौली की तरफ से आ रही एक कार को चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवार पुलिस टीम को चेकिंग करता देख भागने का प्रयास करने लगा जिसको थोड़ी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा रोक लिया गया और जब कार को खोलवा कर चेक किया गया तो कार में विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब व बीयर बरामद हुई वहीं पुलिस ने मौके से दो शराब तस्कर सुजीत कुमार व राहुल कुमार को भी गिरफ्तार किया बरामद शराब बियर की कुल कीमत मिलाकर ?2 लाख बताई जाती है।पकड़े गए तस्करों पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# गंगा नदी के जल स्तर में अब बढ़ाव फिर से शुरू

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी।** गाजीपुर। गंगा नदी के जल स्तर में अब बढ़ाव फिर से शुरू हो गया है। को भी एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नदी में जल स्तर बढ़त दर्ज किया गया। इससे गंगा नदी के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। हालांकि अधिकारी भी अपने स्तर से नजर रखे हुए हैं। गंगा नदी के बढ़ रहे जल स्तर पर प्रशासन स्तर से लगातार नजर रखी जा रही है। हर दिन सुबह आठ से दस बजे के बीच गंगा के बढ़ रहे जल स्तर को रिकार्ड किया जा रहा है। साथ ही इससे शासन को अवगत कराया जा रहा है।

# बेटियों की सुरक्षा,सम्मान और अधिकार दिलाना सभी का दायित्व -न्यायाधीश



सकलडीहा, सकलडीहा पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण व संरक्षण व स्वास्थ्य से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बेटियों के सम्मान और सुरक्षा और अधिकारी पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश शुक्ल अपर जनपद न्यायाधीश चंदौली ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा व सम्मान के साथ शिक्षित और जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। वही सिविल जज जूनियर डिविजन डॉक्टर इंदु रानी और मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वाईके राय ने कहा कि नारियां देश के विकास में बराबर की सहयोगी है। इनका उत्थान समाज का उत्थान है। उन्होंने बलात्कार, छेड़खानी, लैंगिक उत्पीड़न, दहेज, घरेलू हिंसा, आदि से बचाव के सरल नियम एवं कानून बताएं तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की उपयोगिता एवं उसके क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व मंडली तकनीकी सलाहकार यूनिसेफ बाल संरक्षण रिजवाना परवीन और कार्यक्रम अध्यक्ष व प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने महिला अधिकार और कानून के बारे में विस्तार से बताया। अंत में बेटियों को स्वास्थ् संबधी जानकारी दिया गया। इस मौके पर बीडीओ अरूण पांडेय, नायब तहसीलदार मोहम्मद आरिफ अंसारी,एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, सीडीपीओ अवधेश सिंह,डीपीएच डॉ कल्पना, डॉक्टर श्वेता गौतम,प्रोफेसर उदय शंकर झा, डॉ अभय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक सत्र 2023-24 की प्रथम अभिभावक अध्यापक बैठक संपन्न




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी / गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023-24 की प्रथम अभिभावक अध्यापक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों एवं छात्राओं के माता-पिता ने अपने पाल्यो की शिक्षा एवं महाविद्यालय से उनके संबंधों के बारे में खुलकर चर्चा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सविता भारद्वाज ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण करके किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अकबरे आजम ने कहा कि महाविद्यालयों में प्रायः ऐसे आयोजन नहीं होते लेकिन हम इसके माध्यम से महाविद्यालय को और खुला, सकारात्मक एवं व्यापक फलक प्रदान करना चाहते हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ संतन कुमार राम ने महाविद्यालय की संक्षिप्त प्रगति एवं रूपरेखा प्रस्तुत किया और उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध किया कि आप अपनी बच्चियों को यहां पढ़ने और रहने के लिए प्रेरित करें। मुख्य कुलानुशासक डॉ अमित यादव ने अभिभावकों से अपील किया की छात्राएं निर्धारित गणवेश में ही महाविद्यालय में आएं और अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं। एमएच इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद आमिर खालिद ने कहा कि मेरी कोई बच्ची यहां नहीं पढ़ी है लेकिन मेरे कॉलेज से 500 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं और मैं उन सभी का अभिभावक हूं। इसी क्रम में अभिभावकों ने यहां पर नए विषयों में परास्नातक कक्षाएं चलाने, कॉमर्स संकाय, ड्र.द्रस्र की शिक्षा प्रदान करने, नेट जेआरएफ की तैयारी कराने, वाणिज्य एवं व्यवसायिक कोर्स संचालित करने, आवागमन हेतु बस संचालित करने के संबंध में अपने सुझाव दिए।

# चलो चंदौली ग्राम चौपाल प्रशासन आपके द्वार जन चौपाल के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया





**सकलडीहा चंदौली।** क्षेत्र के सहरोई व तारापुर गांव सभा में चलो जन चौपाल का आयोजन किया गया इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही समस्याओं से अधिकारीगण रूबरू हुए जन चौपाल के दौरान एडीओ पंचायत बजरंगी दुबे ने सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गांव की तमाम समस्याओं से ग्रामीणों से रूबरू भी हुए का की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा इसके बावजूद आवास शौचालय जल जीवन मिशन वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन सहित तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक सीधे पहुंचाने का काम किया जा रहा है जन चौपाल के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्य मुनि तिवारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कसम पूरा किया वही बच्चों को अन्य प्रासन्न भी कराया इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत दिनों वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रधानमंत्री आवास की चाबी पानी वाली सहरोई गांव निवासी अर्चना देवी को सम्मानित करने का काम किया इसमें पूर्व खाद रसद विभाग पंचायत विभाग स्वच्छ भारत मिशन बेसिक शिक्षा विभाग पशुधन विभाग स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग अन्य कई विभाग कोई स्टालों का अवलोकन किया इस मौके पर वीडियो समाज कल्याण आशीष गुप्ता सचिव जितेंद्र यादव अरविंद गौतम मंडल अध्यक्ष अतुल मिश्रा रामनिवास मिश्रा ग्राम प्रधान सिंटू प्रसाद विनीता देवी जगदीश चौहान सूर्य प्रकाश अनिल चौहान मंजू यादव मोहम्मद कादिर अनिल यादव दीपक यादव खंडू गुप्ता प्रदीप मिश्रा सुबीन अर्चना देवी आनंद मिश्रा राहुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे

# चार दिन बाद गंगा का जलस्तर फिर बढ़ा ,किसान चिंतित



**चहनियां/चंदौली।** गंगा का जलस्तर में थोड़ी थोड़ी बढ़ोतरी जारी है । दो दिनों में जलस्तर दो फीट और बढ़ा है । सीढ़ियों को लांघते हुए गंगा पानी घाट पर स्थित गंगा मन्दिर के मन्दिर में घुस गया है । जलस्तर बढ़ने के साथ ही गंगा के तटवर्ती किसानों व ग्रामीणों को गंगा कटान की चिन्ता सताने लगी है । गंगा के जलस्तर में थोड़ी थोड़ी बढ़ोतरी हो रही है । रविवार से पांच दिन पूर्व करीब 5 फुट जलस्तर बढ़ा था । बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा घाट पर बने सीढ़ियों को लांघते हुए गंगा का पानी मन्दिर के पास पहुच गया था । रविवार से बुधवार तक तीन दिन गंगा का जलस्तर थमने का बाद पुनः गंगा का पानी दो दिन में जलस्तर फिर दो फीट बढ़ गया है । गंगा तट के किनारे बसे गांव कांवर, महुअरिया, बिसुपुर, महुआरी खास, सराय, बलुआ, डेरवा,महुअर कला,हरधन जुड़ा, बिजयी के पूरा,गणेश पूरा, टाण्डाकला, बड़गांवा, तीरगांवा, हसनपुर, नादी निधौरा आदि गांवो के किसानों व ग्रामीणों को गंगा कटान की चिन्ता सताने लगी है । पूर्व वर्षो में गंगा कटान से किसानों की उपजाऊ जमीन गंगा के फेटे में समाहित हो चुके है ।

# जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर नवमनोनीत सांस्कृतिक प्रकोष्ठ



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी /ग़ाज़ीपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर नवमनोनीत सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रजनी कान्त यादव , राष्ट्रीय सचिव रवि लाल यादव, प्रदेश सचिव शिवकुमार यादव और ज्योति सरगम का स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव सहित पार्टी के सभी नेताओ, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इन सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराकर और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि रजनीकांत ,रविलाल,शिवकुमार यादव और ज्योति सरगम के मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि रजनीकांत जी और सभी नवमनोनीत पदाधिकारी पार्टी के मजबूत,कर्मठ एक समर्पित सिपाही है। वह पार्टी के कार्यक्रमों में अपने लोकगीत के माध्यम से पार्टी की रीतियों -नीतियों ,अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नेता के संदेश को जनता के सामने बखूबी रखते हुए पार्टी के आंदोलनों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। हमें उम्मीद है कि रजनीकांत जी और उनकी पलटन पार्टी के भरोसे और विश्वास को कायम रखते हुए और मजबूती से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, उसके झूठ,फरेब और जनता से की गयी वादा खिलाफी को जनता के सामने रखने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है

# हमारी संस्था का मूल मकसद असहाय व गरीबों की सेवा करना है- सतीश जिंदल



**पीडीडीयू नगर।** श्री सेवा सामाजिक संस्था द्वारा पिछले 2 महीना पहले दुर्घटना में घायल असहाय गरीब चकिया की बरौझी गांव निवासी कीर्तन पासवान 22 वर्षीय युवक की रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन के लिए संस्था ने लगभग एक लाख रुपया खर्च कर उसे स्वस्थ करने का भरसक प्रयास किया इस दौरान वाराणसी ट्रामा सेंटर में उसका 15 दिनों तक इलाज और ऑपरेशन सफलतापूर्वक चला और वह चकिया स्थित अपने गांव बरौझी में स्वास्थ्य लाभ ले रहा था अचानक उसको बेडसोर हो जाने के कारण पीठ में घाव हो गया परिणाम स्वरूप उसका भी ऑपरेशन कराने के लिए उसे जगह-जगह ठोकर खाना ना पड़े संस्था ने फिर हाथ बढ़ाकर उसे संयुक्त चिकित्सालय चकिया में भर्ती कराया सभी जांच के उपरांत हिमोग्लोबिन 4 पॉइंट 8 पाया गया उसके लिए ब्लड की जरूरत महसूस हुई लोगों को तैयार किया गया संस्था ने ए सीएमओ डॉ आर बी शरण से संपर्क साधा पंडित कमलापति त्रिपाठी अस्पताल में दोबारा उनकी जांच हुई जहां हिमोग्लोबिन पर्याप्त रहा 12 से ऊपर रही जिसकी वजह से फिर ऑपरेशन के लिए संयुक्त चिकित्सालय चकिया भेजा गया जहां डॉक्टर आरबी सिंह की देख-रेख में उसका बुधवार को सकुशल ऑपरेशन हुआ संस्था ने उसका और परिजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए चकिया जाकर परिवार वाले से मिलकर उसे आर्थिक सहयोग 1 महीने का राशन व 4 साड़ियां दान स्वरूप प्रदान की।संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सतीश कुमार जिंदल के निर्देशन में पीडीडीयू नगर से संस्था के मंत्री आलोक सिंह सम्मानित सदस्य राजकुमार जायसवाल,प्रवक्ता आशाराम यादव ने पहुंचकर मरीज और उसके परिजनों का उत्साहवर्धन किया।मदद का भरोसा दिया और सांत्वना दी कभी भी कोई परेशानी हो तो हमारी संस्था आपकी सेवा में तैयार हैं।इस मौके पर श्री सेवा सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सतीश जिंदल ने कहा कि हमारी संस्था का मूल मकसद असहाय व गरीबों की सेवा करना है उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई दूसरा नहीं।कहा कि लोगों की दुआओं से ही यह मानव जीवन सफल हो जाता है ऐसा मेरा मानना उन्होंने कहा कि ईश्वर की सबसे बड़ी कृपा है कि हमारी संस्था से ऐसे लोग जुड़े हुए हैं जो आर्थिक सहयोग कर सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं लोगों के सहयोग से ऐसा ही पुनीत कार्य संभव हो पाता है। उन्होंने अपने संस्था के 75 सदस्यों को अंगूठी का नगीना बताया और कहा कि केवल मेरे प्रयास से कुछ नहीं होने वाला है मेरा लक्ष्य केवल यही है इन लोगों को जोड़कर गरीबों की सेवा करके पुनीत कार्य किया जाए।

**बैठक** आने वाले दिनों में सुभासपा के नेता ओमप्रकाश राजभर देश के मुख्यमंत्री होंगे।

# सुभासपा की बढ़ती लोकप्रियता से सभी दलों में बेचैनी समीक्षा



**सकलडीहा,** सुभासपा की देश में तेजी से बढ़ती लोकप्रियता से सभी दलों में बेचैनी है। आने वाले दिनों में सुभासपा के नेता ओमप्रकाश राजभर देश के मुख्यमंत्री होंगे। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि जखनिया विधायक बेदी राम शुक्रवार को सकलडीहा में कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर कई लोगों ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया और सम्मानित किया गया। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि जखनिया विधायक बेदी राम ने कहा कि सुभासपा का तेजी से देश में ग्राफ बढ़ रहा है। आने वाले समय में सुभासपा देश की एक नंबर की पार्टी होगा। सुभासपा की बढ़ती लोकप्रियता से कुछ लोगों का पेट का पानी पच नही रहा है। सुभासपा अपने बल पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी को मजबूत करने में जुटी है। इसके पूर्व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामललित चौधरी साहब ,राष्ट्रीय संगठन मंत्री सालीक यादव, प्रदेश अध्यक्ष उमरावती सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष छोटेलाल बनारसी, रमेश राजभर प्रदेश सचिव, राधिक बिन्द प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा ने कार्यकर्ताओं को अपना बूथ सबसे मजबूत बनाने के लिये जुट जाने का आवाहन किया। अंत में कई युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाया गया। इसमौके पर जिलाध्यक्ष बबलू राजभर, सालीक यादव, मंडल सलाहकार वकील राजभर,जिला प्रभारी दीपक राजभर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामचंद्र राजभर, दिव्यांग जिलाध्यक्ष रिंकू राजभर, अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीनाथ चौधरी, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ रामाश्रय गोंड आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के नही आने पर कार्यकर्ता रहे मायूस

समीक्षा बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नही आने पर कार्यकर्ता मायूस रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर भारी संख्या में पीएससी और पुलिस बल तैनात किया गया था।

# सलमान-शाहरुख के लिए इस बार बेहद खास होगी दिवाली

बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्मों का क्रेज इन दिनों दर्शकों के बीच खूब देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां, शाहरुख की आने वाली फिल्म जवान ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा किया है, वहीं दूसरी ओर सलमान की आगामी फिल्म टाइगर 3 का क्रेज भी अभी से दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे में फैंस के लिए यह एक ट्रीट से कम नहीं होता, जब उन्हें दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखने का मौका मिल जाता है। पठान में दोनों साथ नजर आए थे। वहीं, अब लगता है कि दोनों एक बार फिर फैंस के बीच साथ में धमाल मचाने को तैयार हैं। दिवाली 2023 बॉलीवुड प्रेमियों के लिए खास होने वाली है, क्योंकि नवंबर में सलमान खान टाइगर 3 लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान का विशेष कैमियो होगा, जो इसे फिल्म प्रेमियों के लिए और अधिक दिलचस्प बना देगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों सुपरस्टार संभवत यशराज फिल्म्स के जरिए आयोजित मेगा दिवाली समारोह में भाग लेंगे। कहा जा रहा है कि यह निश्चित है कि शाहरुख खान सलमान खान अभिनीत टाइगर 3 में हैं । दोनों सुपरस्टार पठान में एक साथ आए और यह सिनेमाघरों में एक जश्न था, जो अब दिवाली पर भी होगा।



इस बार ये दोनों दिवाली पर सिनेमाघरों में आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि भारत के सबसे बड़े त्योहार को देश के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स के साथ मनाने का प्लान बनाया जा रहा है। सही समय आने पर विवरण का खुलासा किया जाएगा, क्योंकि ढ्ढत्रस्न हमेशा की तरह इस बारे में चुप्पी साधे रखेगा।



टाइगर 3 से पहले सलमान और शाहरुख सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर पठान में साथ नजर आए थे। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। पठान के जरिए चार साल के अंतराल के बाद शाहरुख ने सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की। वहीं, टाइगर फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग टाइगर 3 है। इस फिल्म को मनीष शर्मा के जरिए निर्देशित किया जा रहा है। यह फिल्म इस दिवाली हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म में इमरान हाशमी और कटरीना कैफ भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

BOLLYWOOD NEWS FLASH

# अक्षय कुमार को झटका

## सेंसर बोर्ड ने ओह माय गॉड 2 को नहीं दी हरी झंडी

आदिपुरुष जैसी प्रतिक्रिया से बचने के लिए, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ओह माय गॉड 2 (ओएमजी 2) के संवादों और दृश्यों पर विचार कर रहा है। आगामी फिल्म अक्षय कुमार और परेश रावल की 2012 की फिल्म ओएमजी- ओह माय गॉड का सीक्वल है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड की पुनरीक्षण समिति यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ओएमजी 2 के संवाद और दृश्य कोई समस्या पैदा न करें। ओह माई गॉड 2 के किन दृश्यों या संवादों ने सीबीएफसी को चिंता में डाल दिया है, इस बारे में अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। एक बार जब फिल्म पुनरीक्षण समिति के पास जाएगी, तो सीबीएफसी कथित तौर पर फिल्म पर निर्णय लेगा, जो 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बताया जा रहा है कि सीबीएफसी उस आलोचना को दोहराना नहीं चाहता है जो आदिपुरुष को अपने संवादों को लेकर झेलनी पड़ी थी और बोर्ड की पुनरीक्षण समिति फिल्म के संवादों और दृश्यों पर गौर करने के बाद अक्षय कुमार-अभिनीत ओह माय गॉड 2 पर निर्णय लेगी। सीबीएफसी ने अब ओह माई गॉड 2 के संवादों और दृश्यों पर किसी भी प्रतिक्रिया से बचने के लिए पूर्वव्यापी उपाय किए हैं। इससे पहले अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह माय गॉड 2 ने सिनेमा प्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। ओएमजी 2 का टीज़र आखिरकार रिलीज़ कर दिया गया था। टीज़र शानदार लग रहा है और यह आपको मंत्रमुग्ध भी कर देगा। जहां ओएमजी का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था, वहीं फिल्म के दूसरे भाग का निर्देशन अमित राय ने किया है। टीज़र में पंकज त्रिपाठी, अक्षय कुमार और यामी गौतम द्वारा निभाए गए किरदारों की झलक मिलती है। भगवान के रूप में कुमार की दमदार एक्टिंग दिख रही है।




# 75वें एमी अवॉर्ड्स नॉमिनेशन की घोषणा

मशहूर इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स को लेकर हर कोई बेताब है ... तो इंतजार की घड़ियां हुई खत्म... फाइनली 75 वें एमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन की घोषणा हो चुकी है। एमी अवॉर्ड्स के मुख्य नॉमिनेशन कैटेगरी की पूरी लिस्ट की घोषणा 12 जुलाई को कर दी गई। बीते दिनों पहले 75वें एमी अवॉर्ड्स के प्रसारण को लेकर खबरें सामने आईं थी जिसमें हमने आपको यह बताया था की यह भारत में कब और कहा प्रसारित होगा। इस लोकप्रिय अवॉर्ड की लोकप्रियता जितनी विदेश में देखने को मिलती है, ठीक उतना ही क्रेज भारत में देखा जाता है। यह 18 सितंबर को शुरू होनेवाला है। इस बार का अवार्ड्स काफी खास भी है। इसके पीछे कारण यह है कि यह अपने 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इसके लिए खास तैयारियां की गई है। पूरे विश्व के फैंस अपने पसंदीदा शो को मंच दिलाने के लिए उत्साहित हैं। लायंस गेट इस शो का आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर होगा। एमी अवार्ड्स एलए के पीकॉक थिएटर से सोमवार 18 सितंबर से शुरू होगा। जबकि भारत में इसे 19 सितंबर सुबह 5-30 बजे से देखा जा सकेगा। इस प्रकार सभी नॉमिनेटेड कलाकार व शो से जुड़े लोग काफी खुश है। उन्हें अपेक्षा है कि वे इस बार अवार्ड जरुर जीतेंगे। वहीं, कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर नॉमिनेशन मिलने की खुशी भी जताई है।



# सामंथा ने पूरी की 'सिटाडेल' की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने व्यावसायिक जीवन में काफी व्यस्त चल रही हैं। शाकुंतलम की शूटिंग के बाद अभिनेत्री ने वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग शुरू कर दी थी। वहीं उनके पास विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म कुशी भी है। कुछ दिनों से खबर आ रही थी कि अभिनेत्री अभिनय से ब्रेक लेंगी। वहीं, अब सामंथा ने इस खबर पर मुहर लगा दी है। दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल की शूटिंग पूरी कर ली है। इस बात की जानकारी देते हुए उन्होंने निर्देशक राज और डीके के साथ शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर साझा की और एक हार्दिक नोट लिखा। इसी दौरान अभिनेत्री ने कुछ महीनों के लिए काम से ब्रेक लेने की भी पुष्टि की और लिखा, ब्रेक कोई बुरी चीज नहीं लगती। सामंथा ने राज और डीके को कभी भी उनसे हार न मानने और उन्हें जीवन भर की भूमिका देने के लिए धन्यवाद दिया। द फैमिली मैन 2 के बाद निर्देशकों की जोड़ी के साथ यह दूसरा सहयोग है, जहां उन्होंने राजी की भूमिका निभाई और अच्छी प्रशंसा अर्जित की। उन्होंने सेट पर शूटिंग के आखिरी दिन से अपने निर्देशक जोड़ी के साथ एक प्यारी तस्वीर साझा की और उन्हें परिवार कहा।



सामंथा ने तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह सिटाडेल का समापन है। एक ब्रेक बिल्कुल भी बुरी चीज नहीं लगती, जब आप जानते हैं कि क्या होने वाला है। राज और डीके, जिस परिवार के बारे में मुझे नहीं पता था कि मुझे उसकी जरूरत है। हर एक से लड़ने में मेरी मदद करने के लिए धन्यवाद। संघर्ष करो और कभी भी मुझ पर हार मत मानो। मैं दुनिया की किसी भी चीज से अधिक चाहती हूं कि तुम गौरवान्वित हो।



# तमन्ना भाटिया

## ने निखिल आडवाणी संग मिलाया हाथ

### 'वेदा' में निभाएंगी दमदार किरदार



जॉन अब्राहम और शारवरी वाघ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म वेदा को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म के सितारों ने राजस्थान में शूटिंग शुरू की। यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन-ड्रामा मूवी है। वहीं, अब इस फिल्म से हसीना तमन्ना भाटिया का भी नाम जुड़ गया है। तमन्ना का निखिल आडवाणी की फिल्म में कैसा किरदार होने वाला है। खबरों की मानें तो, इसे वर्ष 2024 में नाटकीय खिड़की पर नजर रखते हुए गढ़ा जा रहा है। फिल्म में आडवाणी की विशिष्ट कहानी कहने की कला में पहले कभी नहीं देखे गए दृश्यों को दिखाया जाएगा। वहीं, इस मूवी से अब तमन्ना भाटिया भी जुड़ गई हैं। फिल्म में तमन्ना लीड रोल में नजर आने वाली हैं। आडवाणी की वेदा में तमन्ना का एक महत्वपूर्ण किरदार है, जो फिल्म के एक महत्वपूर्ण पहलू को रेखांकित करता है। निखिल आडवाणी संग काम करने को लेकर तमन्ना भाटिया काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस सहयोग पर एक्ट्रेस का कहना है, निखिल जिस तरह से अपनी कहानियों को सुनात हैं, मैं उनकी हमेशा से प्रशंसक रही हूं। उनमें एक हुनर है, और उनकी ये काबिलियत बेहद प्यारी है। जॉन और मुझे भी पहली बार एक साथ काम करने का मौका मिला है। यह देखना निश्चित रूप से रोमांचक होगा कि मेरा किरदार कितना दमदार होगा। तमन्ना की भूमिका को गुप्त रखते हुए निखिल आडवाणी ने कहा, तमन्ना ने हमेशा सनसनीखेज प्रदर्शन किया है। जब मैंने इस विशेष भूमिका को निभाने के लिए उनसे संपर्क किया, तो मुझे खुशी हुई कि उन्होंने तुरंत इस फिल्म के लिए मेरे दृष्टिकोण पर भरोसा किया। मैं और मेरी टीम उन्हें अपने साथ पाकर बहुत रोमांचित हैं। फिल्म वेदा की बात करें तो, इस फिल्म का डायरेक्शन निखिल आडवाणी कर रहे हैं। वहीं, इसकी स्क्रिप्ट असीम अरोड़ा ने लिखी है। वेदा का निर्माण जी स्टूडियो, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट के जरिए किया जा रहा है।

# भारत की पहली क्लि-फाई थ्रिलर सीरीज लेकर आ रहे हैं नीला माधब पांडा

कई राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुके और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित निर्माता-निर्देशक नीला माधब पांडा भारत की पहली क्लि-फाई थ्रिलर सीरीज द जेंगाबुरु कर्स लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसे सीरीज 9 अगस्त को सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। उधर, शुभम सिंह द्वारा निर्देशित और प्रकाश झा अभिनीत हाईवे नाइट्स को अब अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जा रहा है।




द जेंगाबुरु कर्स में ओडिशा के एक छोटे से शहर की प्रिया दास की कहानी को दिखाया जाएगा। प्रिया लंदन में रहती है। लेकिन जब उसके पिता प्रोफेसर दास संदिग्ध रूप से लापता हो जाते हैं, तो प्रिया को ओडिशा वापस आने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जैसे ही वह अपने पिता की तलाश शुरू करती है, तो अजीब घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू हो जाती है। जो स्वदेशी बॉन्डिया जनजाति और खनन राज्य ओडिशा के बीच एक अप्रत्याशित संबंध को उजागर करती है। द जेंगाबुरु कर्स का ट्रेलर सामने आ चुका है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। स्टूडियो नेक्स्ट द्वारा निर्मित द जेंगाबुरु कर्स का निर्माण और निर्देशन नीला माधब पांडा द्वारा किया गया है। इसके जरिए नीला माधब ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। इस सीरीज में आलोकानंद दासगुप्ता ने संगीत दिया है और दुर्गा प्रसाद महापात्र प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। फारिया अब्दुल्ला, नासिर, मकरंद देशपांडे, सुदेव नायर, दीपक संपत और हितेश दवे मुख्य भूमिकाओं में हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्ममेकर का जब भी जिक्र किया जाएगा तो उस लिस्ट में डायरेक्टर प्रकाश झा का भी नाम शामिल होगा। डायरेक्शन के अलावा एक्टिंग की दुनिया में भी प्रकाश अपनी छाप छोड़ चुके हैं। 20 मिनट की लघु फिल्म हाईवे नाइट्स को लॉस एंजिल्स में नाटकीय रूप से रिलीज किया गया था। ब्राजील यूनेस्को ने फिल्म की स्क्रीनिंग की।

हाईवे नाइट्स ने दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सहित 15 पुरस्कार जीते हैं। बता दें कि, अब आप इस शॉर्ट फिल्म को टीवी, टाटा स्काई, एयरटेल स्ट्रीम, एप्पल टीवी, गूगल प्ले के माध्यम से अमेजन प्राइम वीडियो।

BOLLYWOOD NEWS FLASH



# अनुपम खेर

## की 539वीं फिल्म का एलान

वेटरन एक्टर अनुपम खेर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में लगातार और शानदार तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। एक्टर ने हाल ही में रवींद्रनाथ टैगोर पर एक फिल्म की घोषणा की। वहीं, अब उन्होंने अपनी अगली 539वीं फिल्म का भी एलान कर दिया है। अनुपम ने इस मूवी के बारे में कोई ए जानकारी नहीं थी, और अब पोस्टर जारी कर हर किसी को चौंका दिया है। यह एक बहुभाषी फैंटेसी फिल्म होने जा रही है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर उत्साहित करने वाला है। अनुपम खेर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी 539वीं फिल्म से खुद का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। एक्टर ने इस मूवी के बारे में कुछ संकेत भी दिए, लेकिन अपने अनुयायियों को फिल्म की थीम का अंदाजा लगाने के लिए छोड़ दिया। फर्स्ट लुक में अनुपम खेर बहुरंगी पोशाक पहने और सांप की मूर्तियों से बने भव्य सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। गहनों से सजे हुए वह एक अनोखा हथियार पकड़े नजर आ रहे हैं।

अनुपम खेर ने फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, घोषणा- मेरी 539वीं फिल्म। पौराणिक कथाओं या हमारे किसी भी महान महाकाव्य पर आधारित नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से भारत की सबसे बड़ी बहुभाषी फैंटेसी फिल्म है, और आप इस विषय को अच्छी तरह से जानते हैं। निर्माता विवरण की घोषणा करेंगे। 24 अगस्त। इस बीच आप अपने अनुमान मेरे साथ साझा कर सकते हैं। जय हो। अनुपम खेर का यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया, और फैंस इस पर रिएक्शन देने लगे। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, मैं अनुमान लगा रहा हूं। यह चंद्रकांता हैं, और आप शिवदत्त का किरदार निभा रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खेर ने कहा, यह अच्छा अनुमान है, लेकिन सच नहीं है। दूसरे ने लिखा, नागिन 7, कलर्स टीवी पर। कई लोगों ने इसे मिस्टर इंडिया के मोगैम्बो का सीक्वल भी बताया, जिस रोल को अमरीश पुरी ने निभाया था।

# कार्तिक आर्यन

## ने फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू की

अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्मकार कबीर खान की फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू कर दी है। साजिद नाडियाडवाला की निर्माण कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। खान इस फिल्म के सह-निर्माता हैं। आर्यन (32) ने सोशल मीडिया मंच पर निर्देशक खान के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शुभारंभ, कैप्टन कबीर खान के साथ मेरे करियर के अभी तक के सबसे चुनौतीपूर्ण व रोमांचक सफर की शुरुआत... इचंदूचैंपियन। कबीर खान ने 83 और बजरंगी भाईजान जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन किया है। फिल्म निर्माताओं के अनुसार, फिल्म चंदू चैंपियन एक खिलाड़ी के जीवन और उसके कभी हार न मानने के जज्बे पर आधारित एक सत्य कहानी है। कार्तिक आर्यन हाल ही में फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे। पिछले महीने रिलीज हुई इस फिल्म ने विश्वभर में 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है।

